राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शनिवार, 10 जनवरी 2026

वर्ष 07, अंक 101, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित




स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

मायावती पर अभद्र टिप्पणी का मामला; बदायूं की कोर्ट ने कांग्रेस नेता उदित राज-सांसद राहुल गांधी...03

हमीरपुर में अवैध खनन पर प्रशासन का चला चाबुक....12

## I-PAC केस में ईडी जा सकती है सुप्रीम कोर्ट, कानूनी विकल्पों पर जारी है मंथन

**● आई-पीएसी केस में प्रवर्तन निदेशालय सुप्रीम कोर्ट जाने पर विचार कर रहा है. एजेंसी की लीगल टीम सभी कानूनी विकल्पों पर मंथन कर रही है. शुक्रवार को कलकत्ता हाई कोर्ट में हंगामे के कारण सुनवाई टल गई थी, जो अब 14 जनवरी को होगी**




आई-पीएसी केस में ईडी सुप्रीम कोर्ट जाने पर विचार कर रही है. सूत्रों का कहना है कि ईडी की लीगल टीम सभी कानूनी विकल्पों पर विचार कर रही है और अंतिम फैसला जल्द लिया जा सकता है. कलकत्ता हाई कोर्ट में आज भारी हंगामे के चलते इस मामले पर सुनवाई नहीं हो सकी थी. हाई कोर्ट अब इस केस में 14 जनवरी को सुनवाई करेगा।

बता दें कि बीते दिन आई-पैक के दफ्तर और इसके संस्थापक प्रतीक जैन के आवास पर ईडी ने रेड मारी थी. इसकी जानकारी मिलते ही सीएम ममता बनर्जी वहां पहुंचीं और जरूरी कागजात अपने कब्जे में लिए. इसके बाद शुक्रवार को छापेमारी के खिलाफ टीएमसी कोलकाता में पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी के नेतृत्व में मार्च निकाला. ममता ने टीएमसी के वरिष्ठ नेताओं, मंत्रियों, सांसदों, विधायकों और समर्थकों के साथ 8-बी बस स्टैंड क्षेत्र से मार्च शुरू किया, जो हाजरा मोड़ की ओर बढ़ा

**बीजेपी पर एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप**

इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने बीजेपी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की. बीजेपी पर 2026 के बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक प्रतिशोध के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया. सीएम ममता ने आरोप लगाया है कि ईडी विधानसभा चुनाव से पहले टीएमसी के दस्तावेजों, हार्ड डिस्क और गोपनीय संगठनात्मक डेटा को हथियाने की कोशिश कर रही है. इनका किसी भी वित्तीय जांच से कोई लेना-देना नहीं है।

**ईडी के अधिकारियों को गिरफ्तार करने की धमकी**

ईडी का कहना है कि जब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी रेड के दौरान मौके पर पहुंचीं तो वहां बड़ा ड्रामा देखने को मिला. सूत्रों ने बताया कि ममता बनर्जी ने मौके पर मौजूद प्रतीक जैन का फोन अपने हाथ में ले लिया और उसे अपने पास रख लिया. डीजीपी ने ईडी के तीन अधिकारियों से कहा कि कुछ भी रिकॉर्ड मत करें और ये दिखाएं कि कुछ भी बरामद यानी कोई रिकवरी नहीं हुई है. अगर ऐसा नहीं हुआ तो ईडी के अधिकारियों को गिरफ्तार कर लेंगे।

**रिपोर्ट में असली बात लिखने से रोका गया**

ईडी के अधिकारियों का कहना है कि उस समय तीन ईडी अधिकारी थे जबकि दूसरी तरफ दर्जनों पुलिस अधिकारी और सीएम को दी गई सिक्योरिटी की टीम मौजूद थी. सूत्रों के मुताबिक अधिकारियों को डराने-धमकाने की कोशिश की गई और रिपोर्ट में असली बात लिखने से रोका गया. इंडिपेंडेंट विटनेसेस भी वहां मौजूद थे. कोलकाता पुलिस और सीएम के स्टाफ ने उन्हें भी परेशान और डराने की कोशिश की।

## 100 एकड़ से अधिक फसल जलमग्न, दो मौसम की मेहनत पानी में डूबी

**● नहर फाटक न खोलने से टूटी नहर, प्रशासनिक लापरवाही से उजड़ा किसान**



**तुलसीपुर/बलरामपुर।** ग्राम पंचायत लोहे पनिया के किसानों पर इस वर्ष मानो विपत्तियों का पहाड़ टूट पड़ा है। प्रकृति की मार से उबर भी नहीं पाए थे कि अब नहर विभाग की घोर लापरवाही ने किसानों की कमर तोड़ दी। बरसात के दौरान आई बाढ़ से खरीफ की फसल पहले ही नष्ट हो चुकी थी, और अब रबी की तैयार फसलें नहर टूटने से पूरी तरह जलमग्न हो गईं। लगातार दो मौसम की फसल बर्बाद होने से किसान गहरे आर्थिक संकट में फंस गए हैं।

**फाटक नहीं खोला गया, बढ़ता गया दबाव, टूटी नहर**

स्थानीय किसानों के अनुसार नहर में लगे फाटक को समय रहते नहीं खोला गया, जिससे पानी का दबाव लगातार बढ़ता गया। दबाव असहनीय होते ही नहर टूट गई और तेज बहाव का पानी खेतों में घुस गया। देखते ही देखते 100 एकड़ से अधिक कृषि भूमि जलमग्न हो गई। गेहूं, लाही, मसूर, चना और मटर की खड़ी फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गईं।

**किसानों की मेहनत और पूंजी दोनों डूबी**

किसानों ने बताया कि रबी की फसल के लिए उन्होंने कर्ज लेकर बीज, खाद, सिंचाई और मजदूरी पर भारी खर्च किया था। अब फसल नष्ट होने से न सिर्फ उनकी मेहनत बेकार चली गई, बल्कि कर्ज चुकाने की चिंता भी सताने लगी है। कई किसान ऐसे हैं जिनके सामने परिवार के भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है।

**सूचना के बाद भी नहीं पहुंचा नहर विभाग**

ग्रामीण गोपाल तिवारी, ओमप्रकाश, जयप्रकाश, सोहनलाल, हरीराम यादव, तिलकराम सहित दर्जनों किसानों ने आरोप लगाया कि नहर की स्थिति बिगड़ने की जानकारी समय रहते नहर विभाग को दी गई, लेकिन कोई भी जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। यदि समय रहते फाटक खोल दिया जाता तो नहर टूटने और फसल बर्बादी से बचा जा सकता था।

**प्रशासन पर उठे गंभीर सवाल**

इस पूरे घटनाक्रम ने नहर विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। किसानों का कहना है कि यह प्राकृतिक आपदा नहीं बल्कि स्पष्ट प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम है। सवाल यह भी उठ रहा है कि आखिर किसानों की सूचना को नजरअंदाज क्यों किया गया और मौके पर कोई निगरानी व्यवस्था क्यों नहीं थी।

**मुआवजा व जांच की मांग**

पीड़ित किसानों ने जिला प्रशासन से फसल क्षति का तत्काल सर्वे प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा नहर टूटने के मामले में जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ जांच व कार्रवाई की मांग की है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द राहत नहीं मिली तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

**दोहरी मार से कराहता अन्नदाता**

एक ओर प्राकृतिक आपदाएं और दूसरी ओर विभागीय लापरवाही—इस दोहरी मार ने अन्नदाता को पूरी तरह झकझोर कर रख दिया है। सवाल यह है कि क्या जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी या फिर हर बार की तरह किसान ही अपनी बर्बादी का बोझ ढोता रहेगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### शार्टसर्किट से दुकानों में लगी आग, लाखों का सामान जलकर हुआ राख



**हमीरपुर-** कुरारा कस्बा के भौली रोड में चूड़ी कंगन की दो दुकानों में शॉर्ट सर्किट से आग लग जाने से लाखो का सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया।सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

कुरारा कस्बा के भौली रोड में बीते बृहस्पतिवार देर रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे टिन की चादरों से की बनी चूड़ी कंगन की दो अस्थाई दुकानों में शार्ट सर्किट से आग लग गई। जैसे ही लोगों ने दुकानों से आग की लपटें उठते देखा तो दुकान मालिकों को सूचना दी।सूचना मिलने पर पहुंचे दुकान मालिक बउवन व राजेश ने



फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की टीम कुछ ही देर में घटना स्थल आ पहुंची , जिसने आग पर काबू पाया ,लेकिन आग बुझते-बुझते दुकानों का सारा सामान जल चुका था ,बाकी बचा आग बुझाने में टूट गया। दुकान मालिक बउवन ने बताया कि शार्ट सर्किट से चूड़ी कंगन की दुकान में आग लग गई थी जिसमें उसका लगभग चार लाख का नुकसान हुआ है।वहीं बगल की दुकान में भी आग लग गयी थी जिसके मालिक राजेश के अनुसार उसका भी लगभग पचास हजार का नुकसान हुआ है।

## सोनभद्र के जऊवाजोत में पानी के लिए हाहाकार, ग्रामीणों ने किया जोरदार प्रदर्शन नदी-नाले का दूषित पानी पीने को मजबूर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कोन/सोनभद्र-** जनपद के नवसृजित विकास खंड कोन के अंतर्गत जल जीवन मिशन (हर घर नल योजना) दम तोड़ती नजर आ रही है। शुक्रवार को ग्राम जऊवाजोत (बागेसोती) में ग्रामीणों ने जल आपूर्ति न होने और कार्यदायी संस्था की लापरवाही के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि कागजों पर योजना पूरी दिखाई जा रही है, जबकि हकीकत में लोग फ्लोराइड युक्त और नदी-नालों का गंदा पानी पीने को विवश हैं। क्षेत्र में हर घर नल योजना धरातल पर धराशायी साबित हो रही है। सूत्रों के अनुसार कार्यदायी संस्था विष्णु प्रकाश आर पुंगलिया लि. द्वारा कई ग्राम पंचायतों में काम पूरा किए बिना ही उसे कागजों पर पूर्ण दिखा दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क किनारे तो पाइप डाले गए, लेकिन गलियों और घरों के अंदर कनेक्शन नहीं पहुंचे। मरम्मत और चोकिंग के नाम पर महीनों से काम लटका हुआ है। सोन नदी के इंटेक पर बालू जमा होने का बहाना बनाकर जलापूर्ति ठप रखी गई है। कोन क्षेत्र के कचनरवा, असनाबांध और कुड़वा जैसे इलाके फ्लोरोसिस से बुरी तरह प्रभावित हैं। शुद्ध पानी न मिलने के कारण लोग दूषित जल पी रहे हैं, जिससे उनकी रीढ़ की हड्डियाँ कमजोर हो रही हैं और कई लोग खाट पर पड़ गए हैं और कई लोगों की अ सामयिक मौत हो चुकी है।स्थानीय लोगों के अनुसार असनाबांध वार्ड नंबर 3 में पिछले 8 महीनों से पानी नहीं आया है। मुख्यमंत्री पोर्टल (आईजीआरएस) पर शिकायत के बावजूद विभाग ने बिना काम कराए ही अपनी रिपोर्ट लगाकर मामला रफा-दफा कर दिया।

जलापूर्ति ठप होने से प्रभावित होने वाले प्रमुख क्षेत्रों में शामिल हैं। कचनरवा (असनाबांध), बड़ाप, रोहिन वादामर, नरोईयादामर, मधुरी, बागेसोती (सिंगा, डूमर), कुड़वा (धौर वादामर, शिवाखाडी), गोबरदाहा, पीपरखाड़, धंगरडीहा, मझिगवां, चांचीकला, खरौंधी और मिश्री। वरिष्ठ समाजसेवी जोखन प्रसाद यादव ने प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए कहा कि कार्यदायी संस्था की मनमानी से सरकार की छवि धूमिल हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि संस्था ने अधिकांश ग्राम प्रधानों से फर्जी तरीके से कार्य पूर्ण होने का प्रमाण पत्र बनवाकर शासन को भेज दिया है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि भ्रष्ट कार्यदायी संस्था को तत्काल ब्लैकलिस्ट किया जाए। दोषी अधिकारियों के खिलाफ जांच हो। प्रभावित गांवों में तत्काल शुद्ध पेयजल की आपूर्ति शुरू की जाए। ग्रामीणों ने




दोटूक में कहा है कि यदि जल्द ही नियमित जलापूर्ति शुरू नहीं हुई, तो वे जिला मुख्यालय पर उग्र प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। जिसके क्रम में अरुण सिंह (अधिशासी अभियंता, जल निगम) ने बताया कि खनिज विभाग के सहयोग से पोकलेन द्वारा बालू हटाने का कार्य किया गया, लेकिन पानी के स्तर में सुधार नहीं हुआ। हम हर संभव प्रयास कर रहे हैं। सुदर्शन बिंद (प्रोजेक्ट मैनेजर, संस्था)- इस विषय पर उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। अब देखना यह होगा कि मुख्यमंत्री की इस महत्वाकांक्षी योजना को पलिता लगाने वाले जिम्मेदारों पर कार्रवाई होती है या क्षेत्र की जनता इसी तरह तिल-तिल कर मरने को मजबूर रहेगी। प्रदर्शन में मुख्य रूप से उपस्थित जोखन प्रसाद यादव, मोबिन अंसारी, मिंटू शर्मा, छठ्ठू, रामनाथ मौर्या, गुड्डू पनिका आदि।

## कार में गर्म ब्लोअर बना जानलेवा, पुलिस की तत्परता से बची चालक की जान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखनऊ।** सर्दी से बचने के लिए शुक्रवार को कार में गर्म ब्लोअर चलाना चालक को भारी पड़ गया। निगोहां कस्बे में चलती कार के भीतर अचानक चालक बेहोश हो गया, जिससे कार बीच हाइवे पर रुक गई। हाइवे के बीचो बीच खड़ी कार को देखकर लोगों में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान उधर से गुजर रहे कस्बा चौकी इंचार्ज अनूप तिवारी, उपनिरीक्षक चंदन कुमार यादव और कांस्टेबल अरविंद पटेल ने स्थिति को भांपते हुए तुरंत कार के पास पहुंचकर साहसिक कदम उठाया। पुलिसकर्मियों ने कार का अगला शीशा तोड़कर इंजन और ब्लोअर बंद किया तथा बेहोश चालक को बाहर निकालकर तत्काल इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया।

इलाज के दौरान होश में आने पर चालक ने अपना नाम सरवन निवासी मीरकनगर थाना निगोहां बताया। सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे और समय पर मदद कर चालक सरवन की जान बचाने के लिए पुलिस टीम का आभार जताया।पुलिस की तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता से एक बड़ा हादसा टल गया। यह घटना सर्दी के



मौसम में कार के भीतर लंबे समय तक ब्लोअर चलाने से होने वाले खतरों के प्रति भी लोगों को सचेत करने वाली है।

## ग्रामसभा की जमीन पर चला बुलडोजर, दर्जनों अवैध कब्जे ध्वस्त

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कालपी(जालौन)-** एसडीएम मनोज कुमार सिंह की अगुवाई में तहसील प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम अकोढ़ी में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान जेसीबी मशीन की मदद से ग्राम सभा की भूमि पर वर्षो से बने दर्जनों अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिए गए।

अभियान की शुरुआत से पहले प्रशासन ने विवाद की किसी भी स्थिति से बचने के लिए भूमि का विधिवत सीमांकन कराया। इसके बाद खलिहान व खाद के गड्ढों पर किए गए सभी अवैध कब्जों को बुलडोजर चलाकर हटाया गया। मौके पर मौजूद एसडीएम ने ग्रामीणों को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि ग्राम सभा की भूमि सार्वजनिक संपत्ति है, जिसका उपयोग गांव के सामूहिक हितों के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में यदि दोबारा अतिक्रमण पाया गया तो प्रशासन और भी कड़ी कार्रवाई करेगा। वहीं



तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी ने बताया कि यह कार्रवाई शासन के स्पष्ट निर्देशों के तहत की गई है और अतिक्रमण हटाओ अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे स्वयं आगे आकर सरकारी भूमि को अतिक्रमण से बचाने में प्रशासन का सहयोग करें। अतिक्रमण हटने के बाद ग्राम सभा की भूमि को समतल कर किसानों और ग्रामीणों के पुनः उपयोग के लिए तैयार किया गया। कार्रवाई से संतुष्ट ग्रामीणों ने प्रशासन के कदम का स्वागत किया और कहा कि यदि ऐसी कार्रवाई नियमित रूप से होती रही, तो सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों पर पूरी तरह रोक लग सकती है।

## शराब के नशे में की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज




**कोंच (जालौन)-** नदीगांव थाना क्षेत्र के कस्बा नदीगांव में शराब के नशे में गाली-गलौज व मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित विनोद कुमार पुत्र दीने बाल्मीक के अनुसार 8 जनवरी की रात पड़ोसी राजकुमार सहित अन्य लोगों ने एक राय होकर लाठी-डंडों से मारपीट की जिसमें उसे व उसके भाई बलवीर को चोटें आईं। शोर सुनकर परिजनों ने बीच-बचाव किया और फिर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। पुलिस ने मामले में धारा 3(5), 115(2), 352 व 351 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी नहर की सफाई, सैलाब में तब्दील हुई सड़कें दर्जनों गांवों का संपर्क कटा

**● .......कागजों पर सफाई,धरातल पर तबाही।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मलिहाबाद।** सिंचाई विभाग की कार्यप्रणाली और अधिकारियों की उदासीनता आज क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों के लिए मुसीबत का सबब बन गई है। हरदोई इकाई के अंतर्गत आने वाले कसमंडी रजबहा में मऊ गांव के पास नहर की पटरी कटने से पिछले चार दिनों से मुख्य मार्ग टापू बना हुआ है। आलम यह है कि सड़क अब दरिया नजर आ रही है और दर्जनों गांवों का संपर्क तहसील मुख्यालय से कट गया है। हाड़ कपाने वाली ठंड में जल सत्याग्रह जैसी स्थिति सिरगामऊ जाने वाले मुख्य मार्ग पर लगभग डेढ़ किलोमीटर तक दो फीट गहरा पानी भरा हुआ है। इस भीषण शीतलहर और कड़ाके की ठंड में सिरगामऊ, चतुरी खेड़ा, कुसभरी और सरसंडा जैसे कई गांवों के ग्रामीण घुटनों तक भरे बर्फीले पानी से गुजरने को मजबूर हैं। पैदल यात्रियों और बाइक सवारों के लिए यह रास्ता जानलेवा साबित हो रहा है।स्थानीय निवासी अनिल कुमार और मुकेश शर्मा ने बताया हाल ही में विभाग ने नहर की सफाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता पूरी की।बजट खपाने के लिए बड़े-बड़े बोर्ड तो टांग दिए गए, लेकिन नहर की पटरियों को मजबूत नहीं किया गया।नतीजतन, पानी का पहला रेला भी कमजोर पटरी झेल नहीं सकी और नहर टूट गई।अधिकारी मौन, ग्रामीण परेशान हैरानी की बात यह है कि तीन दिनों से लगातार सूचना देने के बावजूद सिंचाई विभाग का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं



पहुंचा। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारी कार्यालयों में बैठकर सिर्फ कागजी खानापूर्ति में व्यस्त हैं, जबकि जनता जिल्लत झेल रही है।मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम अंकित मौर्या ने कहा, सिंचाई विभाग के अधिकारियों से वार्ता की गई है। उन्हें तत्काल मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान करने और पानी रोकने के निर्देश दिए गए हैं। लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



# संक्षिप्त खबरें

## ऑनलाइन ठगी पर तुरंत हो कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन



**बस्ती-** बस्ती पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन द्वारा साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने एवं आमजन को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकांत क्षेत्राधिकारी सदर एंव रुधौली तथा साइबर थाना साइबर सेल व जनपद के समस्त थानों पर गठित साइबर सेल के अधिकारी कर्मचारीगण के साथ पुलिस लाइन बस्ती स्थित सभागार में गोष्ठी किया गया पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने सभी साइबर सेल कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं ऑनलाइन ठगी फिशिंग सोशल मीडिया फ्रॉड फेक न्यूज़ तथा ओटीपी आधारित ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं आने वाली प्रत्येक शिकायत का तत्काल संज्ञान लेकर प्राथमिक जांच की जाए तथा पीड़ित को त्वरित राहत प्रदान की जाए इन अपराधों पर त्वरित कार्रवाई एवं रोकथाम के लिए साइबर सेल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन द्वारा बताया गया कि प्रत्येक साइबर अपराध की शिकायत मिलने पर तुरंत कार्यवाही की जाए जनपद में साइबर जागरूकता अभियान को और तेज किया जाए तथा स्कूल कॉलेज ग्राम पंचायतों एवं बाजारों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं जनता से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी या साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत नजदीकी थाने अथवा हेल्पलाइन 1930 पर सूचना दें।

## आनलाइन उपस्थित के विरोध में सफाई कर्मचारी संगठन के पदाधिकारयों ने सौंपा ज्ञापन



**बलरामपुर ।** जनपद बलरामपुर पंचायती राज विभाग के सफाई कर्मचारी संघ संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी प्रदीप कुमार गौतम एवं राकेश चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों सफाई कर्मचारियों ने देवीपाटन मंदिर के पीठाधीश्वर महंत मिथलेश नाथ योगी से मुलाकात कर आनलाइन उपस्थित के विरोध में ज्ञापन सौंपा,इस विषय पर योगी ने कहा कि जब प्रदेश के किसी भी जनपद में सफाई कर्मचारियों के लिए आनलाइन उपस्थित व्यवस्था लागू नहीं है तो यहाँ इस अकेले जनपद में बिना संसाधन उपलब्ध कराये आनलाइन उपस्थित व्यवस्था लागू करने का कोई औचित्य नहीं है यह बात जिला पंचायत राज अधिकारी एवं जिलाधिकारी महोदय के समक्ष रखी जायेगी । इसी क्रम में जनपद भ्रमण पर आये उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री लघु एवं मध्यम उद्यम राकेश सचान के समक्ष ज्ञापन प्रस्तुत किया गया इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा , विधायक उतरौला राम प्रताप वर्मा, विधायक सदर बलरामपुर पलटू राम, विधायक तुलसीपुर कैलाश शुक्ला , जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी पूर्व विधायक शैलेंद्र कुमार सिंह उर्फ शैलू, वरिष्ठ भाजपा नेता वरुण सिंह मोनू , पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ,नगर पालिका के अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू सिंह सहित तमाम माननीय गणों ने यह आश्वासन देते हुए कहा आप लोगों की मांग जायज एवं नियम संगत है, इस विषय पर जिलाधिकारी महोदय से सामूहिक वार्ता कर समस्या का निदान करया जायेगा ।

## शोक सभा आयोजित कर दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि

**तालबेहट।** कस्बा निवासी संतोष व्यास की माता एवं युवा व्यापारी गौरव व्यास की दादी रतनदेवी, मोबाइल कारोबारी बसीम खान व नईम खान के वालिद जमील टेलर्स मास्टर, विकास, कौशल व रवि सोनी के बड़े भाई आकाश सोनी तथा पूराकलां निवासी पत्रकार रवि दीक्षित के पिता के निधन पर नगर में शोक का वातावरण रहा। इस अवसर पर युवा जागृति मंच, नगर उद्योग व्यापार मंडल एवं यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोक व्यक्त करने वालों में सुनील त्रिपाठी बाबा, विवेक श्रीवास्तव, संदीप अवस्थी, सौरभ जैन, आशीष लखेरा, रंजीत साहू, राकेश चौरसिया, मनोज गुप्ता, दिनेश कुशवाहा, रूपेश श्रीवास सहित अन्य लोग शामिल रहे। वही सेवा समर्पण संस्थान तालबेहट में समिति के उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र कुमार सोनी के पिता शिवशंकर सोनी जी के आकस्मिक देवलोकगमन होने के कारण एक शोक सभा का आयोजन किया गया ।

# समायोजन की समीक्षा के बाद शिक्षक हितों के लिये तेज होगा संघर्ष-उदयशंकर शुक्ल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने गुरूवार को प्रेस क्लब सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुये कहा कि देश, प्रदेश का शिक्षक इतिहास के कठिन दौर से गुजर रहा है। उस पर जिम्मेदारियां पहले से अधिक बढी है किन्तु अधिकार लगातार छीने जा रहे हैं। यहां तक कि बुढापे की लाठी पेंशन का लाभ हासिल करने के लिये अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा देश व्यापी आन्दोलन चलाया जा रहा है किन्तु केन्द्र और राज्य सरकारें पुरानी पेंशन नीति बहाली को तैयार नहीं हो रही है। टेट की अनिवार्यता के सवाल को लेकर संघर्ष जारी है। संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने कहा कि प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय, प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय और सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालयों के रिक्त सभी पदों पर अध्यापकों की अन्तिम वरिष्ठता सूची जारी कराकर पदोन्नति की कार्यवाही कराया जायेगा। किसी भी स्तर पर अध्यापकों का शोषण नहीं होने पायेगा। कहा कि समायोजन की समीक्षा के बाद आन्दोलन की रणनीति तय की जायेगी। कहा कि 40 ऐप पर शिक्षकों से कार्य लिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है, सरकार इसे वापस ले।पत्रकारों के प्रश्नों का उत्तर देते हुये संघ अध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों को सुविधाओं से सम्पन्न किया जाय जिससे वे निजी विद्यालयों से बेहतर परिणाम दे सकें। सभी विद्यालयों में डेस्क, बेंच, बालक, बालिका एवं दिव्यांग शौचालय, कक्षा कक्ष के टाईलीकरण, विद्युत संयोजन की व्यवस्था हो। इस सम्बन्ध में संघ की ओर से शीघ्र ही शासन को ज्ञापन भेजा जायेगा कि जो विद्यालय सुविधाओं से वंचित है उन्हें संसाधनों से लैश किया जाय।

श्री शुक्ल ने बताया कि अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ शिक्षा मित्र और अनुदेशकों को नियमित करने की मांग को लेकर संघर्ष कर रहा है। कहा कि 2026 शिक्षकों के लिये निर्णायक साबित होगा। सांगठनिक ढांचे को मजबूत बनाने के लिये अभियान तेज किया जायेगा। संघ के जिला मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार शिक्षकों से केवल शिक्षा का कार्य ले। स्थिति ये हैं कि एसआईआर से लेकर गैर शिक्षणेत्तर कार्य लिये जा रहे हैं। इसे रोका जाय। वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनन्द दूबे ने कहा कि शिक्षक अपने अधिकारों के लिये सचेत न हुये तो आने वाले दिनों में चुनौतियां और बढ जायेगी। एकजुटता से ही समस्याओं का हल निकलेगा। यह जानकारी देते हुये जिला प्रवक्ता सूर्य प्रकाश शुक्ल ने बताया कि प्रेस वार्ता में सतीश शंकर शुक्ल, सन्तोष कुमार शुक्ल, रीता शुक्ला, दिवाकर सिंह, पटेश्वरी प्रसाद निषाद, शैल शुक्ल, आनन्द सिंह, ओंकारनाथ उपाध्याय, सुनील पाण्डेय, राजीव पाण्डेय, आशुतोष पाण्डेय, राजेश चौधरी, चन्द्रभान चौरसिया, योगेश्वर शुक्ल, ओम प्रकाश पाण्डेय, ओंकारनाथ चौधरी, सुशील उपाध्याय, नरेन्द्र दूबे, उदयशंकर पाण्डेय, अनिल सिंह, राजेश कुमार, के साथ ही अनेक पदाधिकारी, शिक्षक उपस्थित रहे।

# पब्लिक डायग्नोस्टिक सेन्टर और पब्लिक हास्पिटल भानपुर का बुरा हाल

**●भानपुरप्रकरण गंभीर है जांच कराकर होगी कडी कार्यवाही दोषियों को बक्सा नहीं जाएगा। डॉ0 राजीव निगम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में मरीज का बुरा हाल हो रहा है प्रशासन मामले को संज्ञान नहीं ले रहा है भगवान भरोसे मरीज अपना इलाज करवा रहे हैंजिले के स्वास्थ्य व्यवस्थाओं और मरीजों के जान पर रहम करो। वर्तमान समय मे स्वास्थ्य व्यवस्था अब मवालियों के हाथ मे आ चुका है। मवाली टाइप के लोग अल्ट्रासाउंड और सिजेरियन आपरेशन कर रहे हैं। यहा मरीजों के मरने की पूरी गारण्टी हैं। लेकिन इससे स्वास्थ्य विभाग को कोई फर्क नही पडता। कारण कि मरीजों के जान से खेलने वाले राजनैतिक रसूख रखते और अधिकारियों को धमकाने मे अपनी शान समझते हैं। हम बात कर रहे हैं जिले के भानपुर सीएचसी पास स्थित पब्लिक डायग्नोस्टिक सेन्टर और पब्लिक हास्पिटल का। जहां उपरोक्त सुविधाएं भरपूर मौजूद हैं। हद तो तक हो गई जब भानपुर सीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 सचिन ने सीएमओ बस्ती को पब्लिक डायग्नोस्टिक सेन्टर और पब्लिक हास्पिटल के नाजायज गतिविधियों के विरूद्व कार्यवाही के लिए अनेकों पत्र लिखा। लेकिन राजनैतिक रसूख के चलते कोई कार्यवाही संभव नही हो पाया। यहां भ्रूण परीक्षण से लेकर भ्रूण हत्या करने की सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं। बस मुंहमांगा रकम मिलना चाहिए। यह स्थिति किसी को भी चिन्ता मे डालने का गंभीर विषय हैं। यहां तो कितने मरीजों का आर्थिक व शारीरिक क्षति हो चुका होगा लेकिन राजनैतिक हनक के आगे मरीजों की चीख दब गयी। स्वास्थ्य महकमा तमाशा देख रहा है। विभाग के अधिकारी आये दिन निरीक्षण भी करते हैं लेकिन साहब लोगों को यह गंभीर मामले क्यों नही दिखाई देते ?

बताते चलें कि भानपुर सीएचसी पास स्थित पब्लिक डायग्नोस्टिक सेन्टर और पब्लिक हास्पिटल संचालित है जिसमें काई प्रशिक्षित चिकित्सक मौजूद नही होता। यहां अल्ट्रासाउंड और सिजेरियन आपरेशन मुन्नाभाई लोग कर रहे हैं। इतना ही यदि भरोसेमंद सूत्रों की मानें तो यहां भ्रूण परीक्षण से लेकर भ्रूण परीक्षण भी किया जा रहा हैं। विभाग मरीजों की बर्बादी और होने वाली मौतों का तमाशा देख रहा है। हैरान करने वाली बात तो यह है कि पब्लिक डायग्नोस्टिक सेन्टर का पीसीपीएनडीटी काफी समय पहले ही निलम्बित किया जा चुका हैं। यह सेन्टर क्यों और किसके प्रभाव मे संचालित हो रहा है ? इसका जबाब देने वाला कोई नही है।

भानपुर सीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 सचिन ने सीएमओ बस्ती को पब्लिक डायग्नोस्टिक सेन्टर और पब्लिक हास्पिटल के नाजायज गतिविधियों के विरूद्व कार्यवाही के लिए अनेकों पत्र लिखा। लेकिन राजनैतिक रसूख के चलते कोई कार्यवाही संभव नही हो पाया। इस सम्बन्ध मे मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 राजीव निगम ने कहा कि प्रकरण गंभीर है एमओआईसी भानपुर द्वारा प्रेषित किया गया पत्र कहां है जांच कराकर पब्लिक डायग्नोस्टिक सेन्टर और पब्लिक हास्पिटल के विरूद्व कडी कार्यवाही अमल मे लाई जायेगी। किसी भी दशा मे दोषी को बख्शा नही जायेगा।

# डीएम ने चीनी मिल के केमिकल डिवीजन का किया औचक निरीक्षण

**●सुरक्षा, गुणवत्ता व पर्यावरणीय मानकों के सख्त पालन के दिए निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** जिलाधिकारी श्री विपिन कुमार जैन ने शुक्रवार को जनपद स्थित चीनी मिल के केमिकल डिवीजन का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केमिकल डिवीजन में संचालित विभिन्न प्रक्रियाओं, रसायनों के भंडारण एवं उपयोग, साथ ही सुरक्षा मानकों के पालन की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने कर्मचारियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए केमिकल डिवीजन में कार्यरत सभी कर्मचारियों को आवश्यक सुरक्षा उपकरण अनिवार्य रूप से उपयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि रसायनों के साथ कार्य करते समय किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही रसायनों के सुरक्षित भंडारण, मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के पालन तथा पर्यावरणीय नियमों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उत्पादन की गुणवत्ता के साथ-साथ स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का भी पूरी निष्ठा से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि नियमित निरीक्षण एवं सतत मॉनिटरिंग के माध्यम से व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत किया जाए, ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना की आशंका को समय रहते रोका जा सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केमिकल डिवीजन की कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त करते हुए आवश्यक सुधारात्मक सुझाव भी दिए। इस मौके पर चीनी मिल के वरिष्ठ अधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बार इलेविन ने 58 रन से मैच जीतकर किया सेमीफाइनल में प्रवेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बाँसी।** कस्बा बाँसी में बी सी सी क्लब के द्वारा आयोजित टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को क्वार्टर मुकाबले के दूसरे मैच में महक इलेविन और बार इलेविन के मध्य खेले गए मैच में ने से शानदार जीत हासिल की। आज के मैच का शुभारंभ पुनीत सिंह परिहार अध्यक्ष नगर पंचायत तालबेहट एवं रामू कुशवाहा जिला पंचायत सदस्य बिरधा व शेर सिंह यादव प्रधान टोड़ी ने सयुंक्त रूप से फीता काटकर किया, और सभी खिलाड़ियों का परिचय जाना,बार इलेविन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर के मैच में 5 विकेट पर 155 रन बनाये जवाब में 156 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी महक इलेविन की पूरी टीम ने 14 वें ओवर में 97 रन पर ऑल आउट हो गई और उसे 58 रन से हार का सामना करना पड़ा। विशिष्ट अतिथियों में जितेन्द्र सेवरिया 'जीतू ',दीपक बाल्मीकि व अमित गुप्ता सह सम्पादक हजारिया टाइम्स न्यूज़, खेमचन्द्र लोधी, चंद्रपाल यादव, बब्बू राजा बुंदेला, नरेन्द्र राजा लड़वारी व रोहित यादव प्रधान प्रतिनिधि बस्तगुवां रहे आज के मैन आफ द मैच का खिताब उप्पू राजा पुलवारा को 3 विकेट लेने पर दिया गया। बेस्ट सिक्स का खिताब मयंक इंदौर एवं बेस्ट कैच का खिताब प्रयांशु को दिया गया। मैच में एम्पायर लक्की राजा एवं रवि वर्मा रहे,कमेंट्रेटर राम लखन यादव बार एवं अभिषेक राजा एवं स्कोरर गुड्डू खेमरिया रहे। लगातार प्रतीक यादव के द्वारा खिलाडियों को जमकर पुरस्कार राशि दी गई आज की भोजन व्यवस्था डॉ अमित सिकदार,गौरव झाँ एवं जीतू गुप्ता की तरफ से रही आयोजक मंडल से प्रिंस राजा यादवेन्द्र यादव 'भैया ',आर्यन सोनी,राज बुन्देला, रवि यादव, डॉ ब्रजेश सेन,अमर विश्वकर्मा, सन्दीप गैल सहित सैकड़ों दर्शक उपस्थित रहे। मैच के अंत में वीर बुन्देला द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## जहर सेवन से युवक व युवती की हालत बिगड़ी, किया गया रेफर

**तालबेहट।** अलग-अलग स्थानों पर जहर सेवन करने से एक युवक व एक युवती की हालत गंभीर हो गई। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट में प्राथमिक उपचार के बाद उच्च चिकित्सा केंद्रों के लिए रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार चुरावनी निवासी नीलेश (25) पुत्र माहिरवान ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहर का सेवन कर लिया, जिससे उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजनों द्वारा उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट लाया गया, जहां से चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं पूराकलां के हँसारी निवासी दीक्षा (25) पत्नी राजा भईया ने भी जहर का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। दोनों मामलों में जहर सेवन के कारणों का पता नहीं चल सका है।

# जिलाधिकारी ने किया नगर पंचायत मुंडेरवा क्षेत्र में अलाव व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले की जिला अधिकारी द्वारा शीतलहर एवं अत्यधिक ठंड को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना द्वारा नगर पंचायत मुंडेरवा क्षेत्र में अलाव व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रमुख चौराहों, सार्वजनिक स्थलों, बाजार एवं रैन बसेरों पर जलाए जा रहे अलाव की स्थिति का जायजा लिया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि निराश्रित एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को रात्रि विश्राम की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु रैन बसेरों पर साइनेज बोर्ड लगाए और आवश्यक जानकारी प्रदर्शित करे। जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ठंड से बचाव हेतु अलाव की व्यवस्था नियमित रूप से कराई जाए तथा पर्याप्त मात्रा में ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शीतलहर के दौरान गरीब, निराश्रित एवं राहगीरों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए रात्रिकालीन समय में भी अलाव जलाए जाने की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। जांच के दौरान क्षेत्र में अलाव नहीं पाया गया तो कठोर कार्रवाई की जाएगी निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहते हुए अलाव स्थलों की निरंतर निगरानी करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि शीतलहर से बचाव हेतु शासन के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाए। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी, नगर पंचायत के प्रतिनिधि एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बस्ती में 51 ग्राम पंचायतों में ई-स्वराज की अनदेखी, 86.38 लाख रुपये का भुगतान

**● निदेशक की जांच में खुलासा, दोषी ग्राम सचिवों पर कार्रवाई के निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले की 51 ग्राम पंचायतों में ई-स्वराज पोर्टल एवं पंचायत गेटवे पोर्टल का उपयोग किए बिना अक्टूबर माह में विकास कार्यो के नाम पर 86 लाख 38 हजार रुपये का भुगतान किए जाने का मामला सामने आया है। इस गंभीर अनियमितता का खुलासा पंचायतीराज विभाग के निदेशक द्वारा कराई गई जांच में हुआ है। जांच में विकास कार्यो की आड़ में वित्तीय गड़बड़ी की आशंका जताई गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पंचायतीराज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह ने संबंधित जिला पंचायत राज अधिकारियों को पत्र भेजकर पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कराने तथा दोषी ग्राम सचिवों और अन्य संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। निदेशक का पत्र जारी होते ही विभागीय अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि जिले की 51 ग्राम पंचायतों में पंचायत गेटवे पोर्टल का प्रयोग किए बिना भुगतान किया गया, जो ई-ग्राम स्वराज पोर्टल की अनदेखी और निर्धारित नियमों के उल्लंघन को दर्शाता है।

इन ग्राम पंचायतो अनियमितता की आशंकासदर ब्लॉक की लोनहा, पकरी चंदा, भौरा, कैथवलिया, छितौनी, महथा, पधरी, हल्लौर, नगरा, दौरा खुर्द, ख्वोरा उर्फ छबील्हा, कोहड़हवा, खीरीघाट, कुसमौर, बरसांव, नंदपुर, उरई, बंगावा लिंड, चौबा, चनानी सिरोबास एवं बंटाला ग्राम पंचायतें शामिल हैं।

इसके अलावा दुबौलिया ब्लॉक की भिउरा व बैरागल, गौर ब्लॉक की हरदी खास, असनहरा, दुबौला, करणपुर, हलुवा, पैकोलिया, तेंदाई चेत सिंह, मिरवापुर, बड़ोखर, हर्रैया ब्लॉक की संग्रामपुर व रेबरा दास, कुदरहा ब्लॉक की पसरा, परसरामपुर ब्लॉक की रजवापुर, भैसहा, दुखेरी, मझगांव माफी, सेहरिया, लोहरौली, गोरया, रामनगर ब्लॉक की रजवापुर, भैसहा, दुखेरी, मझगांव माफी, सेहरिया, लोहरौली, गोरया, रुधौली ब्लॉक की धनसी, सल्टौआ गोपालपुर ब्लॉक की मुगरहा व भिउरा, साऊघाट की मुड़ाडीहा तथा विक्रमजोत ब्लॉक की एकमा हिरणिया ग्राम पंचायतों में भी गड़बड़ी की आशंका जताई गई हैबताया गया कि ई-स्वराज गेटवे, उत्तर प्रदेश पंचायतीराज विभाग का डिजिटल पोर्टल है, जिसके माध्यम से ग्राम पंचायतों में कराए जाने वाले विकास कार्यो एवं उनके भुगतान की ऑनलाइन निगरानी की जाती है।जिला पंचायत राज अधिकारी घनश्याम सागर ने बताया कि सभी ग्राम सचिवालयों में स्थापित कंप्यूटर सिस्टम के माध्यम से ही पंचायत गेटवे पोर्टल का प्रयोग कर भुगतान किया जाना अनिवार्य है। लापरवाही बरतने वाले ग्राम सचिवों, सहायक विकास अधिकारियों एवं अन्य संबंधित कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उनके जवाब प्राप्त होने के बाद मुख्यालय को रिपोर्ट भेजी जाएगी। बिना पोर्टल के भुगतान करने वाली ग्राम पंचायतों की विशेष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# बलरामपुर में ट्रैक्टर-ट्रॉली ने तोड़ा रेलवे फाटक, हाईटेंशन तार टूटने से ठप हुआ रेल संचालन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर-** बलरामपुर के हरैया तिराहा पर एक बड़ा रेल हादसा टल गया। गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली बंद रेलवे फाटक से टकरा गई, जिससे फाटक और हाईटेंशन ओवरहेड लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना से लगभग तीन घंटे तक रेल यातायात बाधित रहा और कई ट्रेनें रोकी गईं। मरम्मत के बाद दोपहर में सेवाएं बहाल हुईं। जीआरपी ने ट्रैक्टर जब्त कर लिया, जबकि चालक फरार हो गया। रेलवे स्टेशन के निकट हरैया तिराहा पर गुरुवार सुबह एक बड़ा रेल हादसा टल गया। गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर बंद रेलवे फाटक से जा टकराई, जिससे इलेक्ट्रानिक फाटक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर इतनी तेज थी कि रेलवे की हाईटेंशन ओवरहेड लाइन भी टूट गई।घटना के कारण रेल यातायात बाधित हो गया, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। राजकीय रेलवे पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लिया, जबकि चालक मौके से फरार हो गया। घटना के कारण लखनऊ से तुलसीपुर आ रही गोमती एक्सप्रेस को सुरक्षा कारणों से कौवापुर स्टेशन पर रोक दिया गया।वहीं, गोरखपुर से गोंडा जा रही डेमो पैसेंजर ट्रेन को तुलसीपुर रेलवे स्टेशन पर खड़ा कर दिया गया। सुबह 10 बजे से खड़ी ट्रेनें दोपहर बजे मरम्मत होने के बाद रवाना की गई। हरैया तिराहा रेलवे क्रासिंग के पास सुबह 10 बजे अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर रेलवे फाटक से टकरा गई। हाईटेंशन तार टूट जाने से बड़ी दुर्घटना हो सकती थी, लेकिन गनीमत रही कि बिजली कट गई। रेलवे के तकनीकी कर्मचारियों और विद्युत विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मरम्मत शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद लगभग तीन घंटे में लाइन को दुरुस्त किया जा सका। दोपहर करीब एक बजे मरम्मत पूरी होने के बाद दोनों ट्रेनों को सुरक्षित रूप से रवाना किया गया। स्टेशन अधीक्षक रणंजय सिंह ने बताया कि घटना के तुरंत बाद गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्राली को जीआरपी ने अपने कब्जे में ले लिया है। दोपहर एक बजे के बाद ट्रेनों का संचालन सामान्य किया गया। घटना की विस्तृत रिपोर्ट रेलवे के उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है।

# जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण व त्रिस्तरीय पंचायत के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ की बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में गुरुवार को देर सायंकाल कैम्प कार्यालय के सभागार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) तथा त्रिस्तरीय पंचायत नामावली के वृहद पुनरीक्षण के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) उपस्थित रहे, जिन्हें जिलाधिकारी ने निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप कार्य करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 06 जनवरी को किया जा चुका है। दावे और आपत्तियॉ प्राप्त करने की अवधि 06 जनवरी से 06 फरवरी तक निर्धारित की गयी है तथा दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण 27 फरवरी तक किया जाना है। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन 06 मार्च को किया जायेगा। बैठक में बताया गया कि जनपद में कुल 82371 नो मैपिंग मतदाता है जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी एईआरओ अपने ईआरओ के मार्ग दर्शन में पूरी सूझबूझ के साथ बीएलओ के माध्यम से नो मैपिंग वाले मतदाताओं को नोटिस जारी कराते हुये उसका तामीला भी सुनिश्चित कराये, समय सीमा के अन्दर प्राप्त समस्त दावे, आपत्तियों का सत्यापन बीएलओ के द्वारा निष्पक्ष कराएं। इसके बाद ही सही व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाये। किसी गलत व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में जोड़ा न जाये। मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए दावा करने वाले व्यक्ति को अपनी नागरिकता या मतदान की पात्रता सिद्ध करने के लिए आधार के अलावा निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 प्रकार के दस्तावेजों में से कोई एक प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। जिलाधिकारी ने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रो में नोटिस की सुनवाई किये जाने हेतु सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को चिन्हित स्थानो पर बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराये।

त्रिस्तरीय पंचायत नामावली के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि एसआईआर अभियान के दौरान जो आलेख्य प्रकाशन किया गया है उससे पंचायत चुनाव की मतदाता सूची का मिलान करके जो भी मृतक मतदाता है उनका नाम मतदाता सूची से हटा दिया जाये तथा जिन लड़कियों की शादी हो गयी है और वह जहां पर रह रही है यदि सूची में नाम उनका सम्मिलित हो गया हो तो एक जगह से उनका नाम हटा दिया जाये। उन्होने पंचायत मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के लिये अधिकारियों को अन्य आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। बैठक में प्रभारी अधिकारी निर्वाचन कार्यालय तनवीर अहमद सहित ईआरओ व एईआरओ उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### किसान के घर में घुसकर चाकुओं से हमला करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार भेजे गए जेल




**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के हिलहा गांव में घर में घुसकर किसान पर हुए हमले के मामले में कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। घायल किसान की पत्नी ने गांव के ही बृजेश कुमार पाण्डेय व उनके बेटे अनुज व अभिषेक पाण्डेय समेत दो अज्ञात लोगों के खिलाफ लिखित तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की थी। शुक्रवार सुबह कोतवाली पुलिस को मुखबिर की सूचना के आधार पर पता चला कि घटना के दो आरोपी लालगंज गांव के पास खड़े हैं। मुखबिर की सूचना के आधार पर उपनिरीक्षक त्रियुगीनारायण तिवारी, उपनिरीक्षक रोहित व हमराही पिंटू यादव, कांस्टेबल गौरव कुमार की टीम ने पहुंच कर। दो अभियुक्त बृजेश कुमार पाण्डेय व उनके बेटे अनुज कुमार पाण्डेय को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को नियमानुसार जेल भेजा गया है। अन्य की भी तलाश जारी है।

### भारतीय किसान यूनियन मे शुभम रस्तोगी को मिली नई जिम्मेदारी



**बिसवां सीतापुर** किसानो की समस्याओ के लिए संघर्ष रत भारतीय किसान यूनियन राकेश टिकैत गुट की महत्वपूर्ण बैठक ब्लाक मुख्यालय सकरन मे सम्पन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मयंक सिंह चौहान ने की। इस मौके पर किसान यूनियन राकेश टिकैत गुट ने शुभम रस्तोगी निवासी महाराज नगर को जिला मीडिया प्रभारी का दायित्व सौपा गया। बैठक मे उपस्थित किसानो को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मयंक सिंह चौहान ने कहा किसान पूरे देश का अनाज देता है।लेकिन सरकारे किसानो को समय पर खाद बीज नही उपलब्ध करा पा रही किसानो को अपनी उपज का सही मूल्य नही मिल पाता जिससे किसान हमेशा समस्याओ से घिरा रहता है। मंडी मे किसानो का शोषण किया जाता वर्तमान समय मे महीनों किसानो को धान की फसल बेचने के लिए मंडी मे अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है वही दलाल किसानो की फसल को सस्ते मे खरीद लेते है उनका धान मंडी मे तत्काल तौल लिया जाता है। किसानो को एकजुट कर सड़को पर आना होगा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष डॉ सतीश यादव, वीरेंद्र वर्मा, पंकज वर्मा, प्रमोद वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष सुशील राज, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुर्तजा अली अंसारी, रिशु भार्गव आदि लोग उपस्थित रहे।

### क्रिकेट टूर्नामेंट में तीसरे दिन निगोहां बाजार व गढ़ी टीमों ने दर्ज की जीत



**लखनऊ।** निगोहां कस्बे के एसएनटी मैदान में आयोजित ग्राम सभा क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन शुक्रवार को दर्शकों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। दिन का पहला मैच निगोहां बाजार और उदयपुर टीम के बीच खेला गया। टॉस जीतकर उदयपुर टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 91 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में निगोहां बाजार टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 11.2 ओवर में 6 विकेट से लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज की। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए निगोहां बाजार टीम के खिलाड़ी ऋषभ सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया।दूसरा मैच कनकहा और गढ़ी टीमों के बीच खेला गया। टॉस जीतकर कनकहा टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर मेंड 102 रन का मजबूत लक्ष्य खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गढ़ी टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए मात्र 9.3 ओवर में ही जीत दर्ज कर ली। शानदार खेल के लिए गढ़ी टीम के खिलाड़ी प्रभात को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

अतिथि समाजसेवी सुधीर मिश्रा व सौरभ बाजपेयी व मुकेश शुक्ला ने व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र दीक्षित व आयोजक आशुतोष तिवारी एवं ग्राम प्रधान अभयकांत दीक्षित की मौजूदगी में विजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। टूर्नामेंट में खिलाड़ियों के उत्साह और दर्शकों की भारी मौजूदगी ने आयोजन को और भी यादगार बना दिया।

## मायावती पर अभद्र टिप्पणी का मामला; बदायूं की कोर्ट ने कांग्रेस नेता उदित राज-सांसद राहुल गांधी को नोटिस जारी किया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** बदायूं में अपर जिला जज व विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट प्रथम पूनम सिंघल ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और कांग्रेस नेता उदित राज के खिलाफ नोटिस जारी किया है. दोनों नेताओं को 29 जनवरी को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है। कांग्रेस के नेता व पूर्व सांसद उदित राज ने बसपा अध्यक्ष मायावती के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में अधिवक्ता जय सिंह सागर की ओर से दायर की गयी फौजदारी निगरानी याचिका की सुनवाई करते करते हुए अदालत ने यह आदेश दिया।

17 फरवरी 2025 को कांग्रेस नेता डॉ. उदित राज ने बसपा अध्यक्ष मायावती की हत्या करने की बात भी कही थी. यह मामला सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के मोहल्ला नेकपुर निवासी जय सिंह सागर पुत्र स्वर्गीय नानकराम से जुड़ा है. उन्होंने अधिवक्ता के माध्यम से धारा 175(3) बीएनएसएस के तहत प्रार्थना पत्र पेश किया है।

याचिका में आरोप लगाया गया है कि 17 फरवरी 2025 को कांग्रेस नेता डॉ. उदित राज ने अपने ट्विटर (वर्तमान में ङ्ग) अकाउंट से बसपा प्रमुख मायावती को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी और वीडियो पोस्ट किए थे. आरोप है कि इन पोस्ट में मायावती के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया था।

याचिका में कहा गया कि इन पोस्ट के माध्यम से न केवल बसपा अध्यक्ष मायावती की छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया, बल्कि सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ नफरत फैलाने और समर्थकों को उकसाने की कोशिश भी की गयी. याची के अनुसार, इस तरह की टिप्पणियों से मायावती के समर्थकों और अनुयायियों की भावनाएं आहत हुई हैं तथा समाज में तनाव की स्थिति उत्पन्न हुई।

अधिवक्ता जय सिंह सागर ने बताया कि एमपी-एमएलए कोर्ट ने इस घटना को दिल्ली की बताकर उसे खारिज कर दिया था. इसके बाद अधिवक्ता ने 25 अगस्त 2025 को जिला जज की अदालत में फौजदारी निगरानी याचिका दायर की थी. इस मामले को जिला जज ने अपर जिला जज व विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कोर्ट को भेजा था।

इस मामले में सुनवाई चल रही थी. इस मामले में अपर जिला जज व विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट प्रथम पूनम सिंघल ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उदित राज को नोटिस जारी किया है. नोटिस में कहा गया है कि 29 जनवरी को अपना पक्ष रखने को या तो वह स्वयं या अधिवक्ता उपस्थित रहें।

## व्यापार मंडल ने पुलिस अधीक्षक को जाम की समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**डलमऊ रायबरेली–** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा है। व्यापारियों ने जगतपुर रोड से डलमऊ आने वाले अनियंत्रित ट्रकों और डंपरों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है, जिससे लगातार हो रहे हादसों और जाम की समस्या से निजात मिल सके। ज्ञापन में बताया गया कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में खाली ट्रक और डंपर टोल टैक्स बचाने के लिए जगतपुर रोड से मुराई बाग कस्बे होते हुए फतेहपुर की ओर जाते हैं। इन वाहनों की अधिक संख्या कस्बे में जाम का मुख्य कारण बनती है।व्यापारियों ने चिंता व्यक्त की कि जगतपुर रोड पर ही कस्बे के मुख्य विद्यालय स्थित हैं। विद्यालय समय में तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रकों व डंपरों से छात्रों के लिए हादसों का खतरा बना रहता है। पिछले तीन-चार महीनों में कई सड़क हादसे हुए हैं। हाल ही में, 7 जनवरी को शाम 5:30 बजे एक दुखद घटना हुई।

उत्तर प्रदेश पुलिस में कार्यरत एक आरक्षी की माता का सड़क पार करते समय तेज रफ्तार ट्रक से एक्सीडेंट हो गया, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। इस घटना ने स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ा दिया है। व्यापार मंडल ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि जगतपुर से आने वाले ट्रकों और डंपरों के मार्ग पर तत्काल रोक लगाई जाए। इससे व्यापारियों, आम जनमानस और विद्यार्थियों को होने वाली कठिनाइयों को कम किया जा सकेगा। इस अवसर पर ज्ञापन सौंपते समय रामगोपाल वैश्य, अमित तिवारी, संतोष कौशल, पथवारी शंकर, सुनील हांडा और आदित्य यादव सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

### निमधा गांव में लगी भीषण आग,पूरा घर जलकर राख




**घाटमपुर।** घाटमपुर तहसील क्षेत्र के चिटकिनपुर निमधा गांव में आज सुबह अचानक एक दर्दनाक हादसा हो गया, दिनेश निषाद पुत्र रामसिंह निषाद के घर में अचानक आग लग गई, जिसे देखते ही देखते पूरा घर जलकर राख हो गया,आग इतनी भीषण थी कि घर में रखा सारा घरेलू सामान,अनाज, कपड़े,व जरूरी सामान पूरी तरह से जल कर राख हो गए, घटना के समय घर में अफरातफरी मच गई, आसपास के मुहल्ले वालों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास किया,बाद में फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, दमकल बल मौके पर पहुंच कर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, हालांकि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन पीड़ित परिवार को आर्थिक नुकसान हुआ, है पीड़ित परिवार ने प्रशासन से आर्थिक सहायता व मुआवजे की मांग की है, ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है पीड़ित परिवार को शीघ्र राहत सहायता उपलब्ध कराई जाए।

## सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन की तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का भव्य समापन, संवाद कार्यक्रम में ज्ञान और सम्मान का संगम

**● ......जीएसटी ट्रिब्यूनल प्रैक्टिस पर वरिष्ठ अधिवक्ता अक्षय अग्रवाल का व्याख्यान, विजेता खिलाड़ियों व अधिवक्ताओं को किया गया सम्मानित।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के मीराबाई मार्ग स्थित राज्य कर भवन के सभागार में शुक्रवार को सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता के भव्य समापन के अवसर पर 'संवाद' कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। एसोसिएशन की कार्यकारिणी के तत्वावधान में आयोजित इस विशेष सत्र का उद्देश्य अधिवक्ताओं के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को सम्मानित किया गया, जिससे उपस्थित सदस्यों में उत्साह और गर्व का वातावरण देखने को मिला।

संवाद कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता अक्षय अग्रवाल ने "जीएसटी ट्रिब्यूनल प्रैक्टिस-लॉ एण्ड प्रोसीजर" विषय पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने जीएसटी कानून की व्यवहारिक जटिलताओं, ट्रिब्यूनल प्रक्रिया और अधिवक्ताओं के समक्ष आने वाली चुनौतियों पर सारगर्भित चर्चा करते हुए उपस्थित अधिवक्ताओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम के दौरान एसोसिएशन द्वारा सम्मानित अधिवक्ता सदस्यों का सामूहिक जन्मदिवस भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिससे कार्यक्रम में आपसी सौहार्द और भाईचारे का भाव और प्रबल हुआ। कार्यक्रम का सफल आयोजन एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय मिश्र एवं महामंत्री शिव कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जबकि कार्यक्रम का कुशल संचालन अधिवक्ता दिलीप यशोवर्धन ने किया। इस अवसर पर राज्य कर विभाग के जॉइंट कमिश्नर नीरज सिंह, कार्यकारिणी के वरिष्ठ पदाधिकारी, उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव सहित बड़ी संख्या में सदस्य अधिवक्ता उपस्थित रहे। अंत में महामंत्री शिव कुमार पाण्डेय ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे ज्ञानवर्धक और सामूहिक आयोजनों को निरंतर जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई।

## फर्जी डिग्री घोटाला- जेएस विश्वविद्यालय की मान्यता रद्द, उत्तर प्रदेश सरकार ने 4,000 छात्रों की सुरक्षा के लिए पैनल का गठन किया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने मंगलवार को फिरोजाबाद जिले के सिकोहाबाद स्थित जेएस विश्वविद्यालय की मान्यता रद्द करने को मंजूरी दे दी, क्योंकि जांच में पाया गया कि यह निजी संस्थान कथित फर्जी डिग्री घोटाले में शामिल था। चूंकि इस निर्णय से विश्वविद्यालय के विभिन्न स्ट्रीम के लगभग 4,000 छात्र प्रभावित होने की संभावना है, इसलिए सरकार ने सत्यापन और भविष्य में मंजूरी देने के लिए आगरा स्थित बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति के नेतृत्व में तीन सदस्यीय समिति गठित करने का निर्णय लिया है।

जेएस विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुकेश यादव और रजिस्ट्रार नंदन मिश्रा को पिछले साल मार्च में राजस्थान पुलिस ने गिरफ्तार किया था, जिसने पाया कि विश्वविद्यालय से आवेदकों द्वारा प्रस्तुत की गई डिग्रियां "फर्जी" थीं और चयनित छात्रों की संख्या वहां स्वीकृत सीटों की वास्तविक संख्या से अधिक थी।

बाद में, उत्तर प्रदेश के गृह विभाग और उच्च शिक्षा विभाग के साथ-साथ फिरोजाबाद जिला प्रशासन ने अलग-अलग जांच की और पाया कि विश्वविद्यालय ने स्वीकृत सीटों से कहीं अधिक और उन धाराओं के लिए भी डिग्रियां दी थीं जिनके लिए उसे मान्यता भी प्राप्त नहीं थी। उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा, "न्यायालय विश्वविद्यालय के कुलाधिपति और रजिस्ट्रार को मार्च 2025 में राजस्थान पुलिस ने तब गिरफ्तार किया था जब उन्हें शारीरिक शिक्षा शिक्षकों की परीक्षा के लिए चयनित उम्मीदवारों की डिग्रियां फर्जी मिलीं।" "हमने इस मामले का संज्ञान लिया है और विश्वविद्यालय की मान्यता रद्द करने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया गया है। यह भी पाया गया कि उन्होंने स्वीकृत सीटों की संख्या से दोगुने से अधिक डिग्रियां दी थीं," मंत्री ने कहा। उपाध्याय ने आगे बताया कि सभी छात्रों के दस्तावेज बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा की हिरासत में रहेंगे, जो उचित सत्यापन के बाद उन्हें भविष्य के प्रमाण पत्र प्रदान करेगा।

बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय समिति विश्वविद्यालय के बंद होने की प्रक्रिया के दौरान विश्वविद्यालय के कामकाज का प्रबंधन करेगी। इस समिति में बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार और एक स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी सदस्य होंगे।

### सेमीफाइनल में नवीन इलेवन ने आशीष इलेवन को दी शिकस्त




**लालगंज।** क्षेत्र के अझारा में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में आशीष इलेवन और नवीन इलेवन के बीच हुआ। नवीन इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 82 रन बनाया। 83 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आशीष इलेवन निर्धारित 10 ओवरों में 56 रन ही बना सकी। आशीष एकादश की ओर से श्रीश पांडेय डीएम ने 35 रनों की नाबाद पारी खेली, लेकिन अपनी टीम के खिलाड़ियों का साथ नहीं मिलने के कारण टीम को जीत नहीं दिला सके। इस मौके पर आयोजक सभासद धर्मपाल गौतम, संयोजक अजय मिश्र, विद्या शंकर मिश्र, कुलदीप, केविन मार्शल, अभिषेक मिश्र, पवन मिश्रा, ललित तिवारी, गिरिजाकांत द्विवेदी, अशुतम सिंह, ललित मलिंगा आदि मौजूद रहे।

## ठिठुरती सर्दी में गरीबों को सहारा, ग्राम प्रधान ने वितरित किए 35 कंबल



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मलिहाबाद लखनऊ।** दिन ब दिन बढ़ती हांड कंपाऊ ठंड को देखते हुए तहसील प्रशासन ने ग्राम पंचायतो में जरूरतमंदो को कंबल वितरण किए गए। कड़ाके की ठंड से बचने के लिए ग्राम प्रधानों ने गरीब जरूरतमंदों को कंबल बांटे। बढ़ती ठंड को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने लेखपालों और प्रधानों को यह जिम्मेदारी सौंपी है। कि घर-घर जाकर जरूरतमंद असहाय व गरीबों को कंबल वितरण करे,जिससे उनका ठंड से बचाव हो सके। बीते एक सप्ताह के चलते ठंड व गलन का प्रकोप काफी बढ़ गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब असहाय लोग ठंड की मार से जूझ रहे थे जिनकी समस्या को देखते हुए प्रशासन ने निरंतर कंबल वितरण का कार्यक्रम करना शुरू कर दिया है। इसी श्रृंखला में आज ग्राम पंचायत नई बस्ती धनेवा में ग्राम प्रधान विजय कुमार मौर्य ने गांव के गरीब व जरूरतमंदो को 35 कंबल वितरित किए ठिठुरती ठंड में कंबल पाकर गरीबों के चेहरे खिल उठे। प्रधान ने बताया अभी यह अभियान लगातार जारी रहेगा ।जो भी गरीब- असहाय लोग कंबल पाने से वंचित रह गए हैं उन्हें भी इसका लाभ मिलेगा।

## मिलेट्स रेसिपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम तथा कृषि सूचना तंत्र के शुद्धणीकरण के अंतर्गत जनपद स्तरीय रवी उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सीतापुर** 9 जनवरी चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश श्री अन्न (मिलेट्स) पुनरोद्धार कार्यक्रम योजनातर्गत मिलेट रेसिपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम एवं कृषि सूचना तंत्र के शुद्धणीकरण के अंतर्गत जनपद स्तरीय रवी उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत फीता काटकर पूर्व सांसद एवं आवासन व शहरी कार्य राज्य मंत्री माननीय कौशल किशोर ने की। पूर्व सांसद कौशल किशोर ने बताया कि एक समय था कि मोटे अनाज सभी के घरों में होता था आज मोटा अनाज गायब हो गया है जिस कारण से बीमारियां बढ़ती चली जा रही हैं उन्होंने किसानों को भारत सरकार की कृषि संबंधी योजनाओं की जानकारी भी दी और मोटे अनाज की खेती करने पर जोर दिया । महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ टी पी सिंह ने मोटे अनाजों का चिकित्सीय महत्व बताया और उन्होंने कहा कि गेहूं चावल में ग्लाईसेमिक इंडेक्स बढ़ रहा है मोटे अनाज स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक होते हैं। इसमें फाइबर प्रचुर मात्रा में होता है पाचन शक्ति को बढ़ाते हैं बीमारियों को रोकने का काम करते हैं। महाविद्यालय के शोध अधिकारी प्रो गजेंद्र सिंह ने मोटे अनाजों की खेती का रकबा बढ़ाने तथा खरपतवार प्रबंधन पर जानकारी दी। महाविद्यालय के कृषि कीट विज्ञान सह -आचार्य डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने किसानों को आम की फसल पर जाला कीट प्रबंधन तथा जायद की फसलों में सब्जी वर्गीय एवं मीठे फलों की खेती तथा मिलेट्स की खेती करने पर जोर दिया। कहां की मीठे फलों से आमदनी अधिक मिलती है और लागत कम आती हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ योगेंद्र कुमार सिंह ने मशरूम की खेती तथा मिलेट्स की खेती करने पर चर्चा की, कृषि सलाहकार सुरेश राजपूत मिलेट्स की खेती तथा मिलेट्स मूल्य संवर्धन एवं विपणन पर विधिवत किसानों को बताया। मोटे अनाजों से रेसिपी बनाने की प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय बक्शी का तालाब की ए-टीम एवं बी-टीम, महिला स्वयं सहायता समूह विकास खंड बक्शी का तालाब की सी- टीम, महिला स्वयं सहायता समूह विकासखंड मलिहाबाद की डी- टीम तथा कृषि विभाग जनपद लखनऊ की ई- टीम ने प्रतिभाग किया इन्होंने सावां की खीर, रागी का हलवा बाजरा की खिचड़ी बनाई जो लोगों को बहुत भाई। महिला स्वयं सहायता समूह बीकेटी की महिलाओं द्वारा बाजरे की खिचड़ी में प्रथम, सांवा की खीर में द्वितीय तथा रागी के हलवा में तृतीय स्थान मिला, महिला स्वयं सहायता समूह मलिहाबाद की महिलाओं द्वारा बाजरे की खिचड़ी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय ग्रुप ए की टीम द्वारा रागी के हलवा में प्रथम स्थान एवं सांवा की खीर में तृतीय स्थान प्राप्त किया, चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय की ग्रुप बी टीम को सावां की खीर में प्रथम, रागी के हलवा में द्वितीय, बाजारे की खिचड़ी में तृतीय स्थान मिला तथा कृषि विभाग की टीम को रागी का हलवा, सांवा की खीर तथा बाजरे की खिचड़ी में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। रेसिपी प्रतिभागियों को उप कृषि निदेशक विनय कौशल ने प्रशस्पती पत्र एवं पुरस्कार की धनराशि देकर सम्मानित किया।

श्री अन्न (मिलेट्स) रेसिपी कार्यक्रम में भूमि संरक्षण अधिकारी संगीता कटियार, खंड विकास अधिकारी बक्शी का तालाब पूजा पांडे, कृषि विभाग के सुरेश कुमार राजपूत, रूपेंद्र कुमार,अनूप यादव, सुनील कुमार, गगन, सचेंद्र सिंह, अविनाश सिंह, मोहिनी सैनी, कोमल यादव, नगमा, नीलांजना टंडन, प्रियंका शिवहरे, सचीद्र बैष्य, सिल्की खरे, दीपक यादव तथा कृषि महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी तथा 300 से अधिक महिला पुरुष किसान एवं छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया सभी किसानों को सार संग्रह वितरित किए गए तथा लंच कराया गया। उप कृषि निदेशक विनय कौशल द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच का संचालन चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय के सह-आचार्य डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने किया।

## राजा भोज की भूमि पर इतिहास के घाव आज भी हरे- भोजशाला निरीक्षण के दौरान बोले राजपुरोहित मधुर जी

**● ...माँ शारदा विद्या-पीठ की दुर्दशा पर जताई पीड़ा, प्रतिमा पुनर्स्थापना और प्रशासनिक निर्णय न होने पर जनआंदोलन की चेतावनी।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखनऊ** अयोध्या से पधारे सनातन प्रचारक एवं धर्म गुरु राजपुरोहित मधुर जी ने शुक्रवार को धार जिले में स्थित ऐतिहासिक राजा भोज की धर्मशाला (भोजशाला) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने माँ शारदा/माँ सरस्वती के दर्शन कर इस पवित्र और ऐतिहासिक विद्या-पीठ को शीघ्र ही अव्यवस्थाओं एवं अनियमितताओं से मुक्त कराने का संकल्प व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि इतिहासकारों के अनुसार खिलजी आक्रांता अलाउद्दीन खिलजी के शासनकाल में इस महान विद्या-केंद्र पर सुनियोजित आक्रमण किया गया, जिसमें माँ शारदा की प्रतिमाओं को खंडित किया गया, गुरुकुलों का विध्वंस किया गया तथा हजारों संस्कृत विद्यार्थियों की निर्मम हत्या कर उनके शवों को कुंडों में डाल दिया गया। उन्होंने इसे केवल एक स्थल का नहीं, बल्कि भारत की सनातन शिक्षा परंपरा और सांस्कृतिक चेतना के विनाश का षड्यंत्र बताया। राजपुरोहित मधुर जी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष बसंत पंचमी जैसे पावन पर्व पर हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं के साथ कठोरता और भेदभावपूर्ण व्यवहार किया जाता है, जबकि प्रशासन का सौतेला रवैया अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि हिंदुओं के जीवित रहते यदि माँ भगवती शारदा का यह पवित्र विद्या-पीठ आज भी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, तो यह पूरे हिंदू समाज के आत्मसम्मान पर आघात और कलंक का विषय है। उन्होंने सरकार और संबंधित प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र कोई ठोस एवं



सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आने वाले समय में व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। अंत में राजपुरोहित मधुर जी ने माँ शारदा की प्रतिमा को लंदन से पुनः भारत लाकर उनके मूल स्थान पर विधिवत पुनर्स्थापित करने की मांग की, ताकि सनातन संस्कृति, शिक्षा परंपरा और राष्ट्र के गौरव की पुनर्स्थापना हो सके। इस अवसर पर धनुर्वेदी अखाड़ा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल , भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री तरुण सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा का कारवां पहुंचा महराजगंज, विधेयक मंजूरी को लेकर जमकर नारेबाजी

**प्रतापगढ़।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ से आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएशन के बैनरतले निकली अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा शुक्रवार को दोपहर बाद कलेक्ट्रेट परिसर पहुंची। वाराणसी, मिर्जापुर, बलिया, देवरिया, गोरखपुर होते हुए महराजगंज पहुंची। अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा को लेकर कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन भवन के परिसर में वकीलों में गर्मजोशी का माहौल रहा। बार एसोसिएशन भवन के समक्ष प्रथम राष्ट्रपति डा.राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा के सामने एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के नेतृत्व में एकजुट हुए अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक को लेकर जमकर नारेबाजी की। इसके पहले अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा का नेतृत्व कर रहे एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने डा.राजेंद्र प्रसाद जी की प्रतिमा पर साथियों के साथ माल्यार्पण भी किया। यहां वकीलों की हुई आमसभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि संसद के नजदीकी बजट सत्र में केंद्र सरकार अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम का विधेयक लेकर आये। उन्होने कहा कि सत्ता एवं विपक्ष दोनों लाबी को सदन के पटल पर अधिवक्ताओं की सुरक्षा से जुड़े विधेयक को ध्वनि मत से पारित कराया जाना चाहिए। श्री शुक्ल ने विधेयक के मसौदे की जानकारी देते हुए बताया कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा के साथ इस विधेयक में बुजुर्ग अधिवक्ता पेंशन, कैशलेस हेल्थ बीमा योजना, पांच वर्ष के लिए युवा अधिवक्ता, लाइब्रेरी प्रोत्साहन भत्ता जैसे प्राविधान भी रखे गये हैं। परिसर में वरिष्ठ अधिवक्ता आशीष कुमार त्रिपाठी, उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश शुक्ल, आदि की अगुवाई में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम यात्रा का स्वागत भी किया गया। आमसभा की अध्यक्षता कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्र व संचालन महामंत्री ब्रजेश पटेल ने किया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कृष्ण नन्द त्रिपाठी, जगदीश प्रसाद श्रीवास्तव, प्रहलाद कुमार पटेल, अंकिता सिंह, एल बिलिएम,पूर्व महामंत्री धमेंद्र त्रिपाठी, प.राम कुमार त्रिपाठी व जनार्दन मिश्र आदि को संघर्ष में योगदान के लिए एसोसिएशन की ओर से सम्मान पत्र भी सौपा। इस मौके पर अधिवक्ता सत्य प्रकाश पासवान, सतीश चन्द्र प्रजापति, राकेश तिवारी, लाल श्रीवास्तव, राजेंद्र पटेल, वीरभद्र पाल,अब्दुल मन्नान सिद्दीकी आदि आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# दुनिया के लिए मुसीबत बन रहे हैं डोनाल्ड ट्रंप



डोनाल्ड ट्रंप ने सत्ता में आने के बाद अमेरिकी जनता से यूक्रेन युद्ध रुकवाने का वादा किया था. लेकिन नया साल शुरू होते ही उनके कदम दुनिया में शांति के बजाय तनाव और टकराव को बढ़ाते नजर आ रहे हैं. यूक्रेन युद्ध अभी खत्म भी नहीं हुआ कि मिडिल ईस्ट में आग भड़क चुकी है. इस बीच अब अमेरिका-रूस के बीच सीधा टकराव वैश्विक चिंता का कारण बन गया है. सवाल उठने लगा है कि क्या ट्रंप दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध की तरफ धकेल रहे हैं?हाल ही में अमेरिका ने उत्तरी अटलांटिक महासागर में रूसी झंडे वाले तेल टैंकर 'मरीनेरा' को जब्त कर लिया है. यह कार्रवाई अमेरिकी कोस्ट गार्ड और सेना के संयुक्त ऑपरेशन में की गई. अमेरिकी दावा है कि यह टैंकर प्रतिबंधों का उल्लंघन कर अवैध रूप से वेनेजुएला का तेल ले जा रहा था. यह वही टैंकर है जिसका पुराना नाम 'बेला-1' था और जिस पर 2024 में अमेरिका ने प्रतिबंध लगाए थे. बाद में इसका नाम बदलकर मरीनेरा कर दिया गया. आपको बता दें अमेरिकी साम्राज्यवाद, जिसे अक्सर सैन्य विस्तार, आर्थिक प्रभुत्व और सांस्कृतिक प्रभाव के मिश्रण के रूप में समझा जाता है, आज प्रत्यक्ष उपनिवेशवाद की जगह नीतिगत दबाव, वैश्विक संस्थानों, तकनीकी व वित्तीय ताकत के जरिए संचालित होता है। भारत के संदर्भ में यह प्रश्न इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि भारत एक ओर उभरती महाशक्ति है, तो दूसरी ओर अपने ऐतिहासिक गुटनिरपेक्ष रुख और रणनीतिक स्वायत्तता पर गर्व करता है। बहरहाल, भारत और अमेरिका के रिश्ते इस वक्त ऐसी ढलान पर हैं जहां तनाव हर बीतते दिन के साथ गहराता जा रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत के खिलाफ तीखी बयानबाजी और टेरिफ बढ़ाने की धमकियां अब सिर्फ जुबानी नहीं रही। बात अब अमेरिकी संसद तक पहुंच गई। दरअसल अमेरिकी सीनेट में एक ऐसा कानून आने वाला है जो भारत के लिए काफी भारी पड़ सकता है। वो ऐसे कि अमेरिकी सीनेट में रूस पर प्रतिबंध अधिनियम 2025 लाने की तैयारी है। यह बिल अमेरिका के दो सीनेटरों- लिंसे ग्राहम और रिचर्ड लुमथन ने मिलकर तैयार किया है। जिसे व्हाइट हाउस की हरी झंडी मिल चुकी है। मकसद साफ है रूस की आर्थिक नसों को काटना। लेकिन इसकी चपेट में भारत भी आता दिखाई दे रहा है। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से भारत ने रूस से जमकर सस्ता कच्चा तेल खरीदा है। लेकिन अब अमेरिका इसे बर्दाश्त करने के मूड में नहीं। इस नए बिल के तहत एक बेहद खतरनाक प्रावधान जोड़ा गया है। अगर रूस शांति वार्ता के लिए नहीं झुकता तो रूस से तेल, गैस या यूरेनियम खरीदने वाले देशों पर अमेरिका 500 प्रतिशत तक का टेरिफ लगा सकता है। भारत पर अमेरिका ने पहले ही रूसी तेल को लेकर अतिरिक्त टेरिफ लगाए हैं। दूसरी ओर, लंबे समय से चली आ रही प्रतिद्वंद्विता और व्यापारिक तनाव के बावजूद, ट्रंप प्रशासन ने चीन के साथ व्यवहार में सावधानी बरती है। इसका एक प्रमुख कारण दुर्लभ खनिजों, इलेक्ट्रिक वाहनों में प्रयुक्त महत्वपूर्ण घटकों, सेमीकंडक्टर, रक्षा उपकरणों और नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों पर बीजिंग का प्रभुत्व है। भले ही चीन रूसी तेल का दुनिया का सबसे बड़ा खरीदार बना हुआ है, लेकिन उस पर अतिरिक्त शुल्क नहीं लगाए गए हैं। इसके बजाय, राष्ट्रपति ट्रंप ने चीनी आयात पर नए शुल्क को स्थगित कर दिया, जिससे शुल्क 30 प्रतिशत पर बना रहा, जो भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए शुल्क से काफी कम है। इसके विपरीत, भारत के पास चीन जैसी रणनीतिक ताकत नहीं है। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से नई दिल्ली रियायती दरों पर रूसी तेल का एक प्रमुख खरीदार बन गया है, लेकिन महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखलाओं पर चीन की तरह उसका कोई दबदबा नहीं है। ट्रंप ने भारत की व्यापार नीतियों पर बार-बार असंतोष जताया है और नई दिल्ली पर अमेरिकी वस्तुओं पर उच्च शुल्क और बाधाएं बनाए रखने का आरोप लगाया है। कुल 50 प्रतिशत के ये शुल्क भारत द्वारा रूसी तेल की भारी मात्रा में खरीद के कारण लगाए गए हैं, जिसे अमेरिका यूक्रेन संघर्ष के बीच रूस की अर्थव्यवस्था को समर्थन देने वाला मानता है। इससे पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि रूस से तेल खरीदने पर भारत पर लगाए गए उच्च शुल्क को लेकर प्रधानमंत्री मोदी नाखुश हैं। हाउस ऑफ रिपब्लिकन पार्टी के सदस्यों की बैठक में ट्रंप ने कहा कि हालांकि संबंध सौहार्दपूर्ण बने हुए हैं, लेकिन शुल्क के मुद्दे ने तनाव पैदा कर दिया है। कहना न होगा कि अमेरिकी साम्राज्यवाद का स्वरूप अक्सर 'नियम-निर्माण' के माध्यम से दिखाई देता है, जिनमें व्यापार शर्तें, बौद्धिक संपदा अधिकार, डिजिटल शासन, और वित्तीय संस्थानों में प्रभाव शामिल हैं। भारत पर कभी-कभी व्यापार घाटे, डेटा स्थानीयकरण, दवा पेटेंट या मानवाधिकार जैसे मुद्दों पर दबाव देखा गया है। प्रतिबंधों की राजनीति और डॉलर आधारित वित्तीय व्यवस्था भी विकासशील देशों की नीतिगत स्वतंत्रता को सीमित कर सकती है। सांस्कृतिक स्तर पर भी अमेरिकी प्रभाव, हॉलीवुड, उपभोक्तावाद, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म-भारतीय समाज में आकांक्षाओं और जीवनशैली को प्रभावित करता है। यह प्रभाव अपने साथ अवसर और जोखिम दोनों लाता है- नवाचार, अभिव्यक्ति और वैश्विक जुड़ाव के अवसर, पर साथ ही स्थानीय भाषाओं, कलाओं और श्रम-संरचनाओं पर दबाव भी। ऐसे में, भारत की चुनौती यहां संतुलन साधने की है। एक ओर चीन जैसी आक्रामक शक्ति के बीच अमेरिका के साथ रणनीतिक सहयोग भारत की सुरक्षा चिंताओं के लिए उपयोगी है। दूसरी ओर, किसी एक शक्ति ध्रुव पर अत्यधिक निर्भरता भारत की रणनीतिक स्वायत्तता को कमजोर कर सकती है। इसलिए भारत बहुध्रुवीय विश्व का समर्थक रहा है, जहां अमेरिका, यूरोप, रूस, एशिया और वैश्विक दक्षिण सभी की भूमिका हो। नीति-निर्माण में आत्मनिर्भरता, विनिर्माण क्षमता, तकनीकी नवाचार और दक्षिण-दक्षिण सहयोग जैसे कदम अमेरिकी प्रभुत्व के संभावित नकारात्मक प्रभावों को संतुलित कर सकते हैं। साथ ही, लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन और मानवाधिकारों पर भारत का अपना दृष्टिकोण होना चाहिए। बदलते वैश्विक माहौल में अमेरिका खुद दुनिया के सामने मुसीबत के बीज बो रहा है और डोनाल्ड ट्रम्प इस सारे विवाद को जन्म दे रहे हैं।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# सत्य का अंतिम सत्य संकल्प,साहस, श्रम और सफलता

सत्य का अंतिम रूप साहस, श्रम और सफलता से होकर गुजरता है और यह बात पूर्णतः सही है कि सत्य परेशान किया जा सकता है पराजित नहीं, क्योंकि यदि सत्य और सच्चाई न होती तो मानव जीवन का अस्तित्व ही संभव न होता; पहाड़, झरने, नदियाँ, जंगल, पृथ्वी और प्रकृति के संतुलन से लेकर मनुष्य और अन्य जीवों तक सब कुछ प्राकृतिक सत्य की ही उपज है, परंतु यह भी उतना ही सच है कि मनुष्य अपने लालच, इच्छाओं, महत्वाकांक्षाओं और स्वार्थ के कारण त्वरित लाभ पाने के लिए झूठ, छल और दिखावे का सहारा लेकर जीवन की गहराइयों में उतर जाता है, जबकि अंततः सत्य ही अंतिम विजय प्राप्त करता है, किंतु आज की परिस्थितियों में सच्चाई जीवन के लगभग हर क्षेत्र से दूर होती जा रही है और जब हम स्वयं भ्रम में जी रहे हैं तो आने वाली पीढ़ी को हम कौन से नैतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्य सौंप पाएंगे, यह एक गंभीर प्रश्न बन गया है; आज के उत्तर आधुनिक समाज में उपभोक्तावादी सोच इतनी हावी हो चुकी है कि भौतिक साधनों और सुखों की प्राप्ति ही जीवन का एकमात्र लक्ष्य मान ली गई है, जिसके लिए झूठ, फरेब और साजिशें सामान्य व्यवहार बनती जा रही हैं, जबकि प्राचीन समय में समाज आत्मिक, सांस्कृतिक और मानवीय मूल्यों पर आधारित था, पर विकास की बदली हुई परिभाषा ने समाज को इस मोड़ पर ला खड़ा किया है जहाँ भौतिकता सर्वोपरि हो गई है और इसके परिणामस्वरूप आपसी रिश्तों की गर्माहट, भरोसा और संवेदनशीलता तेजी से समाप्त होती जा रही है; आज स्थिति यह है कि सत्य बोलना एक सामान्य आचरण न होकर कठिन साधना जैसा हो गया है, जबकि महात्मा गांधी ने अपने जीवन और विचारों में सत्य और अहिंसा को ही सामाजिक और नैतिक उत्थान का आधार माना था और उनका विश्वास था कि यदि व्यक्ति सत्य के प्रति निष्ठावान हो जाए तो समाज अपने आप ऊँचे स्तर तक पहुँच सकता है, क्योंकि सत्य और संयम व्यक्ति को आत्मबल, स्वाभिमान और आत्मसम्मान प्रदान करते हैं, वहीं असत्य मनुष्य को भीतर से कमजोर और अपराधबोध से ग्रस्त करता है; कबीरदास जैसे संतों ने भी सत्य को ईश्वर के समान माना और समाज को झूठ से दूर रहने की सीख दी, क्योंकि झूठ केवल व्यक्ति को ही नहीं बल्कि पूरे समाज को विकृत करता है और यही कारण है कि असत्य को सभी बुराइयों की जड़ माना गया है, आज भौतिक सुखों की अंधी दौड़ में पारिवारिक और सामाजिक रिश्ते केवल औपचारिक बनकर रह गए हैं और मनुष्य अपनी सुविधा और सफलता के लिए बिना संकोच झूठ का सहारा ले रहा है, जिससे सामाजिक व्यवहार में असंवेदनशीलता और अविश्वास बढ़ता जा रहा है; नैतिकता और अनैतिकता के बीच की महीन रेखा को पहचानने की क्षमता कमजोर पड़ती जा रही है और मनुष्य किसी भी साधन को सही ठहराने लगा है यदि उससे उसे लाभ मिलता हो, परिणामस्वरूप समाज में असंतुलन, विघटन और संबंधों का क्षय साफ दिखाई देता है; इतिहास भी गवाह है कि जब-जब समाज ने सत्य और नैतिकता से दूरी बनाई है तब-तब पतन की प्रक्रिया तेज हुई है, आज जब भौतिक संपन्नता को ही सफलता का मापदंड बना लिया गया है तब मानवीय संबंध, संवेदनाएं और सामाजिक जिम्मेदारियाँ पीछे छूटती जा रही हैं और नैतिक मूल्यों की परंपरा लगभग समाप्ति की ओर है, ऐसे समय में यदि सत्य, संयम और ईमानदारी को जीवन का आधार नहीं बनाया गया तो भारतीय समाज भी धीरे-धीरे उस दिशा में बढ़ जाएगा जहाँ रिश्ते, संवेदना और मानवीय गरिमा केवल शब्दों तक सीमित रह जाते हैं, और तब हम केवल पछतावे के सिवा कुछ नहीं कर पाएंगे; आज नैतिकता दूसरों को उपदेश देने की वस्तु बन चुकी है जबकि स्वयं के आचरण में उसका अभाव दिखाई देता है, मनुष्य जो स्वयं सामाजिक व्यवस्था का निर्माता है वही अब लोभ, आलस्य और संग्रह की प्रवृत्ति में फँसकर कम मेहनत में अधिक लाभ पाने के लिए झूठ और धोखे को सामान्य मानने लगा है, जो भारतीय सामाजिक ढाँचे के लिए शुभ संकेत नहीं है और यदि समय रहते सत्य आधारित जीवन दृष्टि को नहीं अपनाया गया तो सामाजिक और मानवीय मूल्यों का क्षरण और तेज होता चला जाएगा।

**संजीव ठाकुर**

# देवनागरी से डिजिटल मस्तिष्क तक: हिंदी की सभ्यतागत यात्रा

**[ एआई को मानवीय बनाने की भाषा: हिंदी का वैश्विक दायित्व ]**

**[ विश्व मंच पर भारत की आवाज़: हिंदी, एआई और मानवीय मूल्य ]**

जब कोई भाषा युगों की चेतना को समेटे हुए भविष्य की तकनीक से संवाद करने लगे, तब वह केवल संप्रेषण का साधन नहीं रहती, बल्कि राष्ट्र की आत्मा और दिशा बन जाती है। विश्व हिंदी दिवस 2026 इसी ऐतिहासिक परिवर्तन का सशक्त प्रतीक है। 10 जनवरी को मनाया जाने वाला यह दिवस केवल हिंदी के गौरवगान तक सीमित नहीं, बल्कि उसकी निरंतर विकसित होती वैश्विक भूमिका का उद्घोष है। इस वर्ष की थीम 'हिंदीः पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम बुद्धिमत्ता तक ', यह स्पष्ट करती है कि हिंदी अतीत की धरोहर और भविष्य की तकनीक के बीच सेतु बनकर खड़ी है। यह दिवस हमें स्मरण कराता है कि हिंदी केवल स्मृति नहीं, बल्कि संभावना है। विश्व हिंदी दिवस की पृष्ठभूमि हिंदी की वैश्विक यात्रा की गाथा है। 10 जनवरी 1975 को नागपुर में आयोजित प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन ने हिंदी को अंतरराष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में स्थापित किया। वर्ष 2006 में इसे आधिकारिक रूप से विश्व हिंदी दिवस घोषित किया गया। आज हिंदी विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, जिसे 60 करोड़ से अधिक लोग मातृभाषा के रूप में बोलते हैं और करोड़ों इसे समझते हैं। संयुक्त राष्ट्र में हिंदी को आधिकारिक भाषा का दर्जा दिलाने के प्रयास इस बात का प्रमाण हैं कि हिंदी अब केवल जनभाषा नहीं, बल्कि वैश्विक संवाद की सशक्त दावेदार बन चुकी है। हिंदी की सबसे बड़ी शक्ति उसका पारंपरिक ज्ञान है। वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत, पुराण, आयुर्वेद और योग जैसे ग्रंथ मानव सभ्यता को जीवन दर्शन, नैतिकता और संतुलन का मार्ग दिखाते हैं। यह ज्ञान केवल आध्यात्मिक नहीं, बल्कि वैज्ञानिक और व्यावहारिक भी है। आयुर्वेद की औषधियाँ आधुनिक चिकित्सा में स्थान बना रही हैं और योग को वैश्विक स्वास्थ्य आंदोलन के रूप में स्वीकार किया गया है। यह समस्त ज्ञान हिंदी के माध्यम से जन-जन तक पहुँचा और आज भी प्रासंगिक बना हुआ है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में हिंदी की भूमिका ऐतिहासिक मोड़ पर है। भारत एआई मिशन के अंतर्गत हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में स्वदेशी बड़े भाषा मॉडल विकसित किए जा रहे हैं। इनका उद्देश्य केवल तकनीकी उन्नति नहीं, बल्कि भारतीय संदर्भों, मूल्यों और सांस्कृतिक संवेदनाओं के अनुरूप एआई का निर्माण है। हिंदी में एआई शिक्षा को व्यक्तिगत, कृषि को वैज्ञानिक और स्वास्थ्य को समग्र बना रही है। प्राचीन ग्रंथों का डिजिटल अनुवाद और विश्लेषण अब तकनीक के माध्यम से संभव हो रहा है। वर्ष 2026 में भारत द्वारा आयोजित भारत एआई इम्पैक्ट समिट हिंदी की तकनीकी क्षमता को वैश्विक मंच प्रदान करता है। इस सम्मेलन में भारतीय भाषाओं, विशेषकर हिंदी, में जिम्मेदार और नैतिक एआई पर विशेष जोर दिया गया है। देवनागरी लिपि की ध्वन्यात्मक संरचना एआई के लिए अत्यंत उपयुक्त है। भारतीय स्टार्टअप्स हिंदी आधारित चैटबॉट, वॉइस असिस्टेंट और ज्ञान मंच विकसित कर रहे हैं। इसरो के गगनयान मिशन में हिंदी संवाद यह सिद्ध करता है कि अंतरिक्ष जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में भी हिंदी अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही है। हिंदी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का यह संगम केवल तकनीकी प्रयोग नहीं, बल्कि सांस्कृतिक उत्तरदायित्व है। यदि एआई को केवल विदेशी भाषाओं और संदर्भों में प्रशिक्षित किया जाए, तो वह स्थानीय संवेदनाओं से कट सकता है। हिंदी आधारित एआई भारतीय समाज की विविधता, नैतिकता और मानवीय मूल्यों को बेहतर ढंग से समझ सकता है। यह एआई न केवल सूचना देगा, बल्कि विवेकपूर्ण और संवेदनशील निर्णयों में सहायक बनेगा। यही कारण है कि हिंदी एआई का विकास भविष्य की अनिवार्यता बन चुका है। हालाँकि हिंदी के समक्ष चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर हिंदी सामग्री की कमी, अंग्रेजी-प्रधान एआई मॉडल और डिजिटल साक्षरता का अभाव प्रमुख बाधाएँ हैं। अनुवाद में त्रुटियाँ और तकनीकी संसाधनों तक सीमित पहुँच भी चिंता का विषय हैं। फिर भी 2026 आशा और अवसरों का वर्ष है। वैश्विक तकनीकी कंपनियाँ हिंदी वॉइस टेक्नोलॉजी में निवेश बढ़ा रही हैं और भारतीय प्रयास स्थानीय भाषाओं को केंद्र में ला रहे हैं। यदि संस्कृत और हिंदी ग्रंथों को एआई प्रशिक्षण डेटा बनाया जाए, तो हिंदी वैश्विक एआई में अग्रणी बन सकती है। हिंदी की समावेशी प्रकृति उसे भारत की राष्ट्रीय एकता का आधार बनाती है। यह 22 अनुसूचित भाषाओं को जोड़ने वाली सेतु है और इसमें संस्कृत, फारसी, अरबी सहित अनेक भाषाओं का प्रभाव समाहित है। यही विविधता इसे वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य बनाती है। प्रवासी भारतीयों के लिए हिंदी सांस्कृतिक स्मृति और पहचान का माध्यम है। अब एआई के माध्यम से हिंदी सीमाओं से परे जाकर भारतीय ज्ञान और मूल्यों को विश्व तक पहुँचा रही है। भविष्य की दृष्टि से हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनने की क्षमता रखती है। शिक्षा में हिंदी-एआई पाठ्यक्रम, विश्वविद्यालयों में पारंपरिक ज्ञान आधारित तकनीकी अध्ययन और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हिंदी प्रस्तुतियाँ इसे नई ऊँचाइयों तक ले जाएँगी। विश्व हिंदी दिवस को यदि एआई और भाषा के वैश्विक संवाद का मंच बनाया जाए, तो हिंदी नवाचार और मानवीय मूल्यों का केंद्र बन सकती है। अंतरिक्ष से लेकर डिजिटल संसार तक, प्रयोगशालाओं से लेकर कक्षाओं तक, हिंदी की उपस्थिति भारत की वैश्विक नेतृत्व क्षमता को सुदृढ़ कर रही है। गगनयान जैसे मिशनों में हिंदी संचार बढ़ना यह संकेत देता है कि भविष्य की तकनीक भारतीय भाषाओं के साथ आगे बढ़ेगी। हिंदी का यह तकनीकी विस्तार भारत को केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि नवाचार का नेतृत्वकर्ता बनाएगा। विश्व हिंदी दिवस 2026 केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि हिंदी के वर्तमान और भविष्य को दिशा देने वाला एक गहन वैचारिक संकल्प है। यह संकल्प इस विश्वास पर आधारित है कि हिंदी अपनी सांस्कृतिक जड़ों, नैतिक मूल्यों और ज्ञान परंपरा को सुदृढ़ रखते हुए आधुनिक विज्ञान और उभरती तकनीकों का नेतृत्व कर सकती है। 'हिंदीः पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम बुद्धिमत्ता तक' की थीम यह स्पष्ट करती है कि सच्ची प्रगति वही है जिसमें तकनीकी नवाचार मानवीय संवेदना, विवेक और करुणा से जुड़ा हो। इस 10 जनवरी को हम सामूहिक रूप से यह प्रण लें कि हिंदी को केवल संवाद की नहीं, बल्कि नवाचार, मानवीय मूल्यों और वैश्विक समझ की सशक्त भाषा बनाएँ। यही हिंदी की वास्तविक शक्ति, पहचान और विजय है – जय हिंदी।

**प्रो. आरके जैन**

# संपादकीय

## स्वामी विवेकानंद केविचारों की वह अग्नि जो भारत को अतीत से भविष्य तक जोड़ती है



भारत की आत्मा को यदि किसी एक व्यक्तित्व में समझना हो, तो स्वामी विवेकानंद का नाम सबसे पहले सामने आता है। विश्वकवि रवीन्द्रनाथ टैगोर का यह कथन कि यदि आप भारत को जानना चाहते हैं तो विवेकानंद को पढ़िए केवल प्रशंसा नहीं बल्कि एक ऐतिहासिक सत्य है। वहीं रोमां रोलां ने उन्हें ऐसा व्यक्तित्व बताया, जिनका द्वितीय होना असंभव है। इन दोनों महान चिंतकों की यह धारणा यूं ही नहीं बनी। स्वामी विवेकानंद ने न केवल भारत की आध्यात्मिक चेतना को विश्व पटल पर प्रतिष्ठित किया, बल्कि गुलामी से जूझ रहे भारत को आत्मविश्वास, स्वाभिमान और कर्मशीलता का नया दर्शन दिया। स्वामी विवेकानंद केवल एक संन्यासी नहीं थे। वे एक ऐसे विचारक थे जिनमें संत की करुणा, योद्धा का साहस, दार्शनिक की गहराई और राष्ट्रनिर्माता की दूरदृष्टि एक साथ विद्यमान थी। उनका जीवन स्वयं एक संदेश था कि आध्यात्मिकता पलायन नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के उत्थान का सबसे सशक्त माध्यम हो सकती है। उन्होंने भारत को उसकी जड़ों से जोड़ा और साथ ही उसे आधुनिक विश्व से संवाद करने का साहस दिया। नरेन्द्रनाथ दत्त के जीवन में आए संघर्षों ने उनके विचारों को और भी धार दी। पिता की असमय मृत्यु के बाद आर्थिक संकट ने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया। उसी दौर में रामकृष्ण परमहंस से उनका मिलन हुआ, जो उनके जीवन की दिशा तय करने वाला क्षण बना। मां काली से धन की याचना करने के बजाय ज्ञान और भक्ति की आकांक्षा ने यह स्पष्ट कर दिया कि नरेन्द्र का मार्ग सामान्य नहीं होगा। यहीं से सांसारिक मोह से ऊपर उठकर मानवता की सेवा का बीज उनके भीतर अंकुरित हुआ। रामकृष्ण परमहंस के सान्निध्य में उन्हें यह बोध हुआ कि ईश्वर केवल मंदिरों में नहीं, बल्कि भूखे, पीड़ित और शोषित मनुष्य में बसता है। यही विचार आगे चलकर स्वामी विवेकानंद के सामाजिक दर्शन की आधारशिला बना। गुरु के महाप्रयाण के बाद उनका भारत भ्रमण केवल यात्रा नहीं, बल्कि राष्ट्र की नब्ज़ टटोलने की प्रक्रिया थी। देश में फैली गरीबी, अज्ञान और सामाजिक विषमता ने उन्हें विचलित किया, लेकिन निराश नहीं। उन्होंने समझ लिया कि भारत की समस्या का समाधान भी भारत की आत्मा में ही छिपा है। कन्याकुमारी के सागर तट पर ध्यान के दौरान उन्हें यह स्पष्ट हुआ कि नए भारत का निर्माण आत्मगौरव, शिक्षा और सेवा के बिना संभव नहीं है। यही चेतना उन्हें शिकागो की विश्व धर्म संसद तक ले गई। मात्र तीस वर्ष की आयु में दिए गए उनके भाषण ने पूरी दुनिया को चकित कर दिया। सिस्टर्स एंड ब्रदर्स ऑफ अमेरिका के संबोधन के साथ जो तालियां बजीं, वे केवल एक वक्ता के लिए नहीं, बल्कि भारत की आत्मा के सम्मान में थीं। उस भाषण ने यह स्थापित कर दिया कि भारत भले ही आर्थिक रूप से पिछड़ा हो, लेकिन आध्यात्मिक दृष्टि से वह विश्व का मार्गदर्शक रहा है। शिकागो के मंच से स्वामी विवेकानंद ने वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को वैश्विक चेतना में रूपांतरित किया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कट्टरता, संकीर्णता और हिंसा की आलोचना की और सहिष्णुता, संवाद तथा करुणा को मानवता का आधार बताया।

यह वही भारत था, जिसे औपनिवेशिक ताकतें पिछड़ा और रहस्यमय बताती थीं, लेकिन विवेकानंद ने उसे ज्ञान, विवेक और सार्वभौमिकता का प्रतीक बना दिया। धर्म संसद के बाद स्वामी विवेकानंद विश्व प्रसिद्ध हो गए, लेकिन उन्होंने इस प्रसिद्धि को कभी व्यक्तिगत गौरव नहीं बनने दिया। भारत लौटकर उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की, जो उनके विचारों का संस्थागत रूप था। यह मिशन संन्यास और सेवा का अद्भुत संगम बना। अस्पताल, विद्यालय, महाविद्यालय और राहत कार्यों के माध्यम से मिशन ने यह सिद्ध किया कि आध्यात्मिकता का वास्तविक अर्थ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है। स्वामी विवेकानंद का सबसे बड़ा योगदान यह था कि उन्होंने भारतीय युवाओं को हीन भावना से बाहर निकाला। उनका आह्वान,उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत। आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने युवाओं को बताया कि शक्ति, आत्मविश्वास और चरित्र निर्माण के बिना न तो व्यक्ति आगे बढ़ सकता है और न ही राष्ट्र। यही कारण है कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान गांधी, सुभाष, अरविंद जैसे नेताओं पर विवेकानंद के विचारों की स्पष्ट छाया दिखाई देती है। यदि पुरानी और नई विचारधारा के अंतर को समझें, तो स्वामी विवेकानंद इस सेतु के रूप में दिखाई देते हैं। पुरानी विचारधारा में आध्यात्मिकता अक्सर संन्यास, वैराग्य और संसार-त्याग से जुड़ी थी। नई विचारधारा में भौतिक प्रगति, विज्ञान और व्यक्तिगत सफलता पर जोर है। विवेकानंद ने इन दोनों के बीच संतुलन स्थापित किया। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता जीवन से पलायन नहीं, बल्कि जीवन को सशक्त बनाने का माध्यम है। वहीं आधुनिकता अंधी न हो, बल्कि मूल्यों से जुड़ी हो। पुरानी सोच में जाति, रूढ़ि और कर्मकांड का बोलबाला था, जबकि नई सोच कई बार परंपरा से कट जाने का जोखिम उठाती है। विवेकानंद ने परंपरा की आत्मा को बचाते हुए रूढ़ियों को तोड़ा। उन्होंने कर्मकांड के बजाय कर्म को महत्व दिया और जाति के बजाय मानवता को। आज के उपभोक्तावादी युग में, जहां सफलता को केवल धन और पद से मापा जाता है, विवेकानंद हमें याद दिलाते हैं कि सच्ची सफलता चरित्र, सेवा और संवेदना में निहित है। चार जुलाई 1902 को मात्र उन्तालीस वर्ष की आयु में स्वामी विवेकानंद का देहावसान हो गया, लेकिन उनका विचारकाल अनंत है। उनका जीवन यह प्रमाण है कि अल्पायु में भी महाकालिक प्रभाव छोड़ा जा सकता है। वे केवल अपने समय के नहीं थे, बल्कि हर उस युग के हैं, जहां मनुष्य आत्मविश्वास खोता है और राष्ट्र दिशा भटकता है। आज जब भारत विश्व मंच पर नई भूमिका निभा रहा है, तब विवेकानंद के विचार पहले से अधिक प्रासंगिक हो उठते हैं। आत्मनिर्भरता, वैश्विक बंधुत्व और युवा शक्ति का जो सपना वे देख गए थे, वह आज भी हमारे सामने लक्ष्य की तरह खड़ा है। स्वामी विवेकानंद केवल इतिहास के पन्नों में कैद संत नहीं, बल्कि विचारों की वह ज्वाला हैं, जो भारत को अतीत की जड़ों से जोड़ते हुए भविष्य की ओर निरंतर अग्रसर करती रहती है।

**कांतिलाल मांडोत**

# अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से दूरी: अमेरिका की नई रणनीति क्यों?




द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात जिस वैश्विक व्यवस्था का निर्माण हुआ, उसका उद्देश्य था,युद्ध की पुनरावृत्ति रोकना, सहयोग को बढ़ावा देना और शक्ति-संतुलन स्थापित करना। संयुक्त राष्ट्र (यूएन), विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), यूनेस्को, विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) तथा पेरिस जलवायु समझौते जैसी बहुपक्षीय संस्थाएँ इसी सोच की उपज थीं। इन संस्थाओं के गठन, वित्तपोषण और नीति-निर्धारण में अमेरिका की केंद्रीय भूमिका रही। इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक में दृश्य उलट चुका है। अमेरिका ने कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं दूरी बनाना शुरू कर दिया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में अमेरिका ने 31 यूएन एजेंसियों और 35 गैर-यूएन अंतरराष्ट्रीय संगठनों एवं संधियों से बाहर निकलने का निर्णय लेते हुए इन संस्थाओं को अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक हितों और संप्रभुता के लिए 'खतरा' बताया गया। यह केवल किसी एक राष्ट्रपति की सनक नहीं, बल्कि अमेरिकी राजनीति में आए संरचनात्मक परिवर्तन और वैश्विक प्रभुत्व बनाए रखने की रणनीति का संकेत है। शीत युद्ध के बाद उभरी एकध्रुवीय व्यवस्था अब इतिहास बन चुकी है। चीन का आर्थिक और तकनीकी उभार, भारत का वैश्विक आर्थिक मंच पर सशक्त होना, रूस की सैन्य पुनर्सक्रियता, ब्रिक्स समूह का विस्तार तथा वैश्विक दक्षिण की बढ़ती मुखरता ने शक्ति-संतुलन को बदल दिया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा, डब्ल्यूटीओ या जलवायु सम्मेलनों जैसे मंचों पर अब निर्णय केवल किसी शक्तिशाली देश की इच्छा से नहीं होते अपितु बहुमत से होते है।इसी व्यवस्था में अमेरिका को कई बार अल्पमत में रहना पड़ा है। ट्रम्प प्रशासन ने इसी कारण बहुपक्षवाद को 'बोझिल', 'अप्रभावी' और 'अमेरिकी हितों के विरुद्ध' करार दिया। वस्तुतः यह उस असहजता की अभिव्यक्ति है, जहाँ अमेरिका अब नियम तय करने वाला अकेला शक्ति-केंद्र नहीं रहा। अमेरिका स्वयं को 'नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था' का सबसे बड़ा पैरोकार बताता है, किंतु व्यवहार में वह नियमों का पालनकर्ता नहीं, बल्कि नियम-निर्धारक बनना पसंद करता है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पत्नी सहित अगुवा करने की धमकी, ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने की इच्छा, चीन और भारत सहित अनेक देशों पर एकतरफा टैरिफ लगाने जैसे कदम अंतरराष्ट्रीय कानून और संस्थागत प्रक्रियाओं की अनदेखी के उदाहरण हैं।इसके विपरीत, अंतरराष्ट्रीय संस्थाएँ समान नियमों की वकालत करती हैं, फिर चाहे वह पेरिस समझौते के तहत जलवायु उत्सर्जन की जिम्मेदारी हो, यूएन मानवाधिकार परिषद के मानवाधिकार मानक हों या जिनेवा संधियों के युद्ध नियम। जैसे ही ये मानक अमेरिका या उसके रणनीतिक सहयोगियों (जैसे इजरायल) पर लागू होते हैं,तब ऐसी संस्थाओं को 'पक्षपाती' और 'अमेरिका-विरोधी' घोषित कर दिया जाता है। अमेरिका का 2017 में पेरिस जलवायु समझौते से हटना और 2018 में यूएन मानवाधिकार परिषद से बाहर निकलना इसी मानसिकता के स्पष्ट उदाहरण हैं। अमेरिकी नव-राष्ट्रवाद ने अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को 'संप्रभुता-भक्षक' के रूप में प्रस्तुत किया है वहीं 'अमेरिका फर्स्ट' का नारा घरेलू राजनीति में व्यापक जनसमर्थन जुटाने का साधन बना। शायद इसी कारण बहुपक्षीय प्रतिबद्धताओं को घरेलू समस्याओं जैसे रोजगार, कर और सुरक्षा आदि के लिए जिम्मेदार ठहराया गया। परिणामस्वरूप, वैश्विक सहयोग की जगह संकीर्ण राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी गई। वास्तव में अमेरिका की यह नीति संस्थाओं की कमजोरी से अधिक उसकी बदली हुई वैश्विक स्थिति की स्वीकारोक्ति है। बहुध्रुवीय विश्व में नियमों के अधीन रहना अमेरिका को स्वीकार नहीं क्योंकि उससे अमेरिकी हितों की पूर्ति नहीं होती, विस्तार वादी नीति को समर्थन नहीं मिलता, दूसरे देशों के संसाधनों को हड़पने का मौका नहीं मिलता। प्रश्न यह नहीं कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाएँ अप्रासंगिक हो गई हैं, बल्कि यह है कि क्या विश्व एक ऐसे दौर में प्रवेश कर रहा है जहाँ 'संस्थागत सहयोग' के स्थान पर 'शक्ति का एकतरफा प्रदर्शन' ही नई वैश्विक नीति बनेगा।

**डा.मनमोहन प्रकाश**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### एनएसयूआई कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करना समय की मांग

**देवरिया।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन उत्तर प्रदेश पूर्वी जोन के प्रदेश अध्यक्ष ऋषभ पाण्डेय के देवरिया आगमन पर टाउन हॉल स्थित कांग्रेस कार्यालय परिसर में छात्रों ने उनका जोरदार स्वागत किया। ऋषभ पाण्डेय ने अभिवादन स्वीकार करते हुए छात्रों का आभार जताया और संगठन की वर्तमान स्थिति व भविष्य की रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि एनएसयूआई कांग्रेस की छात्र इकाई है और इसे जमीनी स्तर पर मजबूत करना समय की मांग है। जिले के महाविद्यालयों में संगठन के पदाधिकारियों को छात्रों से सीधा जुड़ाव बनाने और संगठनात्मक समन्वय को सुदृढ़ करने का आह्वान किया गया। इस दौरान पम्पलेट के माध्यम से अभियान के उद्देश्य, कार्यशैली और लक्ष्य की जानकारी दी गई तथा राहुल गांधी के हाथ मजबूत करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में रवि पाण्डेय, धन्नजय यादव, संदीप यादव, विख्यात भट्ट, दुर्गेश निषाद, अमित गुप्ता, रवि यादव सहित सैकड़ों छात्र उपस्थित रहे।

### त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण की संशोधित समय-सारिणी जारी

**देवरिया।** जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं नगरीय निकाय दिव्या मित्तल ने त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण की संशोधित समय-सारिणी जारी की है। दावे-आपत्तियों के निस्तारण, पांडुलिपियों की तैयारी तथा डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन की कार्यवाही 7 जनवरी से 20 फरवरी तक होगी। इसके बाद पूरक सूचियों का कंप्यूटरीकरण व मतदान केंद्रों का निर्धारण 21 फरवरी से 16 मार्च तक किया जाएगा। मतदाता सूचियों का क्रमांकन, मैपिंग एवं प्रतियां 17 से 27 मार्च तक तैयार होंगी। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 28 मार्च 2026 को किया जाएगा। सार्वजनिक अवकाशों में भी कार्य जारी रहेगा।

### निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समय से कराएं : जिलाधिकारी



**सिद्धार्थनगर-** नगर निकाय के कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा नगर पालिका/नगर पंचायतों में कराये जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समय से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। नगर पंचायत शोहरतगढ़ में कार्यों की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रगति लाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही गौशाला में सीसीटीवी कैमरा लगवाने का निर्देश दिया। गौवंश हेतु हरा चारा आदि की व्यवस्था कराने का भी निर्देश दिया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी नवीन कुमार सिंह, सचिन कुमार सहित जिले के नगर पालिका/नगर पंचायत एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### पूर्व प्रमुख ने कंबल वितरण के साथ जन्म दिन मनाया

**टिकरी।** शुक्रवार को पूर्व ब्लॉक प्रमुख आजाद विक्रम सिंह का जन्मदिन बडे हर्षोल्लास के साथ मधवापुर स्थित आवास पर मनाया गया। राजेश विक्रम सिंह, सौरभ सिंह भदौरिया, विपुल सिंह जिपंस प्रतिनिधि संजय गुर्जर, सुभापा पार्टी के जिलाध्यक्ष पप्पू राजभर, राष्ट्रीय सचिव समाजवादी छात्र संघ के सिद्धार्थ सिंह, प्रधान रंजीत मौर्या, प्रधान गिरधारी चौहान, प्रधान शोभाराम राजभर, प्रधान विनोद चौहान, प्रधान संतोष यादव व धर्मेंद्र यादव ने पूर्व प्रमुख मनकापुर का माल्यार्पण कर केक काटा। पूर्व प्रमुख ने क्षेत्र के दस हजार से अधिक लोगों को कंबल, नव वर्ष का कलेंडर व जरुरतमंदो को हरसंभव सहयोग राशि भी वितरित किया। इस दौरान सामुदायिक सेवा और लोकप्रियता दिखने को मिला। पूर्व प्रमुख ने बताया कि वह धूमधाम से जन्म दिन का आयोजन करते हैं। जिसमें स्थानीय लोग और समर्थक शामिल होते हैं। जन्मदिन के मौके पर कंबल वितरण जैसी गतिविधियां करके गरीबों और जरूरतमंदों की मदद की जाती है। इस दौरान क्षेत्रों से हजारों लोग बधाइयां देने शामिल हुए।

## ख़जनी के पडियापार में बड़ी चोरी से मचा हड़कंप, जनरल स्टोर का शटर तोड़ 50 हजार से अधिक का माल व नकदी उड़ा ले गए चोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ख़जनी - गोरखपुर।** जनपद के ख़जनी थाना क्षेत्र अंतर्गत पडियापार गांव में बीती रात हुई बड़ी चोरी की घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। ख़जनी मुख्य मार्ग पर स्थित एक जनरल स्टोर को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए दुकान का शटर तोड़ दिया और नकदी समेत हजारों रुपये का सामान चोरी कर फरार हो गए। घटना के बाद से स्थानीय व्यापारियों में भय और आक्रोश का माहौल है, वहीं पुलिस की रात्रि गश्त व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पडियापार निवासी सुनील पाण्डेय पुत्र स्वर्गीय सूर्य नारायण पाण्डेय की गांव में 'पाण्डेय जनरल मर्चेन्ट एवं जलपान गृह' के नाम से दुकान है। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि वह 8 जनवरी 2026 की रात लगभग 9 बजे दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। सुबह करीब 6 बजे जब वह रोज की तरह दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि दुकान का शटर टूटा हुआ है और अंदर रखा सारा सामान बिखरा पड़ा है। यह दृश्य देखकर वह स्तब्ध रह गए।

दुकान की जांच करने पर पता चला कि चोर करीब 50 किलो दाल, सरसों तेल के तीन गत्ते, काजू, बादाम व किशमिश की पेटियां, साबुन, सर्फ, रिफाइंड तेल (लगभग 30 लीटर), घी, मूंग दाल, काबुली चना, गल्ला, बेल्ट, पर्स सहित अन्य कीमती सामान उठा ले गए। इसके अलावा गल्ले में रखे लगभग 1500 रुपये नकद भी चोरी कर लिए गए। कुल मिलाकर चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत 50 हजार रुपये से अधिक बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के दुकानदार और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए। व्यापारियों ने बढ़ती चोरी की घटनाओं को लेकर नाराजगी जताई और कहा कि क्षेत्र में रात्रि गश्त लगभग न के बराबर है, जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिस ने प्रभावी कदम नहीं उठाए, तो इस तरह की घटनाएं और बढ़ सकती हैं।

पीड़ित दुकानदार ने ख़जनी थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है तथा संदिग्धों की तलाश जारी है। फिलहाल इस चोरी की वारदात ने क्षेत्र की कानून-व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। व्यापारी वर्ग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है और पुलिस प्रशासन से जल्द खुलासे के साथ रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग कर रहा है।

## राष्ट्रभक्ति और सनातन संस्कृति एक-दूसरे के पूरक



**देवरिया।** सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर के प्रांगण में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि दीपक जी विभाग प्रचारक ने कहा कि राष्ट्रभक्ति और सनातन संस्कृति एक-दूसरे के पूरक हैं। वंदे मातरम् जैसी अवधारणाएं हमारी सनातन परंपरा की देन हैं, जिनसे प्रेरित होकर असंख्य वीरों ने देश के लिए बलिदान दिया। उन्होंने समाज को जातिगत खांचों में बाँटने की साजिशों से सावधान रहने का आह्वान किया। प्रो. रजनी त्रिपाठी ने मातृशक्ति की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मां परिवार, समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। मानस हंस अखिलेश दास ने श्रीराम को राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गणेश शंकर शर्मा ने की। संचालन श्रवण सिंह ने किया। छात्राओं की काव्य-नाटिका और भजनों ने वातावरण को देशभक्ति से भर दिया। अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पटना की टीम ने गोरखपुर को 1-0 से रौंदा -फुटबाल प्रतियोगिता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रूद्रपुर ,देवरिया।** स्व0 पंडित खेदन त्रिपाठी की स्मृति में आदर्श टाउन क्लब सेवा समिति द्वारा संचालित एवं एकलव्य फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र के तत्वावधान में आयोजित छः दिवसीय ऑल इंडिया फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुक्रवार को दुग्धेश्वर नाथ इंटर कॉलेज के मैदान में पटना (बिहार) और मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। मुख्य अतिथि पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष एवं युवा नेता अखिलेश यादव ने फीता काटकर मैच का शुभारंभ किया। दोनों टीमों के बीच खेले गए इस कड़े मुकाबले में हाफ टाइम तक कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। हाफ टाइम के सातवें मिनट में पटना के 29 नंबर जर्सीधारी खिलाड़ी सोहेल ने शानदार गोल दागकर टीम को 1-0 की निर्णायक बढ़त दिलाई। अंतिम समय तक गोरखपुर की टीम बराबरी नहीं कर सकी और मुकाबला पटना के नाम रहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पटना के सोहेल को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस अवसर पर आयोजन समिति के संयोजक ई. करूणेश त्रिपाठी, अध्यक्ष सज्जाद अली, कोच मोइनुद्दीन अहमद सहित राणाप्रताप सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, सभासद प्रतिनिधि रामप्रवेश भारती, आशुतोष गांधी, प्रेम तिवारी, सोनू गुप्ता, मनीष कुमार मद्धेशिया, बृजेश यादव, मनोज भाटिया, नंदलाल मद्धेशिया,ओमप्रकाश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे। मैच में निर्णायक की भूमिका नीरज श्रीवास्तव, रिंकू कुमार, सूरज गोंड़ व श्रवण कुमार ने निभाई, जबकि कमेंट्री तारकेश्वर विश्वकर्मा, विनय गुप्ता एवं सज्जाद अली ने की। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता के तीसरे दिन शनिवार 10 जनवरी को रूद्रपुर और मऊनाथ भंजन के बीच मुकाबला खेला जाएगा।

## हर घर नल योजना के तहत पानी टंकी निर्माण का शुभारंभ

### ●पडरौना नगरध्यक्ष विनय जायसवाल द्वारा किया गया शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कुशीनगर।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी जनकल्याणकारी योजना 'हर घर नल योजना' के अंतर्गत नगर पालिका परिषद पडरौना के विशुनपुरा वार्ड में निर्माणाधीन पानी टंकी का विधिवत पूजन-अर्चन कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजन कराकर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप नगर के प्रत्येक नागरिक को शुद्ध, सुरक्षित एवं निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराना नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि पानी टंकी के निर्माण से बिशनपुरा वार्ड सहित आसपास के क्षेत्रों में जलापूर्ति व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा लोगों को लंबे समय से चली आ रही जल समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। यह परियोजना स्वास्थ्य सुधार के साथ-साथ क्षेत्र के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। जायसवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाएं तेजी से धरातल पर उतर रही हैं और आमजन को उनका सीधा लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में सहायक अभियंता रमेश चंद्र, अधिशासी अभियंता रामेश्वर प्रसाद, प्रोजेक्ट मैनेजर संजीव कुमार, राघव गोयल, माधव गोयल, राजेश जायसवाल, संतोष यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने इस योजना को नगर के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए नगर पालिका परिषद के प्रयासों की सराहना की।

## जानलेवा साबित हो रहा ट्रकों का नगर में प्रवेश

### ●- रिंग रोड की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रूद्रपुर, देवरिया।** बड़े ट्रकों का नगर में प्रवेश जहां एक तरफ जाम की समस्या को बढ़ा रहा है वही जानलेवा भी साबित हो रहा है। बड़े व लंबे ट्रकों के प्रवेश के चलते खजुहा चौराहा, आदर्श चौराहा व सेमरौना तिराहे पर हर वक्त जाम की स्थिति बनी रहती है। वहीं दूसरी ओर देवरिया की तरफ जाने वाली ट्रैकों के चलते बस स्टेशन इमामबाड़ा तिराहा व खजुहा चौराहा आदर्श चौराहा तथा सेमरौना तिराहे पर भी पर्याप्त जाम लगता है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति सायंकाल बाजार के समय होती है। जाम के चलते बस स्टेशन इमामबाड़ा तिराहा व खजुहा चौराहा से होकर आवागमन करने वाले राहगीर व दुकानदार आजिज आ चुके हैं। उन्हें इस समस्या का कोई स्थाई हल नहीं मिल पा रहा है। गौरी बाजार की तरफ से आने वाली कुछ ट्रकें पश्चिमी बाईपास होते हुए कपरवार की तरफ निकल जाती हैं किंतु ज्यादातर ट्रकें खजुहा चौराहे से नगर में प्रवेश करके आदर्श चौराहा वक्षसिमरौना तिराहा होते हुए असवनपार के रास्ते बड़हलगंज की तरफ जाती हैं। रुद्रपुर से असवनपार होते हुए बड़हलगंज की दूरी कम होने के नाते ज्यादातर ट्रक चालक इसी रास्ते का इस्तेमाल करते हैं। इन ट्रैकों के चलते पूरे दिन भर खजुहा चौराहे पर जाम की स्थिति बनी रहती है। चौराहा संकरा होने व ठेले वालों के कारण ट्रैकें अक्सर फंस जाती हैं जिससे आवागमन बाधित होता रहता है। उपनगर वासियों ने जनप्रतिनिधियों के माध्यम से रुद्रपुर के पूर्वी छोर पर एक रिंग रोड बनवाने की मांग की है जिससे रुद्रपुर होते हुए बड़हलगंज की तरफ जाने वाली ट्रैकों का मार्ग सुलभ हो जाए और ट्रैकें नगर में प्रवेश न कर पाएं। लोगों ने प्रशासन से मांग किया कि बड़े ट्रैकों का आगमन रात्रि काल में ही कराया जाए। दिन के समय ट्रकों का आवागमन रोक दिया जाए जिससे नगर वासी जाम के झाम से मुक्ति पा सकें। खजुहा चौराहा निवासी सतीश जायसवाल, अशोक मिश्रा, सुनील मोदनवाल, जयप्रकाश मोदनवाल, अनिल पटेल तो वहीं बस स्टेशन के पास रहने वाले दुकानदार शुभम जायसवाल, कृष्णा विश्वकर्मा, घनश्याम गुप्ता आदि ने रुद्रपुर के पूर्वी छोर पर रिंग रोड बनाने की मांग की है।

## गोरखपुर जोन में पुलिस का बड़ा एक्शन: 48 घंटे में 353 अपराधी गिरफ्तार, कानून-व्यवस्था पर सख्त संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** अपराधियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करते हुए गोरखपुर जोन पुलिस ने 48 घंटे के भीतर बड़ी सफलता हासिल की है। अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) गोरखपुर जोन मुथा अशोक जैन के स्पष्ट और कड़े निर्देशों पर जोन के सभी जनपदों में 07 से 08 जनवरी 2026 तक विशेष सघन अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत कुल 300 वारण्टी और 53 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कानून के शिकंजे में लिया गया। एडीजी जोन ने अभियान से पहले ही सभी जनपदों को निर्देशित किया था कि वारण्टियों और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। पर्याप्त संख्या में पुरुष एवं महिला पुलिसकर्मियों को शामिल करते हुए योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी जाए और शत-प्रतिशत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। निर्देशों के अनुपालन में पुलिस टीमों ने देर रात तक छापेमारी कर फरार चल रहे अपराधियों को उनके ठिकानों से धर दबोचा।

अभियान के दौरान पुलिस ने तकनीकी संसाधनों, स्थानीय खुफिया तंत्र और बीट पुलिस की मदद से चिन्हित अपराधियों पर शिकंजा कसा। कई मामलों में लंबे समय से फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी से पीड़ितों को न्याय की उम्मीद जगी है। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों को विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और आमजन में सुरक्षा की भावना बढ़ाने के उद्देश्य से चलाया गया। एडीजी जोन मुथा अशोक जैन ने अभियान में शामिल सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ यह मुहिम आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून से बचने वालों के लिए गोरखपुर जोन में कोई जगह नहीं है।

पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील की है। अधिकारियों ने कहा कि यदि कहीं भी संदिग्ध गतिविधि नजर आए तो तत्काल पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। इस सघन अभियान ने न सिर्फ अपराधियों में खौफ पैदा किया है, बल्कि आम लोगों में यह भरोसा भी मजबूत किया है कि पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर है।

## न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ एससी/एसटी उत्पीड़न का मुकदमा, पीड़ित परिवार को दो साल बाद मिली न्याय की राह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ग़ोला गोरखपुर-** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम जिगिनी बुजुर्ग में दलित उत्पीड़न, तोड़फोड़, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी का गंभीर मामला सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर गोला थाने में कई नामजद आरोपियों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। यह घटना न केवल कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि पीड़ित परिवार को न्याय पाने के लिए दो वर्षों तक संघर्ष करने की कहानी भी बयां करती है। पीड़िता कुसुम देवी के अनुसार, 17 जून 2023 की सुबह करीब 6 बजे गांव के ही राजेश व चक्रधारी पुत्रगण रघुवंश पांडेय, गोविंद पुत्र जग्गेश, अनिरुद्ध पुत्र मार्कण्डेय, अशोक पांडेय पुत्र हरखचंद तथा कुछ अज्ञात लोग उनके घर पहुंचे। आरोप है कि सभी ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का कहना है कि हमलावरों का दुस्साहस इतना बढ़ा हुआ था कि पुलिस के पहुंचने के बावजूद उन्होंने उत्पात मचाना बंद नहीं किया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पीड़िता ने तत्काल डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को बुलाया। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आरोप है कि पुलिस के सामने ही आरोपियों ने पीड़िता के घर का नाद-खूंटा तोड़ दिया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस द्वारा केवल आश्वासन दिया गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद पीड़िता ने उच्चाधिकारियों से भी शिकायत की, किंतु वहां से भी उन्हें निराशा ही हाथ लगी। पीड़िता ने बताया कि यह पूरी घटना उनके पति द्वारा आरोपियों के यहां बेगारी करने से इनकार करने के कारण अंजाम दी गई। सामाजिक दबदबे और जातिगत द्वेष के चलते पीड़ित परिवार को लगातार प्रताड़ित किया जाता रहा। अंततः थक-हार कर पीड़ित परिवार को न्यायालय की शरण लेनी पड़ी, जहां से आदेश मिलने के बाद अब जाकर मामला दर्ज हो सका।

इस संबंध में गोला थाना प्रभारी राहुल शुक्ला ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 147 (दंगा), 504 (जानबूझकर अपमान), 506 (आपराधिक धमकी), 427 (नुकसान पहुंचाना) तथा एससी/एसटी अधिनियम की धारा 3(1)द, 3(1)घ और 3(2)(1ड्ड) के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## राप्ती माइनर नहर के साइफन पानी से फसल जलमग्न

### ●बढ़नी ब्लॉक के औरहवा गांव में राप्ती माइनर नहर से पसरा पानी, गेहूं फसल के नुकसान से किसानों में आक्रोश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** बढ़नी के ग्राम पंचायत औरहवा से गुजरी राप्ती माइनर नहर के पानी से किसानों के कई एकड़ फसल डूब जाने से किसानों में आक्रोश व्याप्त है। किसानों ने फसल सुरक्षा की गुहार लगायी है। बढ़नी के निकट राप्ती मुख्य नहर से निकली माइनर नहर से किसान गेंहू फसल सिंचाई कार्य चल रहा है। नहर पानी औरहवा गावं के पास पहुंचते ही नहर का काफी पानी नहर के साइफन से खेतों में फैल जा रहा है। किसान अपने खून पसीने की कमाई से खेतों में अच्छी फसल उपज के लिए अच्छे किस्म के बीच उर्वरक आदि खर्च करता है। लेकिन नहर विभाग की लापरवाही से पानी उनके लिए काफी मुसीबत बन गया है। गांव के किसान जगदीश प्रसाद पांडेय, पशुपतिनाथ, अशोक, अंतराम, राम भारत, बबलू यादव, गीता, सुमित्रा, राकेश बरसाती यादव, मनीराम यादव, पुजारी आदि ने बताया कि नहर का साइफन काफी नीचे सतह पर लगा हुआ है। नहर में पानी आने पर ज्यादा पानी अनावश्यक रूप से खेतों में पसर जाता है। गावं के निकट कुछ जगहों से नहर बांध से पानी रिसाव होकर फैल रहा है। नहर का पानी औरहवा गावं से मुहाने तक पहुंचकर फैल रहा है। गेहूं फसल पानी से डूब जाने से फसल की भारी क्षति हो रही है। समस्या की जानकारी किसानों ने नहर विभाग को दिया है। फसल क्षति को लेकर किसान आक्रोशित हैं। नहर विभाग से लोगों ने साइफन को बन्द कराने की मांग किया है। इस सम्बन्ध सहायक अभियंता अवधेश कुमार ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। कुछ लोग साइफन को खोल देते हैं। जल्द ही किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

## श्री बाबू लाल कमला पुरी के पांचवी पुण्यतिथि पर कार्यक्रम के दौरान जरूरत मंन्दो को कंबल वितरण किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मनकापुर गोण्डा-** परोपकार को अपना धर्म मानने वाले ,समाजसेवी जनसेवक एवं महान व्यक्तित्व के धनी स्वर्गीय श्री बाबूलाल कमलापुरी (बाबूजी) की पांचवी पुण्यतिथि के अवसर पर विगत वर्षों की भांति श्री बाबूलाल कमलापुरी इंटर कॉलेज, बभनजोत, गौरा चौकी गोंडा के प्रांगण में जरुरतमंदो एवं निस्सहायों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मेंजनपद गोण्डा के डिप्टी कमिश्नर श्री जे. एन राव जी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बाल विकास एवं पुष्टाहार अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, खंड विकास अधिकारी बभनजोत राम लगन वर्मा , जे.ई. कन्हैया लाल दुबे की गरिमामयी उपस्थिति रही । इस अवसर पर क्षेत्र के सम्मानित व्यक्तियों और अभिभावकगण की भी उपस्थिति रही।

विद्यालय परिवार की तरफ से प्रबंधक पवन कुमार मित्तल , विनोद कुमार मित्तल , निदेशक शिवकुमार मित्तल , संरक्षक बी. एम .उपाध्याय ,उप प्रबंधक राजेन्द्र कुमार मित्तल (रिंकू जी) एवं प्रधानाचार्या श्रीमती एकता गुप्ता जी के द्वारा सम्मानित अतिथिगणो को पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र और स्मारिका भेंट किया गया। तत्पश्चात सम्मानित अतिथियों द्वारा बापबूजी के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया, विद्यालय की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, प्रधानाचार्या जी ने स्वागत सम्भाषण प्रस्तुत किया तदुपरांत जरूरतमंदो को कम्बल एवं जलपान वितरित किया गया । अंत में मुख्य अतिथि जी ने अपने उद्बोधन में विद्यालय परिवार द्वारा किए गए इस लोककल्याणकारी एवं पुनीत कार्य की भूरि -भूरि प्रशंसा की तथा इस आयोजन में पधारे अन्य गणमान्य लोगो से ऐसे जनसेवा के कार्य करने को कहा जिससे कोई भी वर्ग वंचित न रहने पाए । इसी के साथ विद्यार्थियों को भी अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदारी से प्रयासरत रहने का संदेश दिया, तथा विद्यालय परिवार की तरफ से आदरणीय श्री बी.एम उपाध्याय जी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर यह विश्वास दिलाया गया कि ऐसे लोककल्याणकारी कार्य सतत जारी रहेंगे।इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि बनारसी लाल गुप्ता, हरि प्रसाद गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार पवन कुमार श्रीवास्तव, रंजीत शुक्ला, आर पी सिंह,जित्येन्द्र पाण्डेय चिंटू खान,अशोक श्रीवास्तव,अकबर अली, फरीद अहमद पत्रकार सहित राम धीरज गुरूजी, श्याम बाबू कमल, सहित गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## सब्जी बाजार में चोर सक्रिय, सीसीटीवी में कैद हो रहीं हरकतें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट।** कोतवाली से महज 100 मीटर दूरी पर तथा तहसील गेट के मुख्य द्वार के सामने स्थित थोक एवं फुटकर सब्जी बाजार में इन दिनों चोरों की सक्रियता से दुकानदारों में दहशत बनी हुई है। आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं से सब्जी विक्रेता परेशान हैं। बताया गया कि कुछ दिन पूर्व अज्ञात चोर कर जल के सहारे दुकान के अंदर घुसकर 12 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ले गया था। इस संबंध में पीड़ित विक्रेता विष्णु कुशवाहा ने पुलिस से चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने की मांग भी की थी, लेकिन इसके बावजूद चोरों के हौसले कम नहीं हुए। दो दिन पूर्व फिर चोरों ने विशाल कुशवाहा व कडेसरा निवासी दुकानदार की दुकानों में घुसकर चोरी का प्रयास किया, हालांकि नगदी न मिलने पर चोर खाली हाथ लौट गए। दुकानदारों का कहना है कि चोरी की पूरी वारदातें सीसीटीवी कैमरों में कैद हो रही हैं, फिर भी ठोस कार्रवाई न होने से चोर बेखौफ हैं। सब्जी बाजार के व्यापारियों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने और चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की ।

## जरूरतमंदों के बीच विधायक ने किया कंबल वितरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर -** गोल्हौरा क्षेत्र के किशुन्हर जोत में कड़ाके की ठंड के बीच जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के लिए निः शुल्क कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक राजा जय प्रताप सिंह ने मऊ, मझारी ,मझवन,निविहवा ,अतरमू आदि कई गांवों के लगभग 400 जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। विधायक ने कहा कि सेवा ही भारतीय जनता पार्टी की मूल आत्मा है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष (बांसी देहात)संजय श्रीवास्तव, जितेन्द्र मिश्रा, शैलेन्द्र दूबे, दिनेश पाण्डेय, देवेन्द्र मिश्र, रामनाथ मिश्र,चीनक चौधरी आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### आवंटित खनन पट्टे को रद्द करने की मांग को लेकर आठवें दिन भी धरना प्रदर्शन



**सिंगाही खीरी।** मांझा गाँव में सिख संगठन के लोग जौरहा नाले पर आवंटित खनन पट्टे को रद्द करने की मांग को लेकर आठवें दिन भी धरने पर बैठे हैं। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि खनन पट्टा निरस्त नहीं किया गया, तो वे और भी बड़े स्तर पर धरना दिया जाएगा बताते चलें कि ठेकेदारों ने रेत निकालने के लिए लंबा चक्कर लगाने से बचने हेतु नाले के भीतर होम पाइप डालकर एक अस्थायी पुल का निर्माण किया है, जिसका स्थानीय किसान और सिख संगठन विरोध कर रहे हैं। मांझा गांव के पूर्व प्रधान किसान नेता परमजीत सिंह पम्मी ने बताया कौड़ियाला घाट पर 19 जनवरी को होने वाली महापंचायत में बीकेयू के लोग भी इस धरने अपना समर्थन देकर विशाल धरना प्रदर्शन शामिल होंगे। धरने में आज गांव की महिलाएं भी छोटे बच्चों के साथ शामिल हुई। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक खनन पट्टा रद्द नहीं किया जाता, वे धरना जारी रखेंगे और धरना स्थल पर ही लंगर की व्यवस्था भी की गई है। इस दौरान हरमीत सिंह, सोनी औलख, सोनी बाजवा, गुरजंट सिंह, केवल सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### ग्राम समाज की भूमि पर लगे पेड़ो का कटान, सरकारी कोष को चपत लगाने के आरोप

**लखीमपुर खीरी।** मामला तहसील मितौली के ब्लॉक बेहजम की ग्राम पंचायत कैमा खुर्द में ग्राम समाज की भूमि पर लगे सेमल के भारी भरकम पेड़ो को काटकर सरकारी सम्पत्ति को क्षति पहुंचाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह सारा खेल पुलिस, प्रधान और लेखपाल की मिलीभगत से किया गया है। लोगों का आरोप है कि जिम्मेदारों की मिलीभगत का ही परिणाम है। जो सरकारी जमीन पर खड़े बेशकीमती पेड़ो को काटकर सरकारी खजाने को हजारों की चपत लगाई जा रही हैं। साथ ही ग्राम पंचायत में हरियाली का समूल सफाया किया जा रहा है और तहसील प्रशासन सब कुछ जानते हुए अंजान की भूमिका निभा रहा है। यक्ष प्रश्न यह पैदा होते हैं कि आखिर किसके आदेश से सरकारी जमीन पर खड़े पेड़ो का कटान किया जा रहा है?क्या इसके लिए खुली बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया।? और नीलामी प्रक्रिया अपनाई गई। नीलामी में कितने लोगों ने भाग लिया। किस समाचार पत्र में टेंडर प्रकाशित कराया गया? सबसे अहम सबाल यह भी है कि उक्त पेड़ो के कटान से अर्जित आय ग्राम पंचायत के किस खाते मे जमा की गई? इन यक्ष प्रश्नों के उत्तर प्रधान से लेकर तहसीलदार मितौली के पास तक ढूंढे नही मिल पा रहे हैं। यदि इस मामले की एस. डी. एम. मितौली कराए निष्पक्ष जांच तो सरकारी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाए जाने के मामले का खुलासा होना तय माना जा रहा है, तथा कई जिम्मेदारों की जवाबदेही भी तय होगी।

**क्या कहते हैं एस डी एम मितौली मधुसूदन गुप्ता**- इस संबंध में जब उप जिलाधिकारी मितौली मधुसूदन गुप्ता से जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में आया है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

### सरकार के महत्वपूर्ण योजना मुफ्त खाद्यान्न योजना चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट

**सिंगाही खीरी।** सरकार की महत्वपूर्ण गरीबों को मुफ्त खाद्यान्न देने की योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती जा रही है अंतोदय कार्ड में सरकार के 35 किलो खाद्यान्न देने की योजना मैं सार्वजनिक वितरण प्रणाली सरकारी गले की दुकान को संचालित करने वाले कोटेदार ने खुद ही अपना व अपने परिवार के एक सदस्य के नाम अंतोदय कार्ड बनाकर कई वर्षों से कार्ड का लाभ ले रहा है। विकास क्षेत्र निघासन की ग्राम पंचायत सिंगाही देहात के सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान का संचालन करने वाले दुकानदार फागू राम ग्राम पंचायत सिंगाही देहात की सार्वजनिक वितरण प्रणाली की गले की दुकान को चलाते हैं। विभागीय लापरवाही के कारण उनका कार्ड संख्या 21532085211 अंतोदय कार्ड बना हुआ यही नहीं उनके पुत्र निर्मल पुत्र फागुराम कार्ड संख्या 215320377713 अंतोदय कार्ड बना है। दोनों कार्डों पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के दुकानदार स्वयं ही खाद्यान्न ले रहे है। निघासन सप्लाई इंस्पेक्टर रामजी यादव ने बताया की दुकान के संचालन करने वाले व्यक्ति का अंत्योदय कार्ड नहीं जल्दी कार्ड निरस्त करने की करवाई की जायेगी।

# कार्यकाल के अंतिम पड़ाव पर ग्रामपंचायतों में विकास के नाम पर विकास निधि का हो रहा जमकर घोटाला

**● फर्जी बिल, फर्जी बाउचर, फर्जी भुगतान और फर्जी कार्य और कार्य करने वाले लोग, फर्जीवाड़े का केंद्र बना विकास खंड पसगवां**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** समय समय पर विकास विभाग के फर्जी वाडे की खबरों का समाचार पत्रों में प्रकाशन के बाद भी लखीमपुर खीरी जनपद के विकास खंड पसगवां में फर्जी विकास कार्यों के फर्जी भुगतान का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ग्राम पंचायतों के 5 वर्ष पूर्ण होने को है अपने कार्यकाल के अंतिम पड़ाव पर चल रही ग्राम पंचायतों में विकास निधि के खातों में जमा धनराशि को ग्राम प्रधानों एवं सचिवों के द्वारा मानो लूट लेने की होड लगी है। मानो कार्यकाल खत्म होने तक सारे विकास के खजाने रूपी खातों को लूट लेने की रूप रेखा बना ली हो। कार्यकाल खत्म होने पर खाते रूपी खजाने में एक पाई न बचे कि तर्ज पर कुछ ग्राम पंचायतों में काम हो रहा है। खड़ विकास अधिकारी पसगवां कार्यालय से लेकर जिला पंचायत विभाग एवं विकास विभाग परसेंटेज के मोह जाल में फंसा मूक दर्शक बन तमाशा देख रहा है। जहां एक ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्यवाही कर जीरो टॉलरेंस नीति अपना रहे है वही जिले की ईमानदार जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल व मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक प्रकाश भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे है वही दूसरी ओर विकास खंड पसगवां में इन प्रयासों को दरकिनार कर खाओ कमाओ की नीति अपनाकर विकास के नाम पर खजाने को खाली किया जा रहा है। इस विकास खंड के कुछ सचिव अपने अल्प कार्यकाल में करोड़ों की संपत्ति अर्जित कर मौज कर रहे है यही नहीं विकास विभाग में कार्यरत लगभग सभी सचिव ग्रामपंचायतों के निरीक्षण में मिलने वाले सायकिल के मानदेय में लग्जरी गाड़ियों में बैठकर गांव के विकास की जगह विनाश करने तथा खुद का विकास करने में लगे है। इनके कार्यकाल की अगर जांच कराई जय तो इनके व इनके परिवारजनों की इनकी नियुक्ति के बाद से करोड़ों की चल अचल एवं बेनामी आय से अधिक संपत्ति निकल के आएगी। इन पंचायत सचिवों से कुछ ग्राम पंचायतों के प्रधान भी पीछे नहीं है और विकास विभाग के विकास रूपी गंगा में डुबकी लगाकर खुद का विकास करने में लगे है।सूत्र बताते है कि कुछ ग्राम पंचायतें ऐसी है जिनमें विकास का सिर्फ कागजी घोड़ा दौड़ा है परंतु वास्तविकता में ग्राम पंचायत का विकास सिर्फ नाम मात्र हुआ है और फर्जी बिल बाउचर लगाकर एवं फर्जी लोगों और फर्जी खातों को लगाकर विकास के सरकारी खजाने को लूट लिया गया है। कई ग्राम पंचायतें ऐसी है जहां नाली खड़ंजे इंटरलॉकिंग सिर्फ कागजों पर ही बनी




है वास्तविकता के धरातल में वहां टूटी नाली उखड़ा खड़ंजा ही मिलेगा यही हाल चकमार्ग निर्माण का भी है जहां चक मार्ग कार्य के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति ही की गई है तथा इन कार्यों में कार्य के नाम पर जम कर घोटाला किया गया। इसी प्रकार नलों के फर्जी रिबोर व अन्य कार्यों में भी जमकर धांधली की गई है। अपने कार्यकाल के आखिरी पड़ाव में विकास खंड पसगवां की ग्राम पंचायतों के खातों में पड़ी शेष विकास निधि को निल करने के लिए कई ग्राम पंचायतों में नित नए कार्यों की रूप रेखा बनायी जा रही है। अब देखना है कि विकास खंड पसगवां की ग्रामपंचायतों के विकास के खातों में पड़ी धनराशि का विकास में ही इस्तेमाल होगा या फिर करोड़ों की धनराशि का पूर्व की भांति बंदरबाट होता रहेगा और खंड एवं जिला विकास विभाग परसेंट तले दबा रहकर मूकदर्शक बन तमाशा देखता रहेगा। बहुत जल्द कुछ ग्राम पंचायतों के दौड़ते विकास के कागजी घोड़े एवं वास्तविकता के धरातल में उन ग्राम पंचायतों में हुए कार्यों का ब्यौरा लेकर खबर का होगा प्रकाशन।

### नवाबगंज 2026 के उपलक्ष में गुलशन नगर चौराहे पर खिचड़ी भोज का कार्यक्रम संपन्न



**बरेली**/नवाबगंज नव वर्ष 2026 के उपलक्ष मे आज नवाबगंज के मोहल्ला गुलशन नगर बाईपास चौराहे पर खिचड़ी भोज का कार्यक्रम रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नवाबगंज विधायक डॉक्टर एमपी आर्य नवाबगंज ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार ने खिचड़ी भोज कार्यक्रम में भाग लिया खिचड़ी भोज में .नवाबगंज नगर की जनता ने .खिचड़ी भोज में एवं गुलशन नगर वासियों ने बड़ चड़कर भाग लिया। कार्यक्रम के आयोजक बिजामाऊ कपिल देव साध पत्नी सवेदना साध मनोज गंगवार पत्नी स्वाति गंगवार डा जयपाल गंगवार डॉ विनीता रानी सहयोग करता कुलदीप सक्सेना प्रेमपाल गंगवार एडवोकेट राकेशगंगवार प्रदीप यादव आचार्य सुरेश पाल प्रवीन साध सुरेंद्र पाल गंगवार दरोगा जी राजेश साध उर्फ लाला जी सेविन साध ली मुनिस साध योगेश जतनअमित अनोवर तेजपाल विश्वजीत ऐबरन सिंह मोहम्मद आरिफ सभी के सहयोग सेखिचड़ी भोज का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### राष्ट्रीय गणित दिवस पर वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कराएं प्रतिभाग:- अश्वनी जैन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद**- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिलाधिकारी फिरोजाबाद रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी फिरोजाबाद शत्रोहन वैश्य एवं जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद धीरेन्द्र कुमार की सहमति एवं निर्देशन में विज्ञान लोकप्रियकरण संचार कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय गणित दिवस पर वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन डी आर इंटर कॉलेज माधौगंज, शिकोहाबाद में 16 जनवरी 2025 को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य विषय राष्ट्रीय गणित दिवस है। जिसमें गणित विषय पर विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान कार्यक्रम, गणित मॉडल प्रदर्शनी, पोस्टर प्रतियोगिता, विज्ञान शपथ का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जनपद के सभी बोर्डो के विद्यालयों के प्रधानाचार्यो से अनुरोध किया है कि इस वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को समय से प्रतिभाग कराकर उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण में वृद्धि करें। सभी प्रतिभागियों को जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद की ओर से सम्मानित किया जाएगा। डी आर इंटर कॉलेज माधौगंज, शिकोहाबाद के प्रबंधक ओम प्रकाश यादव ने जनपद के सभी बोर्डो के विद्यालय के प्रधानाचार्यो से अपील की है कि वे अपने विद्यालय के विद्यार्थियों को वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग कराकर उनकी प्रतिभा का विकास करे।

## न रजिस्ट्रेशन, न प्रदूषण प्रमाणपत्र, बालश्रमिकों से कोल्हूओं पर मजदूरी के आरोप

**● एसडीएम गोला की संयुक्त टीम ने चेकिंग अभियान के दौरान पांच गन्ना कोल्हू को कराया था बंद**

**बिना रजिस्ट्रेशन,मानकों को ताकपर रखकर चल रहे जिले में कोल्हू ,डीएम से शिकायत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** खंडसारी विभाग के अधीन क्रेशरों को चालू करने के लिए किसान यूनियन ने जिला अधिकारी को ज्ञापन दिया था ।उसके बाद क्रेशर चालू हो सकी जिले में क्रेशर बंद होने से इसका सबसे ज्यादा फायदा गन्ना कोल्हू मालिकों को मिल रहा था। किसानों का गन्ना औने पौने दामों में गन्ना कोल्हू मालिक खरीद रहे हैं ।जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिले में अधिकांश कोल्हू बिना रजिस्ट्रेशन, वगैर प्रदूषण के संचालित हो रहे हैं । ज्यादातर कोल्हुओं पर नाबालिक बच्चों से ज्वलनशील कार्य , कोल्हू की झोकई व गर्म राब को ठंडी करने का काम कराया जाता है। झोंकाइ व राब को चलाते हुए नाबालिक बच्चों का वीडियो व फोटो मीडिया कर्मी के मोबाइल में लिया गया। मीडिया की टीम कोल्हूओं की पड़ताल करने जब क्षेत्र में पहुंची तो पाया गया कि अधिकांश कोल्हू बिना रजिस्ट्रेशन ,बिना प्रदूषण के मानक विहीन, अवैध तरीके से संचालित हो रहे हैं।

जिनकी चिमनी 10 से 12 फीट तक ही ऊँची होने के चलते ग्रामीणों को प्रदूषण की मार झेलनी पड़ रही है ।बहुत से कोल्हू 500 मीटर की परिधि में प्री स्कूल के पास संचालित हो रहे हैं ।जबकि किसी भी विद्यालय की 500 परिधि तक कोई भी खतरनाक कारखाने संचालित नहीं होने का प्रावधान है ।जिला अधिकारी के निर्देशों में संयुक्त टीम गठित की गई जिसके बादउपजिलाधिकारी गोला प्रतीक्षा त्रिपाठी द्वारा पूर्व में जलालपुर, सिकंद्राबाद क्षेत्र में लगभग 100 गन्ना कोल्हुओं की संयुक्त जांच हुई। जिसमें भारी अनियमितताए मिलने पर पांच गन्ना कोल्हुओं को तुरंत बंद कराया गया ।अधिकांश गन्ना कोल्हु डीजल इंजन से चलते मिले जहां वेट स्क्रबर ,ऊंची चिमनी और प्रदूषण नियंत्रण की कोई व्यवस्था नहीं मिली। साफ सफाई और लाइसेंस संबंधी गड़बड़ियां भी पाई गई, एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने संचालकों को एक हफ्ते में वेट स्क्रबर और 10 मीटर चिमनी अनिवार्य रूप से लगाने का अल्टीमेट दिया, समय पर सुधार न होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मितौली, बेहजम, कुंभी व बांकेगंज ब्लाक में अधिकांश गन्ना कोल्हू बेरोक टोक बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे हैं। जिनके पास प्रदूषण एन.ओ.सी.,रजिस्ट्रेशन तक अधिकांश गन्ना कोल्हू का नहीं है। ना ही साफ सफाई है। उक्त कोल्हूओ पर नाबालिक बच्चे काम करते हुए पाए गए। ब्लॉक बेहजम, के बरूई, ब्लाक मितौली, के रतहरा ,गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर श्री कृष्ण ग्राम रतहरा ब्लाक मितौली,गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर सियाराम ग्राम रतहरा , ग्राम खुर्दा , पिपरिया , लखहा ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर रूपचंद ग्राम लखहा ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर रमेश ग्राम लखहा , सुनौरा ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर वसीम खां ग्राम सुनौरा गुलौला , टिकोला ब्लाक बेहजम,गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर हरिशंकर ग्राम टिकोला उमरपुर, ढकिया पिपरी नारायण, उमरिया, अंदापुर नीमगांव , बेहजम, परसेहरा कला, सिजोलापुर सुनौरी , बिलरिया, ब्लाक कुंभी, के ग्राम सेहरुवा , सिकंदराबाद ग्राम बिलहरी , ब्लॉक बांकेगंज, के ग्राम जलालपुर आदि में सैकड़ो कोल्हू संचालित है जो बिना रोक-टोक के जिला प्रशासन के निर्देशों के बावजूद गठित संयुक्त टीम इन कोल्हूओ तक अभी नहीं पहुंच पाई है। और न ही इन जहर उगलते मानकविहीन कोल्हूओ पर लगाम लगती नजर आ रही है।

## ब्लाक प्रमुख ने फीता काट कर किया स्टार अल्ट्रासाउंड सेंटर का शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/** क्यों लड़िया में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में क्योलड़िया में स्टार अल्ट्रासाउंड सेंटर का शुभारंभ भदपुरा प्रमुख रविशंकर गंगवार द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। प्रमुख रविशंकर गंगवार ने कहा कि इस सेंटर के शुरू होने से भदपुरा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अल्ट्रासाउंड जांच के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि यहां आधुनिक मशीनों के माध्यम से सस्ती और सुलभ जांच सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जिसके तहत ग्रामीण अंचल से चलकर नवाबगंज महानगर आदमी नहीं जाना पड़ेगा क्यों लड़ियां में स्टार अल्ट्रासाउंड सेंटर खुलने से क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा साथ ही समय भी काम खर्च होगा यहीं पर सुविधा उपलब्ध होने से पीड़ित अपना उपचार भी सुचारू रूप से कर सकेंगे। इसके



लिए उन्होंने अल्ट्रासाउंड संचालक को हार्दिक बधाई दी यहां पर उपस्थित ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रताप गंगवार हाजी मोहम्मद इसाक अहमद के साथ क्षेत्र के भारी संख्या में लोग उपस्थित थे सेंटर संचालक ने जानकारी दी कि सभी प्रकार की अल्ट्रासाउंड जांच अनुभवी स्टाफ द्वारा की जाएगी, जिससे मरीजों को समय पर सही उपचार मिल सके। उपस्थित लोगों ने सेंटर के शुभारंभ को क्षेत्र के लिए उपयोगी बताया।

### खुटार से राब लेकर निघासन जा रही डीसीएम पेड़ से टकराई



**लखीमपुर खीरी।** बिजुआ क्षेत्र के मैलानी-भीरा जंगल में एक डीसीएम अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जंगल में उतर गयी और पेड़ से जा टकराई। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। वाहन संख्या यूपी 31 एटी 2439 बीती रात्रि खुटार से राब भरकर निघासन जा रहा था। अभी भीरा-मैलानी जंगल में पहुंची ही थी सामने से आ रहे एक अन्य वाहन को साइड देने में चालक नियंत्रण खो बैठा और वाहन सड़क से नीचे उतरकर जंगल? में खड़े पेड़ से टकरा गया। चालक ने बताया कि हादसे होने के बाद वह मालिक को फोन कर?ने चला गया। इतनी देर में गाड़ी से राब के चार पीपा किसी ने चोरी कर लिए।

## महाखुलासा: गोला तहसील में सरकारी जमीनों को निगल रहे दबंग जिम्मेदार मौन

**● ग्राम प्रधान और लेखपाल से लेकर तहसीलदार तक इस खेल में शामिल होने के आरोप**

**तालाब और खेल मैदान पर बन गए मकान वहीं अंबेडकर पार्क और खलिहान की जमीनों पर की जा रही खेती**

**जब रक्षक ही बन जाए भक्षक तो जनता न्याय मांगने कहां जाए**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** भले ही कागजों पर और बड़ी-बड़ी मंचों से भ्रष्टाचार और अपराध मुक्त उत्तर प्रदेश के बड़े-बड़े दावे और वादे किए जा रहे हो पर जनपद खीरी में इन वादों और दावों की जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती देखी जा सकती है। इसकी एक बानगी जनपद खीरी की गोला तहसील में देखी जा सकती है। तहसील गोला में तहसील प्रशासन और अवैध कब्जा धारकों के बीच चल रही मिली भगत के चलते जमकर सरकारी जमीनों खेल मैदान ,तालाब, खलिहान ,चक मार्ग, अंबेडकर पार्क के नाम पर आरक्षित जमीनों पर आलीशान मकान खड़े कर लिए गए, तो कहीं पर खलिहान और अंबेडकर पार्क की जमीनों पर दबंगों की फसले खड़ी दिखाई दी। सूत्रों के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार इस खेल में ग्राम प्रधान से लेकर लेखपाल तहसीलदार तक के शामिल होने की बात प्रकाश में लाई जा रही है। केस नंबर 1 मामला गोला तहसील के गांव जटपुरा का है जहां पर प्राइमरी पाठशाला के नाम दर्ज कागजात भूमिगत संख्या 1105/0.2500, गाटा संख्या 474/0.1000,159/0.0600हे 0 आदि जमीन प्राइमरी पाठशाला के नाम आरक्षित दर्ज कागजात हैं और यहीं पर गाटा संख्या 1192/0.1500हे 0जो खेल मैदान के नाम राजस्व अभिलेखों में आरक्षित दर्ज कागजात जमीन है उक्त खेल मैदान की जमीन पर दबंगों में ठाकुर प्रसाद शिवकुमार सुरेंद्र यादव किताबुद्दीन सहित अन्य लोगों ने अवैध तरीके से कब्जा करके पक्का निर्माण कराया जा रहा है। और कुछ लोगों द्वारा पूर्व में कराया जा चुका है। उक्त अवैध कब्जे की दर्जनों शिकायतें हुई लेकिन अवैध कब्जा हटवाया जाना तो दूर शिकायतों में लेखपाल भूपेंद्र द्वारा फर्जी रिपोर्ट लगाकर शासन प्रशासन को गुमराह किया जाता रहा। मामले की पुनः ग्रामीण राजेंद्र कुमार ने सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा कर खेल मैदान की आरक्षित जमीन को खाली कराए जाने की मांग की है। इसके बाद हरकत में आए तहसील प्रशासन ने मौके की पैमाइश को कराई लेकिन अवैध निर्माण को नहीं रुकवाया गया। शिकायतकर्ता सहित ग्रामीणों का आरोप है कि इस खेल में प्रधान कुलदीप कुमार लेखपाल कानून गो ,सहित तहसीलदार तक शामिल हैं यही कारण है कि सरकारी जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण को रुकवाया नहीं जा रहा है, और ना ही खेल मैदान की सरकारी जमीन को खाली ही कराया जा रहा है। केस नंबर दो गोला तहसील के ग्राम हरदुआ का है जहां तालाब को पाटकर उस पर मकान बना लिया गया है। यहीं पर अंबेडकर पार्क पर खेती की जाती रही है। खलिहान के नाम दर्ज जमीन पर भी दबंग का कब्जा है यह सारा खेल लेखपाल और कानूनगो की मिली भगत से होता चला आ रहा है ऐसा शिकायत करता गणों एवं कई ग्रामीणों का आरोप है। यहां पर सैकड़ो शिकायतें दर्जनों आईजीआरएस शिकायतें की गई सभी में मनमानी फर्जी रिपोर्ट लगाकर लेखपाल द्वारा शासन प्रशासन को गुमराह किया जाता रहा है ।और इसके एवज में अवैध कब्जे धारकों से मोटी कमाई किए जाने के आरोप तहसीलदार व उनके मतहतो पर लगाये जा रहे हैं ।तहसील प्रशासन की इस खाऊं कमाऊं नीति से आहत शिकायतकर्ता संजय कुमार ने उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ में याचिका योजित कर अवैध कब्जा हटवाए जाने की मांग की है। साथ ही साथ अवैध कबजेदारों को संरक्षण देने वाले तहसील प्रशासन के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की भी मांग की है।

## लिया में अनियंत्रित कार से हुआ हादसा

**दो दुकानों के टूटे चबूतरे, एक ठिलिया भी हुई क्षतिग्रस्त**

पलिया के कोतवाली रोड पर मौनी बाबा तिराहा के पास आज रात करीब दस बजे एक अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे स्थित दुकानों में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दो दुकानों के चबूतरे टूट गए, जबकि पास में खड़ी वकील अहमद की एक ठिलिया भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। इसके साथ ही राममिलन का ठेला भी टूट गया। अचानक हुई दुर्घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार तेज रफ्तार में थी और चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका, जिससे कार सीधे दुकानों से जा टकराई। गनीमत रही कि हादसे के समय दुकानों के सामने अधिक लोग मौजूद नहीं थे, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई, लेकिन समाचार लिखे जाने तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंच सकी थी। इससे स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी गई। हादसे के बाद कुछ देर तक यातायात भी प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों ने जल्द कार्रवाई करने और क्षतिग्रस्त दुकानों का मुआवजा दिलाने की मांग की है। पीड़ित वकील अहमद एवं राममिलन ने चौकी पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। चौकी प्रभारी प्रेमनारायन ने बताया कि मौके की जांच कराकर कार चालक के विरुद्ध कार्रवाई कर पीड़ितों को मुआवजा दिलाया जाएगा।

## जबरन सरकारी भूमि पर कब्जा प्रशासन जान कर भी बना अंजान

**● कब्जाधारी के खिलाफ जन सुनवाई पोर्टल पर की गई शिकायत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही खीरी।** योगी सरकार आने के बाद से भू माफियाओं के अंदर एक भय बैठ गया था जिससे आमजन और सरकारी जमीन भू माफियाओं से मुक्त हो रही थी लेकिन प्रशासन की हिला हवाली के चलते भू माफिया पुनः सक्रिय होने लगे हैं। भू माफिया से सम्बंधित सिंगाही कस्बे का एक मामला सामने आया है। कस्बे में हाइवे किनारे स्थित बेशकीमती सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा कर प्लॉटिंग कर निर्माण कराए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि बेलरायां-पनवारी मार्ग पर एच पी पेट्रोल पंप के सामने स्थित सरकारी भूमि पर बिना किसी वैधानिक अनुमति के कब्जा कर पक्का निर्माण और नाला बनवाया जा रहा है। इसको लेकर स्थानीय निवासी ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। कस्बा निवासी दो व्यक्तियों ने अलग-अलग शिकायत में बताया कि सिंगाही कलां की गाटा संख्या 2024क (0.930



हेक्टेयर) और गाटा संख्या 2025 (0.730 हेक्टेयर) जूनियर हाईस्कूल सिंगाही कलां के नाम दर्ज है, जबकि इसी भूखंड से सटी गाटा संख्या 2024ख (0.1340 हेक्टेयर) राजकीय सड़क पीडब्ल्यूडी बेलरायां-लखीमपुर के नाम अभिलेखों में दर्ज है। आरोप है कि उक्त भूमि पर कस्बे के एक व्यक्ति द्वारा साथियों के साथ मिलकर अनधिकृत रूप से कब्जा कर प्लॉटिंग की जा रही है। शिकायतकर्ता का कहना है कि भूमि को कमर्शियल घोषित कराए बिना ही प्लॉटिंग कर सरकार को राजस्व की क्षति पहुंचाई जा रही है। आरोप यह भी है कि शिकायत के बावजूद बीते करीब एक माह से निर्माण कार्य लगातार जारी है, जिससे राजस्व विभाग की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। इस संबंध में एसडीएम राजीव निगम ने बताया कि मामले की जांच के लिए राजस्व टीम को निर्देशित किया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ठण्ड को देखते हुए पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सफाई कर्मियों बाँटे ट्रैकसूट

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** शुक्रवार 09 जनवरी को नगर पालिका परिषद गोला के प्रांगण में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने अपनी साफ सफाई से स्वच्छता अभियान में प्रदेश में द्वितीय स्थान दिलाने वाले 418 सफाई कर्मचारियों को वर्तमान में भीषण ठण्ड को देखते हुए सभी को ट्रैकसूट देते हुए कहा कि,' आप लोग सर्दी, गर्मी, बरसात सभी मौसमों में निरन्तर कार्य करते हैं।इसलिए भीषण ठण्ड को देखते हुए जिलाधिकारी महोदया की अनुमति से त्वरित व्यवस्था कर आपको ट्रकसूट दिए गए है। इस अवसर पर सभासद मोहित कनौजिया, राजेश वर्मा, धर्मेन्द्र जायसवाल, नगरपालिका लेखाकार मोहित अवस्थी, जेई आदर्श मिश्रा, भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, लवकुश अवस्थी, सफाई नायक दिलीप कुमार, संजय कुमार,राहुल बाल्मीकि, गोविंद कुमार, सुधीर कुमार, नरेश कुमार, अमित कुमार, जितेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# अवैध मिट्टी खनन माफिया का आतंक जारी

**● लगातार चल रहा है अवैध खनन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तिकुनिया-खीरी।** क्षेत्र में इस समय अवैध मिट्टी खनन का कारोबार पूरी तरह से बेलगाम नजर आ रहा है। क्षेत्र के कई गांवों और मुख्य मार्गों के आसपास बिना किसी वैध अनुमति के बड़े पैमाने पर मिट्टी का खनन किया जा रहा है। खनन माफिया खुलेआम खेतों, खाली पड़ी जमीनों और सार्वजनिक स्थलों से मिट्टी निकालकर उसे व्यावसायिक रूप से बेच रहे हैं, जिससे सरकारी राजस्व को भारी नुकसान हो रहा है।मिट्टी खनन में लगी ट्रॉलियां दिन भर सड़कों पर फर्राटा भरती रहती हैं। सुबह से देर रात तक भारी वाहनों की आवाजाही से ग्रामीण इलाकों में शोर, धूल और प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ गया है। कई ट्रॉलियां बिना नंबर प्लेट, बिना रॉयल्टी पर्ची और क्षमता से अधिक मिट्टी लादकर चलाई जा रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन वाहनों का संचालन सांठ-गांठ कर किया जा रहा है, जिससे कार्रवाई की आशंका खत्म हो जाती है। ग्रामीणों के अनुसार, अवैध खनन के कारण खेतों की उर्वरता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उपजाऊ मिट्टी हटाए जाने से भविष्य में फसल उत्पादन प्रभावित होने की संभावना जताई जा रही है। इसके अलावा, सड़कें भारी ट्रॉलियों के दबाव से टूट रही हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए स्थिति और भी चिंताजनक हो गई है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि कई बार संबंधित विभागों और




स्थानीय प्रशासन को इस अवैध गतिविधि की जानकारी दी गई, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी। इससे खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं और वे बेखौफ होकर अपना काम जारी रखे हुए हैं। चर्चा है कि अवैध खनन के इस खेल में कुछ प्रभावशाली लोगों की मिलीभगत भी शामिल है, जिसके चलते कानून का भय नहीं है।

# संक्षिप्त खबरें

## पूर्व में बलात्कार की घटना से लोगों में भय व्याप्त

**भदोही** सुरियावां 9 जनवरी 2025 शुक्रवार सुरियावा थाना के अंतर्गत दिनांक 10-7-2025को चकखुशहाल ग्राम में हुई बलात्कार की घटना जिसमें अबोध बालिका के साथ बलात्कार जैसे जगन अपराध की घटना होने से थाना क्षेत्र के लोगों में आज भी भय के साए में जी रहे हैं महिलाएं बच्चियों को कोचिंग वी अध्ययन कार्य करने से रोक रही है जबकी S H O सुरियावा लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर लोगों को संत्नतावना देकर जागरूक कर रहे हैं।

## सभी 70 वर्षीय आयु के वरिष्ठ नागरिक ले सकते हैं आयुष्मान कार्ड का लाभ

**भदोही/सुरियावां** 9 जनवरी 2026 शुक्रवार आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के 70 वर्षीय या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक आयुष्मान भारत हेल्थ कार्ड भारत सरकार द्वारा बी 0आई0 यस 0-2%0 के अंतर्गत आयुष्मान अप के माध्यम से अपने कार्ड को जारी कर सकता है जारी करने के लिएबी0 आई 0एस पोर्टल एवं आयुष्मान ऐपमे बेनिफिशियरी विकल्प का चयन कर संचालित मोबाइल नंबर अंकित करें और मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी से लॉगिन कर आयुष्मान कार्ड का आवेदन कर सकते हैं आप समस्त जनपद के आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के लाभार्थियों एवं 70 या 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक अपने मोबाइल से आयुष्मान भारत हेल्थ कार्ड बनाकर आयुष्मान भारत योजना का लाभ उठा सकते हैं

## नाबालिक बेटी को बहला-फुसलाकर भगाने के दर्ज मुकदमे में लडकी बरामद कर पुलिस ले गयी न्यायालय

**हलिया, मीरजापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग बेटी के पिता ने गांव निवासी एक व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था जिसमें मुखबीर की सूचना पर गुरूवार को देर शाम पुलिस हलिया लालगंज रोड पर गढवा कोटाघाट के पास से बरामद कर न्यायालय भेज दिया है। नाबालिग पुत्री के पिता ने दर्ज मुकदमे में कहा है कि 21 दिसंबर को गांव निवासी एक व्यक्ति रात्रि 10 बजे घर सुना देखकर 14 वर्षीय बेटी को बहला फुसला कर भाग ले गया काफी खोजबीन के बाद मुकदमा दर्ज कराया था इसके बाद पुलिस बरामदगी के खोज बीन में जुटी थी कि मुखबिर द्वारा जानकारी मिली कि दोनों कहीं भागने के फिराक़ में गढवा में वाहन का इंतजार कर रहे हैं मुखबीर की सूचना पर पहुचे उपनिरीक्षक अच्छे लाल, इमरान, राजेश कुमार मौर्य महिला कांस्टेबल ममता नायक की टीम ने घेरा बंदी करते हुए नाबालिग को बरामद कर शुक्रवार को मेडिकल परिक्षण के बाद न्यायालय भेज दिया है। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष श्याम लाल ने बताया कि नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर भगाने के पिता की तहरीर पर दर्ज मुकदमें में लडकी की बरामदगी कर न्यायालय भेज दिया गया है।

## बेटा गायब पिता ने दर्ज कराई गुमशुदगी

**हलिया, मीरजापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के वीरपुर गांव निवासी बेटा के गुम होने पर पिता ने शुक्रवार को गुमशुदगी दर्ज कराई है। हलिया थाना क्षेत्र के वीरपुर गांव निवासी गुलाबचंद मौर्य ने हलिया थाने में तहरीर देकर बताया कि बीते 3 जनवरी को 17 वर्षीय बेटा प्रिंस घर से हलिया बाजार गया था वापस नहीं आया। काफी खोजबीन किया कहीं पता नहीं चला। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांचपडताल में जुट गयी है। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष श्यामलाल ने बताया कि बेटे की गुम होने पर पिता ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराया है।

## संदर्भो की मार्किंग, अवधारण में माह दिसम्बर में विन्ध्याचल मण्डल को प्रदेश में प्रथम स्थान

**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश के मार्ग निर्देशन में मण्डल के तीनो जनपदो में संदर्भो की मार्किग, अग्रसारण में प्रदेश स्तर समीक्षा के दौरान विन्ध्याचल मण्डल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मार्किंग, अग्रसारण में प्रदेश स्तर पर समीक्षा के दौरान कुल पूर्णांक 120 में से 101 प्राप्तांक प्राप्त कर 84.17 प्रतिशत की उपलब्धी हालिस करते हुए विन्ध्याचल मण्डल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल ने मण्डल के तीनो जनपदो के जिलाधिकारियो सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियो को इस उपलब्धी के लिए बधाई देते हुए कहा है कि आगे भी पूरी पारदर्शिता व निष्ठा के साथ अधिकारी अपने दायित्वो का निर्वहन करे ताकि इस उपलब्धी को बना ए रखने के साथ ही अन्य कार्यो में भी मण्डल को प्रदेश में अच्छी उपलब्धी हासिल हो सकें।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के लालगज तहसील अध्यक्ष श्याममोहन उपाध्याय को मनोनीत किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया मीरजापुर।** कृषि सभागार में शुक्रवार को ग्रामीण पत्रकारिता के संघर्ष और रिपोर्टिंग विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसी दौरान तहसील इकाई का नया अध्यक्ष श्याम मोहन उपाध्याय को बनाया गया। वक्ताओं ने पत्रकारिता को समाज और लोकतंत्र की रीढ़ बताते हुए कहा कि सूचना पर सबका अधिकार है और पत्रकार उसका ईमानदार माध्यम होता है।

वक्ताओं ने कहा कि खबर राष्ट्र की संपत्ति है। जिसे रिपोर्टिंग के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाना पत्रकार का दायित्व है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से जुड़े मुद्दे पत्रकारिता की रिपोर्टिंग में राजनीति, सामाजिक व्यवस्था और जनसंघर्षों से जुड़े रहते हैं, ऐसे में भाषा और तथ्य दोनों का संतुलन जरूरी है। ग्रापए के मंडल अध्यक्ष रूपेश पांडे ने कहा कि आधुनिक दौर में रिपोर्टिंग अत्यंत त्वरित हो गई है, जिससे समाज को सूचना के साथ विचार की रोशनी भी मिलती है। जिला अध्यक्ष अजय ओझा ने कहा कि सूचना से समृद्ध समाज ही जागरूक होता है और जागरूक समाज ही विकास की सही दिशा तय करता है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्रकार राकेश त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकारिता कोई व्यक्तिगत व्यवस्था नहीं बल्कि सामाजिक दायित्व है। पत्रकार समाचार का प्रतिनिधित्व करता है, किसी व्यक्ति या समूह का नहीं। इस अवसर पर ज्ञान प्रकाश गुप्ता, गिरिजा शंकर तिवारी,



अमरेश दुबे, अभय नारायण तिवारी, राजेंद्र श्रीवास्तव, रमेश शुक्ला, सभा शंकर पांडे, रणविजय सिंह, मुन्ना सिंह, प्रवीण तिवारी, श्रीचंद यादव, आशीष तिवारी, संजीव गुप्ता, विनोद मिश्रा, प्रभाशंकर दुबे संतोष पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

# किसी के मान सम्मान में कोई कमी नहीं होगी- डॉ विनोद बिन्द

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** ऊंज क्षेत्र के रमईपुर में शुक्रवार को विशाल कम्बल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भदोही सांसद डॉ विनोद कुमार बिन्द मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में अतिथियों का माल्यार्पण कर और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के दर्जनों गावों से आये गरीब और असहाय लोगो को कम्बल का वितरण किया गया। कम्बल पाने के बाद गरीबों के चेहरे पर ख़ुशी देखी गई।

कम्बल वितरण समारोह में लोगो को सम्बोधित करते हुए सांसद डॉ विनोद बिन्द ने कहा कि जनता को कपड़ा, रोटी और मकान जैसे मूलभूत जरूरत को पूरा करना पहली प्राथमिकता है। कम्बल वितरण के कार्यक्रम की काफ़ी सराहनीय बताया। सभी लोगो ने बाल विवाह को न प्रोत्साहित करने की शपथ भी दिलाई गई। सांसद डॉ विनोद बिन्द ने कहा कि पहले की सरकारे गरीबों के लिए राजनीति के अलावा कोई काम नहीं किया लेकिन देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीबों के लिए सोचा और तमाम योजना के माध्यम से गरीबों के जीवन स्तर में सुधार किया। 8 करोड़ गरीब लोगो को मकान भी बनवाया गया.। 16 करोड़ लोगो को हर घर नल योजना के तहत शुद्ध पानी पहुंचाने का कार्य किया। 6 करोड़ लोगो को आयुष्मान कार्ड बनाया गया। लोगो ने अच्छी सरकार चुनी और अब घुसपैठियों का समर्थन करने वालों को दिक्कत हो रही है। देश के हर एक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वे आपने साथ साथ देश के बारे में सोचे और कार्य करें। सांसद ने लोगो को अपना नाम मतदाता में नाम जुड़वाने की अपील। लोकतंत्र में जनता मालिक है, जनता की समस्या का समाधान करना कर्तव्य है। कांग्रेस सरकार में लोग अपने परिवार के नाम योजना बनाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबसे अधिक गांधी जी का सम्मान किया। मीडिया को भी सही को सही और गलत को गलत कहने और लोगो को जागरूक करने की जरूरत है। पहले केवल गड्ढा खोदो और गड्ढा पाटो होता था। कांग्रेस के समय में भ्रष्टाचार का बोलबाला था, आज देश में विकास की तीव्र गति से हो रहा है। युवाओं को भी अपने स्वरोजगार के बारे में भी कार्य करने की जरूरत है। देश में कभी 8 मेडिकल कॉलेज थे आज 78 मेडिकल कॉलेज है। युवाओं को गुमराह करके विपक्षी दलों के लोग केवल अपनी राजनीति को चमकना चाहते है। किसी के मान सम्मान में कोई कमी नहीं रहेगी।

ज्ञानपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अखिलेश्वर प्रताप सिंह ने कहा कि कम्बल वितरण का कार्यक्रम पुनीत कार्य है। सांसद देश के मंत्री बने ऐसी सभी की कामना की और सांसद के कार्यों की सराहना की। कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में केवल



ज्ञानपुर ब्लॉक से एक लाख से अधिक मतों से जीत दर्ज करेंगे। सांसद हमेशा लोगो के दुःख सुख में साथ है। ज्ञानपुर ब्लॉक के सभी 92 ग्राम प्रधानों के तरफ से बधाई दी। रमईपुर के ग्राम प्रधान राजन सिंह ने सभी का स्वागत और अभिनन्दन किया और सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग और ज़िला प्रोबेशन विभाग के तरफ से अभिनव समिति के डायरेक्टर राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में कठपुतली नृत्य और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह समेत विषयों पर तमाम जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर सांसद डॉ विनोद बिन्द, अखिलेश्वर प्रताप सिंह, राजन सिंह, रत्नेश सिंह, विष्णु प्रताप सिंह, देवराज दूबे, राम प्रकाश पाण्डेय, शीतला प्रसाद बिन्द समेत कई ग्राम सभा के ग्राम प्रधान और भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन टिंकू शुक्ला ने किया।

# डिजिटल साक्षरता एवं सुरक्षित ऑनलाइन दो दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया, मीरजापुर।** स्थानीय ब्लॉक सभागार में खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी की अध्यक्षता में ग्राम स्वराज योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित डिजिटल साक्षरता एवं सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार विषयक दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हुआ।प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत प्रधान एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को डिजिटल सेवाओं के सही एवं सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी गई।प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव, किसी भी अनजान कॉल या मैसेज पर ओटीपी, बैंक विवरण, आधार नंबर, पासवर्ड साझा न करने, तथा संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही ऑनलाइन लेन-देन के समय सतर्कता बरतने एवं किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत संबंधित



हेल्पलाइन पर संपर्क करने की जानकारी दी गई।दो दिवसीय प्रशिक्षण का संचालन मास्टर ट्रेनर डॉ. पीयूष मणि मौर्य एवं रंजना मौर्या द्वारा किया गया।प्रशिक्षण में उपस्थित वक्ताओं ने बताया कि डिजिटल साक्षरता से ग्रामीण क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ेगी तथा साइबर ठगी से बचाव संभव होगा।कार्यक्रम के दौरान सीएम फेलो गौरव सिंह सहित अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौके पर उपस्थित रहे। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए भविष्य में ऐसे कार्यक्रम और आयोजित करने की मांग की।

## भाई को मारपीट कर ट्रैक्टर चढ़ाकर हत्या का लगाया आरोप

**हलिया, मीरजापुर।** प्रयागराज जनपद के कोरांव थाना क्षेत्र खीरी रामगढ़ निवासी राहुल कुमार कोल ने शुक्रवार को हलिया थाने में तहरीर देकर भाई को मारपीट कर ट्रैक्टर से नीचे गिराकर हत्या करने का आरोप लगाया है। दी गई तहरीर में बताया है कि बीते 5 दिसम्बर को पड़ोसी जोर्रा अपनी पुत्री के पुत्र की प्राप्ति के उपलक्ष्य में गांव के सालिक राम केशरी के स्वराज ट्रैक्टर से लगभग 20 की संख्या में भाई रामप्रकाश (25)हलिया थाना क्षेत्र के सुबाव गांव गए थे। वंहा से वापस लौटते समय रात लगभग 8 से 9 बजे के बीच रास्ते में पुरानी रंजिस को लेकर भाई के साथ एक चालक मारपीट कर धक्का देकर ट्रैक्टर से नीचे गिराकर ट्रैक्टर चढ़ाकर भाई का हत्या कर दिया आनन फानन में एक्सीडेंट का रूप देकर शव का अंतिम संस्कार कर दिया जिससे शिनाख्त व सबूत न मिल सके ट्रैक्टर चालक व मालिक से घटना की जानकारी लेने पर आग बबूला हो गए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। इस संबंध प्रभारी थानाध्यक्ष श्यामलाल ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# सोनभद्र का गौरव डॉ. बृजेश महादेव की काव्य कृति प्रणय पुंजिका नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले की बनी शोभा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/**नई दिल्ली- साहित्य के क्षेत्र में जनपद सोनभद्र का नाम एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय फलक पर चमक उठा है। नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित हो रहे 20वें विश्व पुस्तक मेले (10 से 18 जनवरी 2026) में सोनभद्र के प्रतिष्ठित साहित्यकार और शिक्षक डॉ. बृजेश कुमार सिंह महादेव की नवीनतम काव्य कृति प्रणय पुंजिका को प्रदर्शित किया गया है। यह पुस्तक मेले के हॉल संख्या-6, स्टॉल संख्या ङ्क-18 पर देश-दुनिया के पाठकों के लिए उपलब्ध है। एक ग्रामीण परिवेश से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर के साहित्यिक मंच तक पहुँचना न केवल डॉ. महादेव के लिए, बल्कि समूचे जनपद के लिए गौरव का विषय है। जनपद सोनभद्र के ग्राम भरहरी निवासी डॉ. बृजेश महादेव का जीवन संघर्ष और सादगी की अनूठी मिसाल है। एक साधारण किसान परिवार (पिता रामश्रृंगार सिंह एवं माता गायत्री देवी) में जन्मे डॉ. महादेव ने आर्थिक चुनौतियों के बावजूद इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक किया। उन्होंने वित्तविहीन विद्यालयों में पढ़ाते हुए अपनी शिक्षा जारी रखी और वर्ष 2014 में पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। वर्तमान में




आप बेसिक शिक्षा परिषद, सोनभद्र में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं।

नब्बे के दशक से अनवरत चल रही डॉ. महादेव की लेखनी ने साहित्य को कई अमूल्य कृतियाँ दी हैं। उनकी प्रमुख प्रकाशित पुस्तकों में शामिल हैं कौन करेगा इंसाफ (बाल उपन्यास), अरमानों की हत्या, सवर्णिम सोनभद्र। सामान्य ज्ञान दर्पण, भौगोलिक मानचित्रांकन, क्रियात्मक संगीत, पर्यावरण प्रदीपिका। तरुवर स्तवन, भजन चालीसा, महादेव प्रयास और नवीनतम प्रणय पुंजिका।

इसके अतिरिक्त, वे साहित्य सरोवर (ई-पत्रिका), बैसवार दर्पण और सोनांजलि जैसी प्रतिष्ठित पत्रिकाओं के संपादन से भी जुड़े हुए हैं। डॉ. महादेव केवल एक लेखक ही नहीं, बल्कि एक सजग समाजसेवी और कुशल शिक्षक भी हैं। शिक्षा और साहित्य में उनके योगदान के लिए उन्हें कई प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा जा चुका है, जिनमें प्रमुख हैं।एशियन एजुकेशन अवार्ड, नेशनल बिल्डर्स अवार्ड,राज्य ढ्ढष्टञ्ज अवार्ड, विश्व पुस्तक मेले में उनकी कृति के शामिल होने पर जनपद के साहित्यकारों, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है। लोगों का कहना है कि डॉ. महादेव की यह उपलब्धि जिले के युवा रचनाकारों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी। डॉ. बृजेश महादेव की यह कृति प्रणय पुंजिका मानवीय संवेदनाओं और प्रेम के विविध आयामों को समेटे हुए है, जो अब विश्व स्तर के पाठकों के बीच अपनी पहचान बना रही है।

## गांव की समस्या गांव की गांव का समाधान के अंतर्गत ग्राम पंचायत निदुउरा में चौपाल संपन्न

**भदोही** सुरियावां 9 जनवरी 2026 शुक्रवार को शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे गांव की समस्या गांव के समाधान के अंतर्गत जिला अधिकारी भदोही के निर्देशन में खंड विकास कार्यालय के अंतर्गत ग्राम पंचायत निदुउरा में खंड विकास अधिकारी ब्रजेश नारायण त्रिपाठी एडियो यसटी अशोक कुमार पाण्डेय एडियो कोऑपरेटिव राहुल सचिव विजय सोनी द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना तथा शासन द्वारा चलाए जा रहे हैं लाभ पूरक योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी गई तथा जीरो पॉवर्टी वृद्धा पेंशन विधवा पेंशनर दिव्यांग पेंशन व समूह सखियों से योजनाओं के बारे में उपस्थित लोगों बताया तथा इन पर विस्तृत चर्चा कर इसके बारे में लोगों को जागरूक किया गया इस मौके पर ग्राम प्रधान सुशीला देवी दिलीप कुमार तथा ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# समाजसेवी कैलाश नाथ तिवारी का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

● औराई क्षेत्र के लसमडा निवासी थे कैलाश नाथ तिवारी।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** औराई थाना क्षेत्र के लसमड़ा गांव निवासी वरिष्ठ समाजसेवी एवं पूर्व प्रधानाचार्य पंडित कैलाश नाथ तिवारी (83 वर्ष) का बुधवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से गांव समेत पुरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पंडित कैलाश नाथ तिवारी बुधवार की सुबह उठकर नहाने जा रहे थे कि अचानक वे गिर पड़े। परिजनों ने तुरंत उन्हें नजदीकी अस्पताल में ले गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आशंका जताई जा रही है कि अत्यधिक ठंड के कारण हृदयाघात हुआ होगा। पंडित कैलाश नाथ तिवारी के निधन के बाद पुरे क्षेत्र में लोगो में शोक है। पंडित कैलाश




तिवारी अपने सामाजिक कार्यों और शिक्षा के माध्यम से समाज में अपनी एक अलग पहचान छोडी है।

वे अपने क्षेत्र में शिक्षा एवं सामाजिक कार्यों के लिए जाने जाते थे। उनके दो बेटे हैं। उनका अंतिम संस्कार इटवां गंगा घाट पर संपन्न हुआ, जहां उनके बड़े बेटे राजेश तिवारी ने उन्हें मुखाग्नि दी। निधन की खबर फैलते ही गांव एवं आसपास के लोग सांत्वना देने पहुंचे और शोक संतप्त परिवार के साथ सहानुभूति व्यक्त की। सांत्वना देने वालों का तांता लगा रहा। परिजनों एवं ग्रामीणों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# ग्राम चौपाल का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीखड़ संवाद,** शुक्रवार को सरकार द्वारा जारी किये गये दिशा निर्देश के अनुसार प्रत्येक शुक्रवार को विकास खण्ड के 2 ग्राम पंचायतों मे जन चौपाल का आयोजन कर जन समस्या सुनने के क्रम मे विकास खण्ड के ग्राम पंचायत विठ्ठलपुर एवं छीतकपुर में खण्ड विकास अधिकारी श्री राम जी मिश्रा ,की अध्यक्षता व एडीओ पंचायत अरूण कुमार मिश्रा,सीडीपीओ नीलू मिश्रा, ग्राम प्रधान मनोज कुमार त्रिपाठी, मुकेश सिंह की उपस्थिति में ग्राम चौपाल मे आये विभागीय अधिकारियों , कर्मचारियों द्वारा अपने अपने विभाग से संचालित योजनाओ की जानकारी ग्रामीणों को दी गई तथा उनसे योजनाओं का लाभ लेने का अनुरोध किया गया। तथा अध्यक्ष खण्ड विकास अधिकारी ने सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं के बारे विन्दुवार जानकारी दी चौपाल में आए ग्रामीणों के समक्ष ग्राम पंचायत द्वारा कराये गये कार्यो को पढ़ कर सुनाया गया तथा दोनों ग्राम पंचायतों में आए कुल 5 शिकायत पत्रो को सुनकर मौके पर निस्तारण किया गया। ग्राम चौपाल कार्यक्रम मे स्वास्थ विभाग के आर बीएसके टीम के डाक्टर बी,बी सिंह डॉ पवन पांडेय, डॉ विनय , डॉ भरत यादव, डॉ दिपाली, डॉ दिव्या, सहित एनम प्रिति सिंह ने सैम/मैम अन्य बच्चों का स्वास्थ परिक्षण रोगानुसार दवा दिया गया। तथा खान पान साफ़ सफ़ाई के बारे में जानकारी भी दिया। उक्त अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव रश्मि सिंह, सबिता यादव, आंगनबाड़ी




कार्यकत्री सरिता पांडेय, प्रियंका, तपेसरा देवी माया देवी सहित कृषि विभाग, पशुपालन, स्वास्थ विभाग तथा आशा बहू और सभी विभागों के कर्मचारी तथा सैकड़ों की संख्या में दोनों ग्राम पंचायतों की जनता उपस्थित रही।

# सोनभद्र प्रभारी मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने किया विधायक खेल महाकुंभ का भव्य शुभारंभ बोले- खेलोगे कूदोगे तो भी बनोगे नवाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोन/सोनभद्र** (09 जनवरी, 2026) जनपद के नवसृजित विकास खंड कोन में आज विधायक खेल महाकुंभ का आगाज अत्यंत उत्साहपूर्ण और ऊर्जावान वातावरण में हुआ। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री (राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, स्टाम्प एवं पंजीयन विभाग) रविन्द्र जायसवाल ने सदर विधायक भूपेश चौबे की विशिष्ट उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का उद्घाटन किया। जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री रविन्द्र जायसवाल ने युवाओं में जोश भरते हुए कहा कि अब वह समय बीत गया जब कहा जाता था कि खेलोगे कूदोगे होगे खराब। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन का उल्लेख करते हुए नया मंत्र दिया पढ़ोगे लिखोगे तो बनोगे नवाब, खेलोगे कूदोगे तो भी बनोगे नवाब। प्रदेश सरकार मेडल जीतने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सीधे डिप्टी एसपी (ष्ठस्क्क) जैसे उच्च पदों पर नियुक्त कर रही है। ओलंपिक में देश के लिए पहला मेडल बेटियों ने ही जीता था। उन्होंने बालिका खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका परिचय प्राप्त किया और उनके आत्मविश्वास की सराहना की। विधायक खेल महाकुंभ का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाना है। औपचारिक शुरुआत के बाद प्रभारी मंत्री और सदर विधायक ने खेल मैदान का भ्रमण किया। मंत्री जी ने वॉलीबॉल खिलाड़ियों से संवाद किया और खुद बॉल फेंककर खेल की शुरुआत की। इसके पश्चात उन्होंने खो-खो प्रतियोगिता में भाग ले रही बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया।

उद्घाटन समारोह के बाद मंत्री जी ने विशाल इंग्लिश एकेडमी, कोन में आयोजित महासम्मेलन में भी प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि सदर विधानसभा के पांचों ब्लॉकों में आयोजित होने वाले इस महाकुंभ की शुरुआत आज कोन से हुई है। यह आयोजन यहाँ की ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का एक सुनहरा अवसर है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।खेल महाकुंभ के उल्लास के बीच एक गमगीन क्षण भी आया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रभारी मंत्री, सदर विधायक और जनसमूह ने दुद्धी विधायक स्वर्गीय विजय सिंह गौड़ के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई। कार्यक्रम के दौरान उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के प्रशासनिक अधिकारी, कोच और भारी संख्या में खेल प्रेमी ग्रामीण उपस्थित रहे। विधायक खेल महाकुंभ ने कोन ब्लॉक के युवाओं में एक नई ऊर्जा का संचार किया है। अब देखना होगा कि यहाँ के ग्रामीण आँचल से निकलकर कितने खिलाड़ी प्रदेश और देश का नाम रोशन करते हैं।

# सोनभद्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था में जी-राम मिशन लाएगा क्रांति, अब 100 की जगह मिलेगा 125 दिन का गारंटी रोजगार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुर्क, सोनभद्र** (09 जनवरी, 2026) उत्तर प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री (राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, स्टाम्प एवं पंजीयन विभाग) रविन्द्र जायसवाल ने आज सर्किट हाउस चुर्क में पत्रकारों से वार्ता करते हुए केंद्र सरकार के ऐतिहासिक विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) यानी विकसित भारत-जी राम जी% (VB-G RAM G) अधिनियम-2025 पर विस्तार से चर्चा की। मंत्री जी ने कहा कि यह नया कानून ग्रामीण भारत की तस्वीर बदलने और श्रमिकों के अधिकारों को वैश्विक स्तर पर सुदृढ़ करने वाला मील का पत्थर साबित होगा। प्रभारी मंत्री ने इस अधिनियम की सबसे बड़ी विशेषता बताते हुए कहा कि अब ग्रामीण श्रमिकों को एक वर्ष में 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई है। यह कदम ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने और पलायन रोकने में सहायक होगा। पुराने मनरेगा कानून में बेरोजगारी भत्ता पाना एक जटिल प्रक्रिया थी। अब नए अधिनियम के तहत सभी प्रतिबंध हटा दिए गए हैं। यदि काम मांगने के निर्धारित समय के भीतर रोजगार नहीं मिलता, तो श्रमिक को स्वत बेरोजगारी भत्ता प्राप्त होगा। पहले श्रमिकों को मजदूरी के लिए महीनों इंतजार करना पड़ता था। अब काम पूरा होने के 7 दिनों के भीतर भुगतान सुनिश्चित किया गया है। यदि देरी होती है, तो विभाग को ब्याज सहित भुगतान करना होगा। भुगतान में देरी होने पर प्रत्येक विलंबित दिन के लिए श्रमिक को मुआवजा दिया जाएगा, जिससे प्रशासनिक जवाबदेही तय होगी। मंत्री जी ने स्पष्ट किया कि पहले रोजगार गारंटी के नाम पर होने वाले घोटालों को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम नहीं थे। अब पंचायत निर्णय ऐप के माध्यम से पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी।

कार्यस्थल की कार्यवाही की जियोटैग्ड (Geo-tagged) फोटो और वीडियोग्राफी रियल टाइम अपलोड होगी। इससे फर्जी हाजिरी और कागजी कामों पर पूरी तरह लगाम लगेगी।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि इस मिशन का उद्देश्य केवल गड्ढे खोदना नहीं, बल्कि टिकाऊ संसाधन (Sustainable



Assets) बनाना है। यह प्रभावी शासन के जरिए ग्रामीण आजीविका में ठोस परिणाम देने पर केंद्रित है। कार्यस्थलों पर श्रमिकों की गरिमा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। पत्रकार वार्ता के दौरान प्रभारी मंत्री के साथ एमएलसी विनीत सिंह, सदर विधायक भूपेश चौबे, भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता, अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष अंजनी पटेल, निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिकेत निषाद, रालोद जिलाध्यक्ष कान्त तिवारी, सुभासपा जिलाध्यक्ष मनोज पाण्डेय, मीडिया प्रभारी अनुप तिवारी सहित जिले के प्रमुख पत्रकार और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी-5.0 (जी0बी0सी0) की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जी0बी0सी0-5.0 में जनपद मीरजापुर में प्राप्त निवेश प्रस्तावों के अंतर्गत ग्लोबल बिजनेस कनेक्ट (GBC)–5.0 की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त उद्योग दयाशंकर सरोज द्वारा जनपद को शासन द्वारा निर्धारित 26 हजार करोड़ रुपये के निवेश लक्ष्य के सापेक्ष अब तक की विभागवार उपलब्धि तथा शेष लक्ष्य की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। साथ ही विभिन्न इकाइयों के कार्यान्वयन के दौरान उत्पन्न समस्याओं एवं उन इकाइयों का विवरण भी प्रस्तुत किया गया जिन पर कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हो सका है।जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्धारित निवेश लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिन इकाइयों के क्रियान्वयन में समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, विशेष रूप से मेसर्स गैलेंट इस्पात लिमिटेड (परियोजना लागत ?10,750 करोड़ – स्टील प्लांट), मेसर्स सिटी हॉस्पिटल सीबीएसई स्कूल निर्माण परियोजना तथा आर.एल.जे. कंकास्ट उद्योग, उनसे संबंधित विभागों के नोडल अधिकारियों द्वारा समस्याओं का यथाशीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए।बैठक में विभिन्न विभागीय अधिकारी एवं संबंधित निवेशकगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### राम नाम के जब से मानव जीवन का उद्धार होता है- भूपेंद्र जी महाराज



नैनी ,प्रयागराज। महर्षि महेश योगी आश्रम परिसर में चल रहे राम कथा के दौरान कथा का आयोजन आश्रम के अध्यक्ष वेद विद्या मार्तंड ब्रह्मचारी गिरीश जी के निर्देशन में आयोजित हो रहा है।इस अवसर पर कथावाचक श्री भूपेंद्र महाराज जी ने कहा कि राम नाम के सुमिरन से मनुष्य का जीवन सफल हो सकता है। बिना राम के नाम का किसी मनुष्य का उद्धार नहीं हो सकता। इस अवसर पर आश्रम प्रभारी सुनील श्रीवास्तव, आश्रम प्रभारी बसंत दास, ने कथा वाचक भूपेंद्र जी का और व्यास पीठ का आरती उतार कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर आश्रम प्रभारी सुनील श्रीवास्तव,आश्रम प्रभारी बसंत दास, आचार्य ऋषि त्रिवेदी, आचार्य विमल मिश्रा ,आचार्य जितेंद्र दास ,सोनू पांडे, जय प्रकाश तिवारी, द्वारिका तिवारी, रोहित तिवारी, सुशांत दास ,मीडिया प्रभारी संजय श्रीवास्तव आदि रहे।

# यूपी वोटरों के दो डेटा! चुनाव आयोग सूची में 12.6 करोड़, राज्य चुनाव आयोग की सूची में 16.1 करोड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज। यूपी में चुनाव आयोग के ही मतदाताओं की संख्या के दो अलग-अलग आँकड़े एसआईआर प्रक्रिया को उधेड़ कर रख रहे हैं। एसआईआर की मतदाता ड्राफ्ट सूची में 12.6 करोड़ मतदाता बताए गए हैं, जबकि कुछ महीने पहले ही यूपी में पंचायत चुनाव के लिए तैयार सूची को देखा जाए तो कुल 16.1 करोड़ मतदाता हो जाते हैं। उत्तर प्रदेश में कुल व्यस्क लोगों की आबादी भी क़रीब 16 करोड़ ही अनुमानित है। तो क्या एसआईआर की ड्राफ्ट सूची से क़रीब 3.5 करोड़ वैध मतदाताओं के नाम कट रहे हैं? ईसीआई की एसआईआर और पंचायत चुनाव के लिए राज्य चुनाव आयोग की ये दोनों सूचियाँ क़रीब-क़रीब एक ही समय पर वोटरों की गिनती करती हैं, लेकिन नंबरों में इतना बड़ा फर्क देखकर सवाल उठ रहे हैं। चुनावी विश्लेषक और स्वराज इंडिया के प्रमुख योगेंद्र यादव ने भी इस पर सवाल उठाया है। उन्होंने इस अंतर को 'प्राकृतिक प्रयोग' बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया और द इंडियन एक्सप्रेस में लिखे लेख में कहा है कि ये फर्क एसआईआर प्रक्रिया की खामी को साफ़ दिखाता है। ईसीआई की एसआईआर ड्राफ्ट सूची 6 जनवरी 2026 को जारी की गई। इस सूची के जारी होने से पहले ईसीआई के अनुसार पहले 15.44 करोड़ मतदाता थे। लेकिन एसआईआर की सूची में अब सिर्फ 12.55 करोड़ बचे हैं। यानी 2.89 करोड़ नाम हटा दिए गए। राज्य चुनाव आयोग यानी स्थ्रष्ट-क्क की पंचायत और लोकल बॉडी चुनाव वाली सूची दिसंबर 2025 में प्रकाशित हुई थी। इसमें ग्रामीण क्षेत्र में 12.7 करोड़ मतदाता थे। पंचायत चुनाव ग्रामीण क्षेत्रों में होते हैं इसलिए यह आँकड़ा ग्रामीण क्षेत्रों का है। SEC-UP 2023 के अनुसार शहरी क्षेत्रों में 3.4 करोड़ मतदाता थे। यानी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के मतदाताओं को जोड़ दें तो राज्य चुनाव आयोग के अनुसार यूपी में कुल 16.1 करोड़ मतदाता हैं। योगेंद्र यादव ने एक्स पर यही लिखा है। उन्होंने लिखा है कि 'हमारे पास दो अलग-अलग तरीके हैं जो हमें मतदाताओं के लिए दो बहुत अलग-अलग आँकड़े देते हैं। एसआईआर के अनुसार यह 12.6 करोड़ है और बिना एसआईआर के यह 16.1 करोड़ है, जो राज्य की अनुमानित वयस्क आबादी के बिल्कुल बराबर है।' यादव ने राहुल शास्त्री के साथ मिलकर द इंडियन एक्सप्रेस में एक हफ़्ते पहले एक लेख में भी यही लिखा है। वह कहते हैं कि अंतर सिर्फ इतना है कि पहले गणना फॉर्म नहीं था और नागरिकता के दस्तावेज नहीं थे। उन्होंने कहा, 'दो तरीके, दो आंकड़े, लेकिन सच्चाई साफ है। ये मतदाता सूची



की 'सफाई' नहीं, बल्कि लाखों लोगों को वोटिंग अधिकार से वंचित करने वाला क़दम है। ' एसआईआर एक विशेष गहन पुनरीक्षण है, जिसमें घर-घर जाकर फॉर्म भरवाए गए और पुराने रिकॉर्ड से लिंक करने की जरूरत पड़ी। कई लोगों के फॉर्म नहीं मिले या दस्तावेज नहीं जमा हुए, इसलिए नाम कट गए। चुनाव आयोग का कहना है कि मृत, शिफ्टेड या डुप्लीकेट नाम हटाए गए हैं। इनमें 46 लाख मृत, 2.17 करोड़ शिफ्टेड और 25 लाख डुप्लीकेट नाम शामिल हैं। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी जैसे विपक्षी दलों ने एसआईआर की पूरी प्रक्रिया का विरोध किया है। विपक्ष का आरोप है कि लाखों-करोड़ों वैध मतदाताओं के नाम बिना सही जांच के हटा दिए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में ड्राफ्ट रोल में 2.89 करोड़ नाम हटाए गए, जिसे विपक्ष बीजेपी की साजिश बता रहा है ताकि अल्पसंख्यक, गरीब और विपक्षी समर्थक वोटरों को वोटिंग से वंचित किया जाए।

### कैबिनेट मंत्री से समाजसेवी ने नैनी में 'राजकीय नर्सिंग विद्यालय' व कन्या विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग की



नैनी,प्रयागराज। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री व प्रभारी मंत्री प्रयागराज स्वतंत्र देव सिंह से सरदार पतविंदर सिंह क्षेत्रीय उपाध्यक्ष काशी क्षेत्र भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने मुलाकात कर नैनी क्षेत्र में 'राजकीय नर्सिंग विद्यालय' व 'राजकीय कन्या विश्वविद्यालय' को खोलने की मांग की। प्रयागराज नगर आगमन पर सर्किट हाउस में कैबिनेट मंत्री व प्रभारी मंत्री प्रयागराज से सरदार पतविंदर सिंह क्षेत्रीय उपाध्यक्ष काशी क्षेत्र भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने मुलाकात कर यमुनापार के नैनी क्षेत्र मे ' 'राजकीय नर्सिंग विद्यालय 'व 'राजकीय कन्या विश्वविद्यालय' खोलने की मांग की।क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने बताया कि कैबिनेट मंत्री व प्रभारी मंत्री प्रयागराज स्वतंत्र देव सिंह ने माग को गंभीरता पूर्वक सुना।

## निराश्रित गोवंश-जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक

### ● गौशालाओं में सभी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त रखने, सीसीटीवी कैमरे की क्रियाशीलता बनाये रखने, जहां पर सीसीटीवी नहीं लगे हैं वहां पर तत्काल लगवाए जाने के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में निराश्रित गोवंश-जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने ठण्ड के मौसम के दृष्टिगत गौशालाओं में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि सभी सम्बंधित पशुचिकित्साधिकारियों और सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारियों को गौशालाओं का नियमित रूप से निरीक्षण करते रहे, जहां कहीं पर भी कोई कमी हो, उसे सही करायें, किसी के भी स्तर पर कोई लापरवाही पायी जाती है, तो सम्बंधित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने गौशालाओं में पर्याप्त मात्रा में भूसा-चारा, स्वच्छ पेयजल, पशुओं के पोषण के लिए उचित व्यवस्था के साथ-साथ अन्य सभी व्यवस्थाओं को बनाये रखने एवं सीसीटीवी की क्रियाशीलता बनाये रखने के लिए कहा है, कहा कि जिन गौशालाओं में अभी तक सीसीटीवी कैमरे नहीं लग पाए है उनमें तत्काल सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं व उन्होंने कहा कि इस समय बहुत ज्यादा ठण्ड पड़ रही है, इसलिए सभी गौ आश्रय स्थलों का विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। कहा कि ठण्ड से बचाव के लिए सेड के चारो तरफ तिरपाल की व्यवस्था के साथ अलाव की व्यवस्था की जाये। बैठक में जिलाधिकारी ने पशुओं को मानक के अनुरूप आहार दिये जाने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने गोआश्रय पोर्टल पर प्रतिदिन की गतिविधियों को भरे जाने के लिए निर्देशित किया है।

### मनरेगा भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गई थी

ब्यूरो प्रयागराज। प्रदेश के जल शक्ति मंत्री और प्रयागराज जिले के प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने 'जी रामजी योजना' को ग्रामीण भारत के विकास में महत्वपूर्ण कदम बताया। शुक्रवार को प्रयागराज में विकसित भारत-जी राम जी जनजागरण अभियान पर आयोजित प्रेसवार्ता में जलशक्ति मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 2047 तक विकसित भारत का दृष्टिकोण गांवों के समग्र विकास से ही साकार होगा। मोदी सरकार मजदूर-किसान की केवल बात करने वाली सरकार नहीं है, बल्कि उनकी मेहनत, उनके पसीने और उनके आत्मसम्मान को नीति के केन्द्र बनाने वाली सरकार है। ये अभियान मजदूर को केवल कामगार नहीं मानता, वह उसे राष्ट्र निर्माता मानता है। जलशक्ति मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 2047 तक विकसित भारत का दृष्टिकोण गांवों के समग्र विकास से ही साकार होगा। उन्होंने मनरेगा को वर्षों से फर्जी जॉब कार्ड, फर्जी भुगतान और अनियमितताओं का अड्डा बताया। भाजपा सरकार ने इन कमियों को दूर करते हुए कैबिनेट ने 'जी रामजी योजना' विकसित भारत पारित कराया है, जिसके तहत ग्रामीणों को 125 दिनों के गारंटीशुदा रोजगार का अधिकार मिलेगा। पहले यह सीमा केवल 100 दिन तक सीमित थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मनरेगा में केवल कच्चे कार्य कराए जाते थे, जिससे फर्जी भुगतान की संभावना बनी रहती थी। कई बार जांच मे फर्जी जॉब कार्ड और फर्जी लाभार्थी पाए गए थे। साथ ही 290 करोड़ रुपये के 10 लाख 91 हजार गड़बड़ी सामने आई थी।

#### हर हफ्ते होगा भुगतान

जलशक्ति मंत्री ने कहा कि अब मजदूरी के लिए 15 दिन की प्रतीक्षा नहीं करनी होगी। अब मजदूर की मेहनत का मूल्य साप्ताहिक भुगतान के रूप में होगा। सीधे उसके बैंक खाते में समय पर और पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंचेगा। साथ ही बुआई-कटाई के महत्वपूर्ण 60 दिनों के लिए कार्य विराम का प्राविधान किया गया है। ताकि किसानों को समय पर मजदूर उपलब्ध हों और खेती की गति कभी न रुके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पेट में दर्द इसलिए हो रहा है कि मजदूर वर्ग खुश रहेगा तो उनको यह सरकार के विरुद्ध गुमराह नही कर पाएंगे। पत्रकार वार्ता में फूलपुर के सांसद प्रवीण पटेल भी मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री के आगमन पर पुलिस आयुक्त द्वारा आवश्यक निर्देश

ब्यूरो प्रयागराज। माघ मेला-2026 को सकुशल, सुरक्षित एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार के दिनांक 10.01.2026 को प्रस्तावित माघ मेला प्रयागराज भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत आज दिनांक 09.01.2026 को रिज़र्व पुलिस लाइन्स, माघ मेला स्थित तीर्थराज सभागार में पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट प्रयागराज जोगेंद्र कुमार द्वारा पुलिस बल की ब्रीफिंग आयोजित की गई। ब्रीफिंग के दौरान पुलिस आयुक्त ने सभी को संबोधित करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री जी माघ मेला-2026 के प्रमुख स्नान पर्व–मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी की तैयारियों की समीक्षा हेतु माघ मेला प्रयागराज में भ्रमण करेंगे। उन्होंने सभी राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री जी की सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित पॉइंटवार ड्यूटी, तैनात सुरक्षा बल एवं मूवमेंट प्लान की समुचित जानकारी प्रत्येक स्तर पर सुनिश्चित की जाए। साथ ही फ्लीट मूवमेंट एवं ड्यूटी का रिहर्सल समय से पूर्ण कर लिया जाए। ड्यूटी के संबंध में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को विधिवत ब्रीफ करें, यह सुनिश्चित करें कि सुरक्षा मार्गों पर तैनात पुलिस बल गंभीरता, सतर्कता एवं शालीन व्यवहार के साथ ड्यूटी पर मौजूद रहे। यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए सुरक्षा मार्गों पर किसी भी प्रकार की जाम अथवा अव्यवस्था उत्पन्न न होने पाए तथा आने-जाने वाले मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज डॉ. अजय पाल शर्मा, जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष कुमार वर्मा, मेला अधिकार ऋषिराज, पुलिस अधीक्षक माघ मेला नीरज कुमार पाण्डेय, नोडल अधिकारी सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सावित्री फातिमा की विरासत पर छोटा बघाड़ा में निकाला मार्च

### ● पूर्वांचल पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज। दिशा छात्र संगठन, नौजवान भारत सभा और स्त्री मुक्ति लीग की तरफ से चलाए जा रहे 'सावित्री-फातिमा स्मृति सप्ताह' के छठे दिन एलनगंज चौराहे से छोटा बघाड़ा पूर्वांचल तक मार्च निकाला गया। सभा में चंद्रप्रकाश ने बात रखते हुए कहा कि सावित्री बाई फुले और फातिमा शेख ने अपने दौर में मौजूद ब्राह्मणवादी और पितृसत्तात्मक ताकतों से लड़ते हुए महिलाओं-दलितों के लिए स्कूल खोला और पढ़ने का अधिकार दिलाया। विधवा महिलाओं के मुंडन के खिलाफ नाइयों की हड़ताल करवाई। साथ ही उस समय समाज में मौजूद रूढ़ियों कुरीतियों के खिलाफ जोरदार आवाज उठाया। चंचल ने बात रखते हुए कहा कि सावित्रीबाई फुले फातिमा शेख का सपना आज भी अधूरा है क्योंकि वह एक ऐसा समाज बनाना चाहती थी जहां पर हर बच्चे को बेहतर शिक्षा का अधिकार हो, जहां पर जाति और धर्म



के नाम पर नफरत न हो, जहां पर स्त्रियों का दमन और उत्पीड़न ना हो। लेकिन आज भी यह हमारे समाज में मौजूद है कि जिसके पास पैसा है केवल वही लोग अपने बच्चों को शिक्षा दे सकते हैं और दूसरा स्त्रियों का दमन उत्पीड़न आज अपने चरम पर है। इसलिए सावित्री फातिमा के विचारों की रोशनी में सबके लिए एक समान शिक्षा के हक के लिए आवाज उठाया जाए तथा समाज में हो रहे दमन उत्पीड़न के खिलाफ बोला जाए। सभा के दौरान ' तोड़ जाति की जंजीरें, महिलाएं अगर उठी नहीं तो जुल्म बढ़ता जाएगा' आदि गया गया। इस कार्यक्रम में हर्ष जय अमन विधि साहिना सोनम आदि मौजूद रहे।

### कड़ाके की ठंड में नही है अलाव की व्यवस्था, लोगों में नगर निगम के प्रति नाराजगी

नैनी,प्रयागराज। इन दिनों लगातार बढ़ रहे कड़ाके की ठंड एवं घने कोहरे के चलते लोगों का जनजीवन काफी अस्त व्यस्त हो गया। भीषण ठंड के मौसम में क्षेत्र में कहीं भी अलाव न जलाए जाने से राहगीरों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही है। जैसा कि मालूम हो, इन दिनों ठंड का प्रकोप काफी तेजी से बढ़ता जा रहा है। शाम ढलते ही चारों तरफ घना कोहरा छा जाता है। शाम को घने कोहरे एवं भीषण ठंड के चलते लोग अपने- अपने घरों में कैद हो जाते हैं। शीतलहर व ठंड के चलते क्षेत्र की दुकानें जल्द ही बंद कर दी जाती है। जिससे क्षेत्र की सड़कों एवं बाजारों में सन्नाटा पसर जाता है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है, कि नगर निगम अधिकारियों के द्वारा अभी तक क्षेत्र के नई बाजार, ए.डी.ए मोड़, शंकर ढाल, अरैल मोड़, मलहरा फाटक, मेवालाल की बगिया तिराहा, न्यू सब्जी मंडी,खान चौराहा, आदि विभिन्न चौराहों पर अलाव की व्यवस्था न किए जाने से राहगीरों को काफी दिक्कतें महसूस हो रही है।

## लोक गीतों, नृत्य नाटिका, शास्त्रीय संगीत आदि की प्रस्तूततियां मूर्धन्य कलाकारों द्वारा पेश की गई

### ● माघ मेला के कला संगम पंडाल में संस्कृतिविभाग द्वारा आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज। माघ मेला स्थित परेड सेक्टर 3 में संस्कृति विभाग उप्र के कला संगम पंडाल में आज लोक गीतों, नृत्य नाटिका, शास्त्रीय संगीत आदि की मन मोहने वाली प्रस्तूततियां मूर्धन्य कलाकारों द्वारा पेश की गई। दर्शक लोक गीतों, नृत्य व शास्त्रीय संगीत की गंगा में डुबकी लगाते रहे। पं विनोद द्विवेदी ध्रुपद गायन के महारथी ने राग भीमपलासी में चार ताल पर 'धन प्रयाग धरा धाम, परम पावन पूरन काम' 'सूर ताल संगम मन भावन ' बुंदेलखंड बांदा जिले से आये कलाकार रमेश पाल ने दिवारी लोक नृत्य 'पाई डंडा' लाठियों से खेले जाने वाले नृत्य का प्रदर्शन कर दर्शकों





का मनोरंजन किया। अयोध्या से प्रख्यात भजन गायक रविन्द्र पाण्डेय ने श्रीराम की स्तुति करते हुए 'सागर पार से सिया का समाचार लाने वाले.... '

'राम की नगरी श्री अयोध्या में...... '

'दुनिया में पावन अयोध्या धाम है...... '

'रामा रामा रटते रटते......... '

आदि भजनों को गाकर श्रोताओं को सम्मोहित कर लिया। सीमा वर्मा शास्त्रीय संगीत का एक बड़ा नाम है। कानपुर से आयीं कलाकार ने राग भैरवी चतुरंग पर आधारित

'डगर चलते श्याम छेड़े.....

'भजन राम चरणद दुखदाई....... '

'जग आसार में सारे रहना हरि हरि बोल...' गायन कर दर्शकों का मन मोह लिया।

एमिली घोष की सोलो प्रस्तुति कथक नृत्य तीन ताल में 'अर्धनारीश्वर' के मनमोहक रुप को उकेरा। प्रतिमा मिश्रा ने अपनी टीम के साथ माघ महिना का गुणगान करते हुए' हम माघ महिना में गंगा नहाइव '' लहर लहर लहराई हो गंगा तोरी लहरिया... 'आदि का गायन किया। मंच का सफल संचालन श्वेता श्रीवास्तव किया गया। कलाकारों को रंग बली पटेल सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी भाजपा, सुभाष चन्द्र नोडल अधिकारी संस्कृति विभाग व गुलाम सरवर ने अंगवस्त्र व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### फर्जी यूपीआई ट्रांजेक्शन से ज्वेलरी ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, जेवर बरामद

भदोही। भुगतान के नाम पर फर्जी यूपीआई ट्रांजेक्शन दिखाकर ज्वेलरी कारोबारी से ठगी करने वाले एक अभियुक्त को गोपीगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से ठगी में ली गई एक जोड़ा चांदी की पायल और एक सोने की अंगूठी भी बरामद की गई है। पीड़ित ओमचन्द्र सेठ, निवासी इनारगांव गंगापुर तलिया थाना कोइरौना ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 4 जनवरी को दो बाइक सवार युवक उनकी ज्वेलरी दुकान से करीब 48 हजार रुपये के जेवर लेकर फर्जी यूपीआई पेमेंट का स्क्रीनशॉट दिखाकर फरार हो गए थे। खाते की जांच करने पर रकम जमा न होने की जानकारी मिली। मामले में थाना गोपीगंज में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में कार्रवाई शुरू की गई। अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर नितिन पाण्डेय निवासी मीरजापुर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी सौरभ मिश्रा के साथ मिलकर ठगी की बात स्वीकार की। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धाराओं की बढ़ोत्तरी कर दी है, जबकि फरार आरोपी की तलाश जारी है।

## प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर दवा दोस्त (मेडिकल स्टोर) का शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज। मंडल रेल प्रबंधक/ प्रयागराज मंडल राजनीश अग्रवाल के मार्गनिर्देशन में एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, हरिमोहन के नेतृत्व में प्रयागराज छिवकी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। स्टेशन परिसर में मेडिकल स्टोर का शुभारंभ किया गया, जिससे अब यात्रियों एवं आमजन को आवश्यक दवाइयाँ एवं स्वास्थ्य संबंधी उत्पाद स्टेशन पर ही सहजता से उपलब्ध हो सकेंगे। इस सुविधा से यात्री सेवा स्तर और अधिक बेहतर हुआ है। स्टेशन परिसर में दवाओं की सहज उपलब्धता के लिए कानपुर सेंट्रल एवं अलीगढ़ में भी शीघ्र ही मेडिकल स्टोर की सुविधा प्रारम्भ की जाएगी, इसके लिए निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। इस मेडिकल स्टोर के संचालन हेतु निविदा प्रक्रिया के माध्यम से दावा दोस्त फार्म लिमिटेड को 05 वर्षो की अवधि के लिए चयनित किया गया है । निर्धारित अवधि के दौरान फर्म द्वारा रेलवे के मानकों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप मेडिकल स्टोर का संचालन किया जाएगा। मेडिकल स्टोर



पर यात्रियों की दैनिक एवं आपातकालीन आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार के उत्पाद उपलब्ध कराए जाएंगे । इनमें प्रमुख रूप से ब्रांडेड दवाइयाँ, ब्रांडेड जेनरिक दवाइयाँ एवं जनरल प्रोडक्ट शामिल हैं। इसके अतिरिक्त स्टोर पर शिशु आवश्यकताएँ, महिला देखभाल उत्पाद, पर्सनल केयर एवं हाइजीन केयर उत्पाद, बेबी एवं मदर फूड, वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवश्यक देखभाल सामग्री, विटामिन एवं पोषक तत्वों के सप्लीमेंट आदि भी उपलब्ध रहेंगे । रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की आवश्यकता के अनुरूप वे फार्मेसी स्टोर्स पर मिलने वाले अन्य उत्पाद भी उपलब्ध होंगे। अब यात्रियों को स्टेशन परिसर से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे समय की बचत के साथ-साथ असुविधा भी कम होगी। यह सुविधा बुजुर्ग यात्रियों, महिलाओं, बच्चों तथा दिव्यांग यात्रियों के लिए विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध होगी।

## राष्ट्रीय शैक्षिक योजना के सम्मेलन में मुजफ्फरपुर के केशव कुमार एवं पूर्णिया की शिक्षिका मधु प्रिया करेंगी बिहार का प्रतिनिधित्व

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज। राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली के अंतर्गत कार्यरत राष्ट्रीय विद्यालय नेतृत्व केंद्र के द्वारा 17 से 19 जनवरी तक नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन में मुजफ्फरपुर के प्रधान शिक्षक केशव कुमार एवं पूर्णिया की प्रधान शिक्षिका मधु प्रिया करेंगी बिहार का प्रतिनिधित्व। राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (NIEPA), नई दिल्ली के अंतर्गत कार्यरत राष्ट्रीय विद्यालय नेतृत्व केंद्र (NCSL) द्वारा 'सफल विद्यालय नेतृत्वः विकसित भारत @2047 के लिए नवाचारी मार्ग' विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 17 से 19 जनवरी 2026 तक इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में किया जा रहा है। यह सम्मेलन सफल 'विद्यालय नेतृत्व का उत्सव' श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देशभर के सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानों द्वारा प्रस्तुत की गई लगभग 300 श्रेष्ठ प्रथाओं में से 55 उत्कृष्ट उदाहरणों का चयन किया गया है। इन चयनित विद्यालय प्रधानों को राष्ट्रीय स्तर पर अपने नवाचार एवं नेतृत्व क्षमता साझा करने का अवसर मिलेगा। इस क्रम में बिहार राज्य से दो विद्यालय प्रधानों का चयन किया गया है। चयनित प्रतिभागियों में केशव कुमार, प्रधान शिक्षक, प्राथमिक विद्यालय मोहनपुर उर्दू, प्रखंड मुरौल, जिला मुजफ्फरपुर एवं मधु प्रिया, प्रधान शिक्षिका, प्राथमिक विद्यालय नवटोलिया ब्रह्मज्ञानि, जिला पूर्णिया का नाम शामिल हैं। प्रतिभागियों को सम्मेलन प्रारंभ होने से एक दिन पूर्व, अर्थात 16 जनवरी 2026 तक नई दिल्ली पहुँचने तथा 19 जनवरी 2026 को शाम 7 बजे तक वापसी करने का परामर्श दिया गया है। बिहार की सबसे बड़ी प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी टीचर्स ऑफ़ बिहार के फाउंडर शिव कुमार एवं टेक्निकल टीम लीडर




शिवेंद्र प्रकाश सुमन ने बधाई देते हुए कहा कि मुजफ्फरपुर जिले मुरौल प्रखंड स्थित प्राथमिक विद्यालय मोहनपुर उर्दू के प्रधान शिक्षक केशव कुमार एवं पूर्णिया जिले के भवानीपुर प्रखंड स्थित प्राथमिक विद्यालय नवटोलिया ब्रह्मज्ञानी की प्रधान शिक्षिका मधु प्रिया की यह उपलब्धि न केवल संबंधित विद्यालय बल्कि जिला सहित पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय है। टीचर्स ऑफ़ बिहार के प्रदेश प्रवक्ता रंजेश कुमार एवं प्रदेश मीडिया संयोजक मृत्युंजय कुमार ने बधाई दी।

### पूर्व प्रमुख ने कंबल वितरण के साथ जन्म दिन मनाया



टिकरी। शुक्रवार को पूर्व ब्लॉक प्रमुख आजाद विक्रम सिंह का जन्मदिन बडे हर्षोल्लास के साथ मधवापुर स्थित आवास पर मनाया गया। राजेश विक्रम सिंह, सौरभ सिंह भदौरिया, विपुल सिंह जिपंस प्रतिनिधि संजय गुर्जर, सुभापा पार्टी के जिलाध्यक्ष पप्पू राजभर, राष्ट्रीय सचिव समाजवादी छात्र संघ के सिद्धार्थ सिंह, प्रधान रंजीत मौर्या, प्रधान गिरधारी चौहान, प्रधान शोभाराम राजभर, प्रधान विनोद चौहान, प्रधान संतोष यादव व धर्मेंद्र यादव ने पूर्व प्रमुख मनकापुर का माल्यार्पण कर केक काटा। पूर्व प्रमुख ने क्षेत्र के दस हजार से अधिक लोगों को कंबल, नव वर्ष का कलेंडर व जरुरतमंदो को हरसंभव सहयोग राशि भी वितरित किया। इस दौरान सामुदायिक सेवा और लोकप्रियता दिखने को मिला। पूर्व प्रमुख ने बताया कि वह धूमधाम से जन्म दिन का आयोजन करते हैं। जिसमें स्थानीय लोग और समर्थक शामिल होते हैं। जन्मदिन के मौके पर कंबल वितरण जैसी गतिविधियां करके गरीबों और जरूरतमंदों की मदद की जाती है। इस दौरान क्षेत्रों से हजारों लोग बधाइयां देने शामिल हुए।

## माघ मेला की गरिमा से खिलवाड़ करने वाली भ्रामक गतिविधियों पर 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज, श्रीमान् अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था के नेतृत्व में माघ मेला-2026 जैसे अत्यंत पवित्र, धार्मिक एवं राष्ट्रीय महत्व के आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित की जा रही भ्रामक सूचनाओं एवं वीडियो सामग्री पर साइबर क्राइम थाना, कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा सतत एवं कड़ी निगरानी की जा रही है। यह संज्ञान में आया कि इंस्टाग्राम प्रोफाइल - @mrpraadeep पर सुनियोजित ढंग से साधु संतों को बदनाम करने के दुराशय से वीडियो बनाकर व्यूज बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया है। जिसकी जांच से पता चला कि इंस्टाग्राम प्रोफाइल - @mrpraadeep के यूजर प्रदीप साहू पुत्र सुरेश चंद्र साहू निवासी ग्राम तिलोखरा सिकन्दरा थाना बहरिया जिला प्रयागराज ने चंदन कुमार पुत्र जयप्रकाश शर्मा निवासी ग्राम मुरौत थाना किशनपुर रतवारा जिला मधेपुरा बिहार से सुनियोजित ढंग से प्लान करके वीडियो बनाया जिसमे प्रदीप ने चंदन को सारी स्क्रिप्ट बताई कि उसे लोगों को टीका लगाना है और प्रदीप पूछेगा गायत्री मन्त्र बताओ तो बताना नहीं है और आधार कार्ड मांगने पर देना नहीं और भागने लगना.. फिर ये सब घटना को अपने वीडियो मे दिखा कर सभी माघ मेला मे आये संतो को बदनाम



कर लोगों और समाज के अंदर संतों और श्रद्धालुओं के प्रति गलत संदेश जा सके और संतो को बदनाम कर सके । माघ मेला जैसे गरिमामयी आयोजन को बदनाम कर सके. प्रदीप के बताये गए स्क्रिप्ट के अनुसार चंदन ने वैसा ही किया और प्रदीप ने वीडियो बना कर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर डालके 6रू- व्यूज 1 दिन मे प्राप्त किया. जिससे उसने अपने को फेमस करना चाहा और उसको माघ मेला संबंधित टेंट/होटल /कॉटेज या अन्य विज्ञापन अपने इंस्टाग्राम एकाउन्ट पर करने को मिले जिससे वो पैसा कमा सके. व्यूज /फॉलोवर ज्यादा होने से ज्यादा से ज्यादा विज्ञापन प्राप्त कर अकाउंट से पैसा कमाया जा सकें। उक्त तथ्य को गंभीरता से लेते हुए थाना साइबर क्राइम कमिश्नरेट प्रयागराज पर मु0अ0सं0-06/2026 धारा-196/196(1)(b) भा0न्या0सं0 व 66डी आईटी एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियोग पंजीकृत के उपरांत आज दिनांक-09.01.2026 को उपरोक्त दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

## प्रभारी मंत्री ने स्वास्थ्य, शिक्षा, विकास कार्यों, कानून व्यवस्था पर विस्तार से की चर्चा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज। प्रभारी मंत्री, जनपद प्रयागराज मंत्री, जल शक्ति विभाग (सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग), उ0प्र0 स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता व अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शुक्रवार को सर्किट हाउस के सभागार में जिला प्रशासनिक समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र से सम्बंधित विभिन्न जनसमस्याओं एवं कराये जाने वाले आवश्यक कार्यों से अवगत कराते हुए उनपर आवश्यक कार्यवाही कराये जाने के लिए कहा। बैठक में मा0 प्रभारी मंत्री ने जनप्रतिनिधियों एवं पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, विकास कार्यों, खाद-बीज की उपलब्धता, धान क्रय केन्द्रों पर धान खरीद की स्थिति, टैफ्फिक मैनेजमेंट, जलापूर्ति एवं कानून व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बैठक में उपस्थित सभी माननीय जनप्रतिनिधि को जनपद में चल रहे एसआईआर अभियान की प्रगति से अवगत कराया और जनपद में बड़ी संख्या में वोटरों के जुड़ने की सम्भावना के दृष्टिगत जो भी पात्र मतदाता छूट गये है अथवा जो भी 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है अथवा पूर्ण करने वाले है, सभी का फार्म-6 भरायें जाने ने के लिए अनुरोध किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में शादी के पश्चात जनपद में आयी महिलाओं का भी फार्म-6 भरवाकर मतदाता सूची में सम्मिलित कराये जाने के लिए कहा। कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पुलिस आयुक्त जोगेन्द्र कुमार से जनप्रतिनिधियों के संदर्भित प्रकरणों में यथोचित कार्रवाई करते हुए कृतकार्यवाही से जनप्रतिनिधियों को भी अवगत कराने के लिए कहा है। पुलिस विभाग से सम्बंधित जब भी किसी प्रकरण को संज्ञान में लाया जाये, तो पुलिस विभाग के सम्बंधित अधिकारी उसपर गम्भीरता से विचार करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करे सभी तहसीलों एवं थानों में कार्यपद्धति में गुणात्मक सुधार लाये जाने एवं सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने पुलिस आयुक्त से रात्रि के समय शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस पेट्रोलिंग को बढ़ाये जाने के लिए कहा है। उन्होंने अभियान चलाकर जमीनों पर बलपूर्वक कब्जा करने वाले गैंगो को चिन्हित करने एवं उनपर गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही करने के लिए कहा है। उन्होंने डीसीपी नगर से शराब बिक्री की दुकानों के पास सार्वजनिक स्थल पर ओपेन ड्रिंकिंग पर रोक लगाये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के लिए कहा है। बैठक में सांसद फूलपुर श्री प्रवीण पटेल ने जिलाधिकारी से कृषक दुर्घटना के प्रकरणों में आश्रितों को जल्द से जल्द आर्थिक सहायता प्राप्त हो सके, इसके लिए सम्बंधित लेखपालों की समय से आख्या एवं अन्य कार्यवाही शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने के लिए कहा है। सांसद ने माघ मेला क्षेत्र में भीड़ व यातायात प्रबंधन पर कंट्रोल रूम से निगरानी रखने तथा मुख्य पर्वो के अतिरिक्त अन्य दिवसों में वाहनों के यथासम्भव आवागमन को प्रतिबंधित न करने के लिए कहा है। उन्होंने सड़कों पर अवैध अतिक्रमण हटाये जाने हेतु अभियान चलाये जाने के लिए कहा है। मंत्री जी ने जिलाधिकारी से कहा कि किसानों को उर्वरको की उपलब्धता में कोई कमी नहीं होनी चाहिए तथा ओवर रेटिंग की शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने धान क्रय केन्द्रों पर फर्जी खरीद न होने पाये, इसके लिए आवश्यक कार्यवाही करने किसानों को खाद सहित अन्य किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाये।मंत्री जी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से कम्बल वितरण हेतु जरूरतमंदों को चिन्हित कर लिस्ट जिलाधिकारी को भेजे जाने के लिए कहा है। उन्होंने मेला क्षेत्र में भी कल्पवासियों को कम्बल उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए है। मंत्री जी ने महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी से कहा कि सभी पार्षदगणों से वार्ता कर उनके क्षेत्र में जहां पर भी सीवर लाइन अथवा पाइप लाइन खराब है, सभी की सूची प्राप्त कर लें और नगर आयुक्त अभियान चलाकर इस पर कार्यवाही करें, किसी भी स्थिति में दूषित जल की आपूर्ति नहीं होनी चाहिए। मा0 मंत्री जी ने माघ मेले के दृष्टिगत जलस्तर की लगातार मानीटरिंग किए जाने तथा जल की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा है। उन्होंने बैठक में उपस्थित अपर नगर आयुक्त से शहर की साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने जाम की समस्या से निपटने के लिए फूलप्रूफ टैऊफिक प्लान बनाये जाने के लिए कहा है। बैठक में सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल, मा0 महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी, मा0 विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्य, मा0 विधायक फूलपुर दीपक पटेल, मा0 विधायक शहर उत्तर हर्षवर्धन वाजपेयी, मा0 विधायक कोरांव राजमणि कोल, मा0 विधान परिषद सदस्य के0पी0 श्रीवास्तव, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, गंगापार अध्यक्ष श्रीमती निर्मला पासवान, यमुनापार अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने विभिन्न विषयों पर अपने-अपने सुझाव दिए।

## संक्षिप्त खबरें

### कटहल नाला बनेगा बलिया का मॉडल प्रोजेक्ट, 18.07 करोड़ से होगा कायाकल्प

**बलिया।** शहर की जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने और नगर सौंदर्यीकरण को नई पहचान देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। बलिया में कटहल नाला के विकास और सुंदरीकरण के लिए 18.07 करोड़ रुपये की परियोजना को प्रशासनिक एवं वित्तीय मंजूरी मिल गई है। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में संबंधित अधिकारियों के साथ परियोजना की समीक्षा की। इस महत्वाकांक्षी योजना का भूमि पूजन 25 जनवरी को किया जाएगा। यह परियोजना नगर पालिका परिषद बलिया की सीमा में परमंदापुर पुल से रामपुर महावल बैराज तक लगभग दो किलोमीटर लंबाई में लागू की जाएगी। योजना के तहत नाले के दोनों किनारों पर पाथवे का निर्माण किया जाएगा, जिससे आमजन को आवागमन और टहलने की सुविधा मिलेगी। परियोजना में पर्यावरण संरक्षण को विशेष महत्व देते हुए ग्रीन स्पेस, ग्रीन पार्क और मियावाकी फॉरेस्ट विकसित किए जाएंगे। साथ ही, लोगों के बैठने के लिए बेंच और पूरे क्षेत्र में सोलर लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी। निर्माण कार्य यूपी जल निगम (नगरीय) की इकाई कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज (सीएनडीएस), आजमगढ़ द्वारा कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि कटहल नाला परियोजना के पूरा होने से जल निकासी की समस्या में काफी सुधार होगा और बरसात के मौसम में होने वाले जलभराव से शहरवासियों को राहत मिलेगी। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप और तय समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए, ताकि यह परियोजना बलिया के लिए एक मॉडल प्रोजेक्ट के रूप में विकसित हो सके।

### ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में नई शिक्षा नीति 2020 व NCF 2023 पर शिक्षक प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित



**चंदवा, झारखंड :-** चंदवा स्थित ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल परिसर में नई शिक्षा नीति 2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (NCF) 2023 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर शिक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन रचना सागर पब्लिकेशन के तत्वावधान में किया गया। कार्यशाला में दिल्ली से आए वरिष्ठ शिक्षाविद् कमल कांडपाल ने मुख्य प्रशिक्षक के रूप में भाग लेते हुए शिक्षकों को नई शिक्षा नीति एवं ह्रष्ट्स्न 2023 के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने नीति के मूल उद्देश्यों, दृष्टिकोण और व्यवहारिक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नई शिक्षा नीति का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है, जिसमें शैक्षणिक उपलब्धि के साथ-साथ नैतिक, सामाजिक, बौद्धिक एवं भावनात्मक विकास शामिल है। प्रशिक्षक ने शिक्षकों को आलोचनात्मक चिंतन, रचनात्मक सोच एवं समस्या समाधान आधारित शिक्षण पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने गतिविधि आधारित शिक्षण, अनुभवात्मक अधिगम, परियोजना कार्य, समूह चर्चा तथा विद्यार्थी-केंद्रित कक्षा संचालन पर विशेष जोर देते हुए उदाहरणों के माध्यम से बताया कि आधुनिक शिक्षण पद्धतियां किस प्रकार विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता को बढ़ाती हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य हिमांशु सिंह ने कार्यशाला की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को समयानुकूल शैक्षणिक परिवर्तनों से अवगत कराते हैं। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन के लिए शिक्षकों का प्रशिक्षित और जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यशाला का सफल आयोजन विद्यालय की निदेशिका कादम्बरी सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उन्होंने रचना सागर पब्लिकेशन एवं मुख्य प्रशिक्षक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं शिक्षक विकास को सदैव प्राथमिकता देता रहा है। उल्लेखनीय है कि ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में समय-समय पर इस प्रकार की शैक्षणिक कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। इससे शिक्षकों के व्यावसायिक विकास के साथ-साथ विद्यार्थियों को आधुनिक, प्रभावी एवं मूल्यपरक शिक्षा प्रदान करने में सहायता मिलती है।

# अनुमंडल पदाधिकारी के हज़ारीबाग आगमन पर हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट का भावनात्मक आह्वान, नशे के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंड:-** हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट की ओर से हज़ारीबाग आगमन पर अनुमंडल पदाधिकारी का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के संस्थापक सह अध्यक्ष शाहिद हुसैन मे जिले की सामाजिक पीड़ा और युवाओं के भविष्य से जुड़ा एक भावनात्मक एवं जनहितकारी आवेदन अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपा। इस दौरान ट्रस्ट के सदस्य ग़ज़ाली खान भी उपस्थित थे। आवेदन के माध्यम से डिस्ट्रिक बोर्ड चौक से नया समाहरणालय मार्ग तथा शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज-सेंट्रल जेल के आसपास सार्वजनिक स्थलों पर हो रही मादक एवं नशीली दवाओं की खरीद-बिक्री और सेवन पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। ट्रस्ट ने कहा कि जिन रास्तों से छात्र, मरीज, महिलाएं और आम नागरिक रोज़ गुजरते हैं, वहीं नशे का ज़हर खुलेआम बेचा और पिया जा रहा है, जो समाज के लिए एक मूक त्रासदी बन चुका है। हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट ने पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि नशे के कारण कितने घर उजड़ रहे हैं, कितनी मांओं की आंखों से नींद गायब है और कितने युवाओं का भविष्य अंधकार में डूबता जा रहा है—यह अब केवल कानून-व्यवस्था का नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना का भी प्रश्न बन गया है। संवेदनशील संस्थानों के आसपास असामाजिक तत्वों द्वारा सरकारी भूमि पर कब्जा कर नशे के अड्डे चलाया जाना प्रशासन और समाज दोनों के लिए अत्यंत चिंताजनक स्थिति है। ट्रस्ट ने यह भी सवाल उठाया कि एक ओर नशा मुक्ति के लिए जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर खुलेआम नशे का कारोबार जारी है। यदि आज कठोर कदम नहीं उठाए गए तो आने वाली पीढ़ी हमें कभी माफ नहीं करेगी। हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट ने अनुमंडल पदाधिकारी से त्वरित, सघन और निर्णायक कार्रवाई, नियमित छापेमारी, दोषियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कठोर



दंड, सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त, तथा स्थायी पुलिस गश्ती एवं सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था की भावनात्मक अपील की। साथ ही जिले को नशा मुक्त क्षेत्र बनाने की दिशा में ठोस पहल का आग्रह किया। इस अवसर पर ट्रस्ट ने विश्वास जताया कि प्रशासन जन-भावनाओं को समझते हुए नशे के खिलाफ कठोर और ऐतिहासिक निर्णय लेगा, ताकि हज़ारीबाग की युवा पीढ़ी और समाज का भविष्य सुरक्षित रह सके।

### श्री राम जानकी मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई



**नैनी, प्रयागराज।** शुक्रवार को नैनी स्टेशन रोड के समीप श्री राम जानकी मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा की अगवाई मंदिर प्रबंधक त्रिभुवन नाथ चौरसिया ने किया। इस दौरान महिलाओं ने कलश यात्रा भी निकाली। वहीं मंदिर के पुजारी नंदू महाराज ने पूजा अर्चना कर शोभा यात्रा को रवाना किया।यह यात्रा स्टेशन रोड, नैनी बाजार, शंकर ढाल, मेवालाल बगिया, हनुमान नगर, होते हुए राम जानकी मंदिर में संपन्न हुआ। मुख्य रूप से प्रबंधक त्रिभुवन नाथ चौरसिया, मंदिर पुजारी नंदू महाराज, डब्लू जायसवाल पार्षद राकेश जायसवाल पूर्व पार्षद विनय जायसवाल, चून्नू जायसवाल, पूर्व पार्षद मुकेश भारतीय, संकु चौरसिया, मंकु चौरसिया, स्वामी नन्द अमोहा महाराज,राहुल चौरसिया, अंकित जायसवाल, घनश्याम जायसवाल,राम ताड़क चौरसिया,मंगला केसरवानी, आकांक्षा जायसवाल, राकेश चौरसिया, अजय चौरसिया,शालू केसरवानी, कृष्णा केसरवानी , उत्तम केसरवानी आदि शामिल रहे।

# न्यायमूर्ति महेश शरदचंद्र सोनक बने झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

**●राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने दिलाई शपथ, मुख्यमंत्री रहे मौजूद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रांची, झारखंड:-** झारखंड राज्य उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश के रूप में माननीय न्यायमूर्ति महेश शरदचंद्र सोनक ने आज पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। राजधानी रांची स्थित लोक भवन के बिरसा मंडप में आयोजित समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उन्हें शपथ दिलाई। इस गरिमामय अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन भी उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण के बाद माननीय राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश को बधाई देते हुए उनके सफल एवं न्यायप्रिय कार्यकाल की शुभकामनाएँ दीं। समारोह में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मंत्री दीपिका पांडे सिंह, माननीय



विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इसके अतिरिक्त झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीशगण, भारतीय प्रशासनिक एवं पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी, उच्च न्यायालय के पदाधिकारी, वरीय अधिवक्ता तथा अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति सोनक के अनुभव और नेतृत्व से झारखंड उच्च न्यायालय की न्यायिक कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी होगी तथा आम लोगों को न्याय सुलभ कराने में नई दिशा मिलेगी। समारोह सौहार्दपूर्ण और अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ।

# पूजा करने जा रहे युवक की भीषण सड़क हादसे में मौत, पूरे क्षेत्र में मातम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** बरही थाना क्षेत्र के देवचन्दा मोड़ के समीप शुक्रवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में पाण्डेयबारा निवासी 21 वर्षीय बलवंत पांडेय की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई, वहीं मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पाण्डेयबारा निवासी नवरंजन पांडेय का पुत्र बलवंत पांडेय शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे बाइक संख्या जेएच 02 बीक्यू 6442 से अपनी छोटी बहन को झुमरीतिलैया में परीक्षा देने के लिए बरही चौक छोड़ने गया था। बहन को छोड़ने के बाद बलवंत इटखोरी स्थित भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए निकला। देवचन्दा मोड़ के पास आगे चल रहे एक बाइक सवार ने बिना कोई संकेत दिए अचानक अपनी बाइक दाई ओर मोड़ दी। पीछे से आ रहे बलवंत की बाइक उससे टकरा गई और अनियंत्रित होकर वह सड़क के बीच बने डिवाइडर से जा टकराया। हादसे में बलवंत के सिर पर गंभीर चोट लगी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो





गई। वहीं दूसरी बाइक संख्या जेएच 09 एएस 4775 पर सवार व्यक्ति की पहचान उच्च विद्यालय गौरियाकरमा के सरकारी शिक्षक मुकेश कुमार पिता युगल महतो के रूप में हुई है, जो इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल, बरही लाया गया, जहां चिकित्सकों ने बलवंत पांडेय को मृत घोषित कर दिया। घायल शिक्षक मुकेश कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि बलवंत हजारीबाग में रहकर स्नातक की पढ़ाई कर रहा था और कुछ ही दिन पहले अपने गांव पाण्डेयबारा आया था। शुक्रवार सुबह उसके दोस्तों ने हजारीबाग से फोन कर इटखोरी स्थित भद्रकाली मंदिर में दर्शन करने का कार्यक्रम बताया, जिसे वह टाल नहीं सका और निकल पड़ा। लेकिन रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही अनुमंडलीय अस्पताल में उपाधीक्षक डॉ. प्रकाश ज्ञानी, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, चौपारण मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, केदार साव, राजकुमार यादव, अनिल पाण्डेय, देवदत्त पाण्डेय, पंसस प्रतिनिधि मो. सागिर सहित कई जनप्रतिनिधि व स्थानीय लोग पहुंचे। इधर, हादसे की जानकारी मिलने पर बरही विधायक मनोज कुमार यादव भी अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। विधायक ने इस दुख की घड़ी में हर संभव सहायता का भरोसा दिया। बरही अनुमंडलीय अस्पताल में बलवंत पांडेय का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया, जिसके उपरांत पाण्डेयबारा स्थित श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## आजसू पार्टी ने जारी की विधानसभा-वार बीएलए प्रभारियों की सूची

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवघर, झारखंड:-** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह झारखंड सरकार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार झारखंड के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की नियुक्ति को लेकर विधानसभा-वार प्रभारियों की सूची जारी की है। इस पहल का उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करना, मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करना तथा आगामी चुनावों की तैयारियों को मजबूती प्रदान करना है। जारी सूची के अनुसार आजसू पार्टी के देवघर जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य को अतिरिक्त प्रभार सौंपते हुए मधुपुर विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं पार्टी के केंद्रीय सचिव राजा साहनी को देवघर विधानसभा प्रभारी तथा अरुण कुमार महतो को सारठ विधानसभा प्रभारी बनाया गया है। पार्टी नेतृत्व ने इन नियुक्तियों के माध्यम से देवघर जिला अंतर्गत संगठनात्मक ढांचे को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने का संदेश दिया है। इस संबंध में जारी आदेश की प्रति मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड को भी भेज दी गई है। आदेश के तहत अब सभी नामित विधानसभा प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रत्येक बूथ पर अपने हस्ताक्षर से बूथ लेवल एजेंटों की नियुक्ति कर सकेंगे।



बीएलए मतदाता सूची के सत्यापन, संशोधन एवं अद्यतन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में अहम भूमिका निभाएंगे। इधर नगर निकाय चुनाव एवं आगामी पंचायत चुनाव को ध्यान में रखते हुए सभी नामित विधानसभा प्रभारियों ने बीएलए नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है। संगठन स्तर पर बैठकों का दौर तेज हो गया है और कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक सक्रिय करने का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। इस अवसर पर देवघर जिला अध्यक्ष सह मधुपुर विधानसभा प्रभारी आदर्श लक्ष्य ने कहा कि आजसू पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने पंचायत एवं वार्ड क्षेत्रों में प्रत्येक बूथ के लिए कर्मठ, ईमानदार एवं संगठननिष्ठ लोगों की पहचान कर शीघ्र आवेदन प्रस्तुत कराएं, ताकि समयबद्ध तरीके से बूथ लेवल एजेंटों की नियुक्ति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि सशक्त बीएलए टीम के माध्यम से मतदाता सूची से जुड़ी हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाएगी और आगामी नगर निकाय व पंचायत चुनाव में आजसू पार्टी पूरी मजबूती के साथ जनता के बीच उतरेगी।

### दोकटी-बैरिया बॉर्डर पर बड़ी कार्रवाई: 315 पेटी अवैध शराब जब्त, चालक वाहन छोड़कर फरार

बलिया पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। बैरिया थाना पुलिस ने दोकटी-बैरिया बॉर्डर पर चेकिंग के दौरान एक पिकअप वाहन से विभिन्न ब्रांडों की 315 पेटी अवैध शराब बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 17 लाख 70 हजार रुपये बताई जा रही है। हालांकि, कार्रवाई के दौरान चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। उप निरीक्षक मयंक कुमार के नेतृत्व में बैरिया थाना पुलिस की टीम रेगुलेटर पुल पर वाहनों की सघन जांच कर रही थी। इसी दौरान दोकटी की ओर से आ रही एक पिकअप को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन पुलिस को देखकर चालक ने वाहन की गति तेज कर दी और भागने लगा। पुलिस टीम ने संदिग्ध पिकअप का पीछा किया। सेवादास मठिया के पास चालक वाहन को खेत में उतारकर छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद पुलिस ने पिकअप की तलाशी ली, जिसमें 315 पेटी अवैध शराब बरामद हुई। ई-चालान ऐप से वाहन की जांच करने पर पिकअप वाहन का मालिक नितेश कुमार पुत्र हरेराम यादव, निवासी बड़का नगर, मुरली छपरा, जनपद बलिया पाया गया। पुलिस ने वाहन मालिक और अज्ञात चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पाकुड़ पुलिस अधीक्षक ने मालपहाड़ी ओपी का किया वार्षिक निरीक्षण



**पाकुड़, झारखंड:-** पाकुड़ पुलिस अधीक्षक द्वारा मालपहाड़ी ओपी का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ओपी परिसर एवं भवन की साफ-सफाई के साथ-साथ सिरिस्ता से संबंधित अभिलेखों का गहन अवलोकन किया गया। इसमें दागी पंजी, प्राथमिकी पंजी, लूट पंजी, डकैती पंजी, अपराध निर्देशिका पंजी, खतियान पंजी, गिरफ्तारी पंजी सहित अन्य अभिलेखों के रख-रखाव और संधारण की जांच की गई। अवलोकन के उपरांत अभिलेखों एवं पंजियों का संधारण संतोषजनक पाया गया। वहीं निरीक्षण के दौरान पाई गई अन्य त्रुटियों के निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा ओपी में लंबित कांडों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर ओपी प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने विधि-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए कार्य में पारदर्शिता और समयबद्धता बनाए रखने पर जोर दिया।

# प्राकृतिक सौंदर्य के बीच 9 जनवरी से ओम् से प्रारम्भ हुआ पाकुड़िया प्रखण्ड में वंदना पर्व

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्ड :-** आदिवासी साफाहोड़ समाज का सर्वाधिक महत्वपूर्ण पर्व सोहराय का श्रीगणेश ओम से 9 जनवरी को पाकुड़िया प्रखण्ड के लागडुम ग्राम से हुआ। परम्परा के अनुरूप धान कटनी के बाद यह त्योहार प्रकृति के प्रति समर्पित व बहनों के मैके में सम्मान किए जाने वाला पर्व है। हालांकि यह त्योहार विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग तिथियों में मनाया जाता है। मिली सूचना के अनुसार 9 जनवरी को लागडुम, राजपोखर, सिंदरीसोल ग्रामों में यह पर्व मनाया जा रहा है। पूरा सप्ताह तक आयोजित सोहराय पर्व का समापन मकर संक्रांति को होगा। ओम से गाय, बैल व मवेशियों को स्नान, गोहाल की सफाई के बाद पूजन से लेकर विविध संथाली परम्पराओं का निर्वहन किया जाता है। इस दौरान संथाली लोकगीतों व नृत्य के साथ विभिन्न चरणों में संथाली संस्कृति की विशिष्ट झलक देखने को मिलती है। वहीं



इस पावन अवसर पर भाई अपनी प्रिय बहनों को अपने घर बड़े ही सम्मान से लाता है और मान्य परम्पराओं के अनुसार आदर-सत्कार कर बहनों के प्रति अपना अनुराग जताता है। निसंदेह यह वंदना पर्व प्रकृति और बहनों के प्रति निश्छल प्रेम का त्योहार है। सोहराय पर्व को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में अपूर्व उल्लास की छटा बिखरी हुई है। बालक-बालिकाओं में प्रसन्नता हिलोरें ले रही हैं। पर्व के कारण पाकुड़िया बाजार की चहल-पहल भी बढ़ती दिखाई दे रही है। लोग विभिन्न प्रकार की पूजन सामग्री, मिष्ठान सहित आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी में जुटे हुए हैं।

# मीट व मुर्गा दुकानों के संचालन को लेकर सख्त निर्देश

**●बिना खाद्य अनुज्ञप्ति व्यवसाय करने पर होगी कार्रवाई : खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मो. मंजर हुसैन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक विनियम 2011 के तहत मीट एवं वे मुर्गा दुकानों के संचालन को लेकर जिला खाद्य सुरक्षा विभाग ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह अभिहित अधिकारी (खाद्य सुरक्षा शाखा) हजारीबाग द्वारा सभी मीट एवं मुर्गा दुकानदारों को निर्धारित नियमों एवं मानकों का अक्षरशः अनुपालन करने का आदेश दिया गया है। जारी निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि मीट एवं मुर्गा दुकान संचालन के लिए खाद्य अनुज्ञप्ति या पंजीकरण कराना अनिवार्य है। बिना वैध अनुज्ञप्ति या पंजीकरण के व्यवसाय करना दंडनीय अपराध है। भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (स्नस्स्ढ्ढ) एवं राज्य जीव-जंतु कल्याण बोर्ड, झारखंड द्वारा तय मानकों का पालन सभी दुकानदारों को करना होगा। निर्देशों के अनुसार, खाद्य अनुज्ञप्ति या पंजीकरण से पूर्व स्थानीय निकाय एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना आवश्यक होगा। खुले में मांस काटने अथवा लटकाकर बेचने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। मीट दुकान सब्जी या मछली की दुकान के पास नहीं होगी तथा धार्मिक स्थलों से कम से कम 50 मीटर की दूरी पर संचालित होगी। यदि दुकान धार्मिक स्थल के मुख्य द्वार के सामने है, तो न्यूनतम दूरी 100 मीटर निर्धारित की गई है। दुकान का दरवाजा स्वतः बंद होने वाला एवं काले शीशे से युक्त होना चाहिए। मीट दुकान की ऊंचाई न्यूनतम 3 मीटर तथा वातानुकूलित दुकान की ऊंचाई कम से कम 2.5 मीटर होनी चाहिए। दीवारों पर 5 फीट की ऊंचाई तक इम्परवियस कंक्रीट मटेरियल तथा फर्श पक्का, नॉन-स्लिप सामग्री का होना अनिवार्य है, साथ ही न्यूनतम 5 सेंटीमीटर का ढाल होना चाहिए। मांस काटने में उपयोग होने वाले चाकू एवं अन्य धारदार औजार स्टेनलेस स्टील के होने चाहिए।



दुकान में साइन बोर्ड लगाना अनिवार्य होगा, जिसमें यह स्पष्ट लिखा होगा कि किस प्रकार का मांस (झटका या हलाल) बेचा जा रहा है। स्वच्छ पेयजल, उचित जल निकासी, क्रॉस वेंटिलेशन एवं हवादार व्यवस्था भी अनिवार्य की गई है। यदि मांस 48 घंटे से अधिक समय तक भंडारित किया जाता है, तो 4 से 8 डिग्री सेल्सियस तापमान बनाए रखने हेतु डिस्प्ले या फ्रीजिंग कैबिनेट टाइप रेफ्रिजरेटर होना आवश्यक होगा। इसके अलावा पशु अपशिष्ट निपटान की समुचित व्यवस्था तथा अपशिष्ट संग्रहण के लिए पैडलयुक्त ढक्कन वाले कूड़ेदान की व्यवस्था अनिवार्य की गई है। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी हजारीबाग मो. मंजर हुसैन ने सभी मीट एवं मुर्गा दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा है कि नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित दुकानों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## जय झारखंड क्लब माधोपाड़ा की ओर से चार दिवसीय गेंदरेच बॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़, झारखंड :-** प्रखंड अंतर्गत पंचायत खांपुर के ग्राम माधोपाड़ा स्थित जय झारखंड क्लब द्वारा आयोजित चार दिवसीय गेंदरेच बॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष बाबुधन मुर्मू उर्फ डॉन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि प्रखंड उपाध्यक्ष एनामुल हक विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। अतिथियों ने गेंद को किक मारकर प्रतियोगिता के प्रथम मुकाबले का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता का पहला मैच जीवांशु एकादश स्माइल स्टार एवं एफसी जूनियर लेवल टीम के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में जीवांशु एकादश स्माइल स्टार की टीम ने एक गोल से जीत दर्ज की। क्लब के अध्यक्ष सोनाराम मरांडी ने बताया कि प्रतियोगिता चार दिनों तक चलेगी। इसमें विजेता टीम को 30 हजार रुपये तथा उपविजेता टीम को 25 हजार रुपये नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। वहीं 11 जनवरी को फाइनल मुकाबले के दिन महिला वर्ग की फुटबॉल प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी, जिसमें विजेता टीम



को 12 हजार रुपये तथा उपविजेता टीम को 10 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त फाइनल के दिन विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए बाबुधन मुर्मू उर्फ डॉन ने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ खेलने की अपील की। उन्होंने कहा कि खेल में हार-जीत स्वाभाविक है, लेकिन खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों का भी उल्लेख किया। इस अवसर पर बोद्दी शेख, पंचायत उपाध्यक्ष नईम शेख, मिकाईल किस्कु, स्टेफान टुडू, क्लब सचिव प्रकाश मुर्मू, उपाध्यक्ष हेमलाल सोरेन, कोषाध्यक्ष शिवलाल हेम्ब्रम सहित झामुमो कार्यकर्ता, क्लब के सदस्य एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**पाकुड़, झारखंड :-** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा), रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पाकुड़ के तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। यह अभियान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पाकुड़ दिवाकर पांडे के निर्देश पर तथा सचिव रूपा बंदना किरो के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत पाकुड़ रेलवे स्टेशन के आसपास आमजन को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान पैरा लीगल वॉलिंटियर्स ने नशे से होने वाले मानसिक एवं शारीरिक नुकसान की विस्तार से जानकारी दी तथा लोगों से नशे से दूर रहने की अपील की। इसके साथ ही पैरा लीगल वॉलिंटियर्स द्वारा अपने-अपने कार्यक्षेत्र में नालसा की 'डॉन' योजना के अंतर्गत भी जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान पीएलवी कमला राय, गांगुली, पिंकी मंडल, रानी साहा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल द्वारा पिता विहीन असहाय बच्चों को कक्षा 10वीं तक निःशुल्क शिक्षा देने की घोषणा

**●निदेशक के पिता स्व. श्रीकांत पाण्डेय की 27वीं पुण्यतिथि पर ग्रीनलैण्ड पब्लिक स्कूल की सराहनीय पहल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड:-** ग्रीनलैण्ड पब्लिक स्कूल चपरीकला पांडेयबारा द्वारा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए एक मानवीय और प्रेरणादायक पहल की घोषणा की गई है। विद्यालय के निदेशक पंचम कुमार पाण्डेय के पूज्य पिता स्वर्गीय श्रीकांत पाण्डेय जी की 27वीं पुण्यतिथि के अवसर पर यह विशेष घोषणा की गई, जिसे शिक्षा और संवेदना के क्षेत्र में एक अनुकरणीय कदम माना जा रहा है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा की गई इस महत्वपूर्ण घोषणा के अनुसार, जिन बच्चों के पिता नहीं हैं और जो आर्थिक व पारिवारिक रूप से असक्षम हैं, उन्हें ग्रीनलैण्ड पब्लिक स्कूल में कक्षा पहली से लेकर कक्षा दसवीं तक पूर्णतः निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी। इस योजना के तहत चयनित बच्चों से किसी भी प्रकार का शिक्षण शुल्क नहीं लिया जाएगा, जिससे वे बिना किसी आर्थिक बाधा के अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि यह निर्णय स्वर्गीय श्रीकांत पाण्डेय जी के सेवा, त्याग और मानवीय मूल्यों से प्रेरित होकर लिया गया है। उनका मानना था कि शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे सशक्त माध्यम है और किसी भी बच्चे को केवल पारिवारिक परिस्थिति के कारण शिक्षा से वंचित नहीं होना चाहिए। इसी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए यह पहल की गई है। निदेशक पंचम कुमार पाण्डेय ने कहा कि यह केवल एक घोषणा नहीं, बल्कि समाज के प्रति विद्यालय की नैतिक जिम्मेदारी का निर्वहन है। उन्होंने कहा कि पिता विहीन बच्चों को शिक्षा का संबल देकर उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त



बनाना ही इस पहल का मुख्य उद्देश्य है। विद्यालय भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रीनलैण्ड पब्लिक स्कूल, चपरीकला पांडेयबारा एक पूर्ण रूप से इंग्लिश मीडियम स्कूल है, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों के विकास पर भी विशेष जोर देता है। इस घोषणा से क्षेत्र के जरूरतमंद बच्चों और उनके अभिभावकों में आशा की नई किरण जगी है। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभिभावक विद्यालय प्रबंधन से संपर्क कर सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### शिवसेना (एकनाथ शिंदेगुट) सदस्यता अभियान शुभारंभ



**ललितपुर।** मिशन बुंदेलखंड धानुक (बरार) समाज संगठन उ.प्र. के जिलाध्यक्ष हरदास धानुक (बरारजी एवं धानुक (बरार) समाज सेवा समिति रजि. ललितपुर के नगराध्यक सुजीत कुमार धानुक (बरार) ने सदस्यता प्राप्त की। शिवसेना (एकनाथ शिंदेगुट) जिलाध्यक्ष राकेश नामदेव को बधाई देकर फूलमाला पहनाकर सम्मान किया। समस्त धानुक (बरार) समाज जिलाध्यक्ष, नगराध्यक्ष द्वारा घोषणा की गई कि शिवसेना (एकनाथ शिंदेगुट) में सभी कार्यकारिणी पदाधिकारी व सदस्य एवं समस्त धानुक बरार समाज की शिवसेना (एकनाथ शिंदेगुट) में सदस्य दिलाने की शपथ ली। जिसमें धानुक (बरार) समाज के लोग उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष राकेश नामदेव ने धानुक (बरार)समाज के जिलाध्यक्ष एवं नगर अध्यक्ष एवं धानुक बरार समाज के लोगों को शिवसेना पट्टनुमा प्रतीक चिन्ह पहनाकर सम्मानित किया गया। शिवसेना (एकनाथ शिंदेगुट) में आस्था व्यक्त की तथा नीतियों एवं सिद्धांतों के प्रति निष्ठा पूर्वक कार्य करने हेतु संकल्प लिया गया।

### इकतीस मार्च तक राजस्व लक्ष्य को पूरा करें : नपाध्यक्ष



**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सोनाली जैन की अध्यक्षता व कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, कर अधीक्षक राजेश कुमार जैन की उपस्थिति में पालिका सभाकक्ष में राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक के दौरान नपाध्यक्ष ने पूर्व बैठक में दिये गये निर्देशों के क्रम में जानकारी ली गई व कर संग्रहकर्ताओं द्वारा वितरित किये गये गृहकर के बिलों आदि की भी समीक्षा की गई, जिसमें कर्मचारियों द्वारा अवगत कराया गया कि बिल वितरण का कार्य जारी है। बकाया गृहकर बिल 20 जनवरी तक वितरित कर दिये जायेगें। इसके अलावा नपाध्यक्ष ने राजस्व वसूली के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि वार्डो में कैम्प लगाकर वसूली कराना सुनिश्चित करें व जो भी बड़े-बड़े बकायेदार है। उन सभी की सूची तैयार कर सभी बकायेदारों के विरुद्ध नोटिस जारी करें। अध्यक्ष ने कर लिपिक को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन वितरित किये गये बिल व वसूली से संबंधित जानकारी से अवगत कराया जाये। उन्होंने कर निर्धारण अधिकारी एवं कर अधीक्षक को निर्देश दिये कि हर हाल में 31 मार्च के अंदर लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जो भी कर्मचारी कार्य में लापरवाही करते हुए पाया जाता है तो उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। समीक्षा बैठक के दौरान कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, कर अधीक्षक राजेश कुमार जैन, राजस्व निरीक्षक सीमा कुशवाहा, कर लिपिक चन्द्रविनोद मिश्रा सहित कर संग्रहकर्ता एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सड़क सुरक्षा माह के तहत जीआईसी जखौरा में जागरूकता



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में थाना जखौरा पुलिस ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दृष्टिगत छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के महत्व, यातायात नियमों का पालन, पैदल और वाहन चालकों की जिम्मेदारियां, तथा सुरक्षित ड्राइविंग नियमों के बारे में जानकारी दी गई, साथ ही पुलिस ने हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट और ट्रैफिक नियमों का पालन जैसी बातों पर विशेष जोर दिया। इस पहल का उद्देश्य है कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली हानियों और मृत्यु दर को कम करना तथा युवा पीढ़ी में सुरक्षित यातायात और जिम्मेदार ड्राइविंग की जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और पुलिस अधिकारियों से सड़क सुरक्षा संबंधी सवाल भी पूछे।

# जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के नेतृत्व में चकबंदी कार्यों में प्रदेश में 13 वां स्थान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** चकबंदी निदेशालय लखनऊ से जारी जनपदवार रैंकिंग में प्रदेश के 75 जनपदों में 13वां स्थान प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के कुशल, दूरदर्शी एवं प्रभावी प्रशासनिक नेतृत्व का प्रत्यक्ष परिणाम मानी जा रही है। जिलाधिकारी द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के तत्काल बाद से ही चकबंदी जैसे जटिल एवं वर्षों से लंबित कार्यों को प्राथमिकता देते हुए नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित की गई तथा चकबंदी विभाग के सभी अधिकारियों व कर्मचारी को जमीनी स्तर पर कार्य करने के स्पष्ट निर्देश जारी किए गए। जिलाधिकारी के सतत अनुश्रवण एवं सख्त प्रशासनिक नियंत्रण के चलते जनपद में चकबंदी कार्यों को नई गति मिली। वर्तमान में जनपद के 77 ग्रामों में चकबंदी प्रक्रिया गतिमान है, जिनमें कई ऐसे ग्राम शामिल हैं, जहां वर्षों से कार्य बाधित था। वर्ष 2025-26 के दौरान अनेक ग्रामों में सर्वे/तरमीम, नए चकों का निर्धारण एवं कृषकों को स्थल पर कब्जा परिवर्तन की कार्यवाही सफलतापूर्वक पूर्ण कराई गई है। इससे न केवल कृषकों को राहत मिली है बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में चक मार्गों की बेहतर व्यवस्था भी सुनिश्चित हुई है। जिलाधिकारी के निर्देशन में परिवादों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया यहां तक कि जिलाधिकारी ने अपने कार्यालय में नियमित जनसुनवाई के दौरान एक चकबंदी अधिकारी मसूद शेरवानी को अपने साथ ही बैठा लिया और इस दौरान आने वाली चकबंदी शिकायतों को मौके पर ही निस्तारण कराया इसका परिणाम यह रहा कि चकबंदी से संबंधित 98.28 प्रतिशत परिवादों का संतोषजनक निस्तारण कर जनपद को प्रदेश में 15वां स्थान प्राप्त हुआ, वहीं न्यायिक वादों के निस्तारण में जनपद ने प्रदेश स्तर पर 14वां स्थान हासिल किया। यह उपलब्धि प्रशासन की कार्यकुशलता एवं जवाबदेही को दर्शाती है। पूर्व में कार्मिकों की कमी के कारण चकबंदी कार्य की गति धीमी देखी गई लेकिन जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश के प्रयासों से पर्याप्त संख्या में चकबंदी कार्मिकों की तैनाती कराई गई। इसके फलस्वरूप वर्षों पुराने ग्रामों में अंतिम अभिलेख तैयार कराकर चकबंदी प्रक्रियाओं को पूर्ण कराया गया। बड़े ग्रामों में कब्जा परिवर्तन जैसे संवेदनशील कार्य भी प्रशासनिक समन्वय से शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए गए। जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में ग्राम सूरीकलां, मऊमाफी, बरोदीनकीब एवं छायन में नवनिर्मित सेक्टर मार्गों को अप्रैल 2026 में मनरेगा योजना से मिट्टी डालकर ऊँचा कराने की योजना भी प्रस्तावित है, जिससे चक मार्गों को अतिक्रमण से सुरक्षित रखा जा सके। प्रदेश के दूरस्थ सीमावर्ती जनपदों में शामिल होने के बावजूद ललितपुर का 13वां स्थान प्राप्त करना यह सिद्ध करता है कि जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के प्रभावी नेतृत्व, स्पष्ट कार्ययोजना और अनुशासित प्रशासनिक नियंत्रण से जनपद में चकबंदी जैसे जटिल कार्यों को भी गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ संपादित किया जा सकता है। इस सफलता में जिला बंदोबस्त अधिकारी श्री राकेश कुमार सिंह की भी सराहनीय भूमिका रही। उनके द्वारा चकबंदी कार्मिकों पर प्रभावी नियंत्रण रखते हुए जमीनी स्तर पर नियमित निरीक्षण एवं समन्वय से कार्य कराया गया। उन्होंने चकबंदी ग्रामों में जाकर किसानों के बीच चौपाल लगाकर किसानों को जागरूक किया और चकबंदी कार्यों जानकारी देते हुए उन्हें संतुष्ट किया।जिससे चकबंदी प्रक्रियाओं को गति मिली और कार्य समयबद्ध रूप से आगे बढ़ा। प्रशासन द्वारा आगामी समय में शेष ग्रामों में भी चकबंदी कार्यों को चरणबद्ध ढंग से आगे बढ़ाने की योजना है, जिससे कृषकों की जोतों का एकीकरण कर ग्रामीण विकास को और अधिक मजबूती मिल सके।

# महरौनी-रजवाहा नहर बंद, सूखती फसलों से किसान बेहाल

● एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महरौनी।** जामनी बांध से संचालित महरौनी-रजवाहा जामनी नहर का समय पर संचालन न होने से क्षेत्र के किसान गहरे संकट में हैं। रबी की फसलों पर मंडराते खतरे को लेकर महरौनी क्षेत्र के किसानों ने उपजिलाधिकारी रजनीश कुमार को ज्ञापन सौंपकर तत्काल नहर चालू कराने की मांग की है। किसानों ने बताया कि सिंचाई विभाग द्वारा निर्धारित तिथि 25 दिसंबर को नहर का संचालन किया जाना था, लेकिन 9 जनवरी तक भी नहर में पानी नहीं छोड़ा गया। इसके चलते खेतों में नमी की भारी कमी हो गई है और गेहूं, चना सहित अन्य रबी फसलें सूखने की कगार पर पहुंच गई हैं। किसानों का आरोप है कि यह स्थिति सिंचाई विभाग की घोर लापरवाही का परिणाम है। जानकारी के अनुसार, 25 दिसंबर को नहर संचालन की जिम्मेदारी विभागीय कनिष्ठ अभियंता (जेई) को सौंपी गई थी, इसके बावजूद अब तक नहर चालू नहीं की गई। इस देरी से महरौनी, वेदपुर, बाहरी घाट, गुमची सहित आसपास के दर्जनों गांवों के किसान प्रभावित हो रहे हैं।किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जिलेदार फोन नहीं उठाते और महरौनी कार्यालय में भी उपलब्ध नहीं रहते, जिससे किसानों में भारी रोष व्याप्त है। मजबूर होकर किसानों को उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपना पड़ा। किसानों ने शासन-प्रशासन से तत्काल नहर में पानी छोड़े जाने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे जन आंदोलन करने को विवश होंगे। किसानों ने स्पष्ट किया कि आंदोलन की स्थिति उत्पन्न होने पर इसकी पूरी जिम्मेदारी सिंचाई विभाग और प्रशासन की होगी।

# त्योहारों के मद्देनजर जिले में धारा 163 बीएनएसएस लागू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** आगामी महीनों में पड़ने वाले विभिन्न त्योहार 14 जनवरी को मकर संक्रान्ति, 23 जनवरी को बसंत पंचमी, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस एवं माघ मेला 2026 प्रयागराज के परिप्रेक्ष्य में जनपद से भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आवागमन के दृष्टिगत जनपद में असामाजिक तत्वों द्वारा निजी स्वार्थ हेतु शांति व्यवस्था भंग करने एवं सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के प्रयास की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इन परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये 08 से 31 जनवरी तक जिले की सीमान्तर्गत धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता लागू किया जाना अपरिहार्य है। इसके मद्देनजर अपर जिला मजिस्ट्रेट अंकुर श्रीवास्तव धारा 163 बीएनएसएस के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के तहत निषेधाज्ञायें पारित की हैं। जिसमें जिले की सीमाओं में कोई भी व्यक्ति अस्त्र, शस्त्र, लाठी, डंडा, चाकू, भाला आदि लेकर नहीं चलेगा और न ही शादी विवाह/अन्य कार्यक्रम में शस्त्र से फायर आदि करेगा और न ही किसी प्रकार के ज्वलनशील पदार्थ लेकर चलेगा, परन्तु यह प्रतिबंध शासकीय ड्यूटी पर तैनात कर्मी तथा लाठी के संबंध में अपंग व्यक्तियों पर लागू नहीं होगा। कोई भी व्यक्ति किसी भी स्थान, धार्मिक स्थल आदि पर इस प्रकार का भाषण, वक्तव्य चाहे वह मौखिक हो या लिखित रूप में, जारी नहीं करेगा, जिससे किसी धर्म, जाति, सम्प्रदाय अथवा समुदाय, व्यक्ति विशेष की भावनाओं को ठेस पहुँचे। किसी धार्मिक स्थल का प्रयोग राजनैतिक गतिविधियों के लिये नहीं किया जायेगा तथा किसी भी धार्मिक स्थल में इस प्रकार का कोई ऐसा कृत्य न किया जाये, जिससे सामाजिक, धार्मिक एवं जाति द्वेष की भावना उत्पन्न हो। सुरक्षा हेतु ड्यूटी पर तैनात सरकारी कर्मचारियों के अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का शस्त्र लेकर सार्वजनिक स्थान पर नहीं निकलेगा और न ही उसका प्रदर्शन करेगा, जिससे जन सामान्य में भय अथवा आकोश उत्पन्न होने की सम्भावना हो। 5-कोई भी व्यक्ति मादिरा व अन्य मादक पदार्थ का सेवन कर जुलूस एवं अन्य सार्वजनिक आयोजनों में प्रवेश नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति मोबाईल पर किसी भी प्रकार की अवांछनीय/आपत्तिजनक पोस्ट नहीं डालेगा जिससे की साम्प्रदायिक माहौल खराब हो। यदि कोई व्यक्ति ऐसा कार्य करते हुये पाया जाये तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उपरोक्त अवधि में कोई भी व्यक्ति किसी भी सार्वजनिक धार्मिक स्थल पर ऐसे किसी उत्तेजक नारे एवं भाषण एवं भाषा का प्रयोग नहीं करेगा, जिससे किसी व्यक्ति / समुदाय को साम्प्रदायिक व जातिगत / राजनैतिक भावना के प्रति कुप्रभाव पड़े तथा न ही ऐसी बात करेगा, जिससे उस क्षेत्र की शांति व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े व वाणी, प्रचार सामग्री द्वारा ऐसी बात नहीं करेगा, जिससे जन-शांति पर प्रतिकूल प्रभाव पडने की सम्भावना हो व जन भावना उत्तेजित होने की सम्भावना हो। कोई भी व्यक्तित उक्त अवधि में सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना लाउडस्पीकर (ध्वनि के यन्त्रो) तथा डी.जे. का प्रयोग नहीं करेगा। माघ मेला 2026 प्रयागराज के परिप्रेक्ष्य में स्टेशनों पर यात्रियो की सम्भावित भीड़ के दृष्टिगत रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग क्षेत्र एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था वनाये रखेगें। प्रतिबंधात्मक आदेश विशेष परिस्थितियों में अधोहस्ताक्षरी, उप जिला मजिस्ट्रेट, ललितपुर, महरौनी, तालबेहट, पाली, मड़ावरा में अनुमति दिये जाने पर उस सीमा तक शिथिल होगे, जिस सीमा तक अनुमति दी जायेगी। उक्त आदेश लागू करने की तिथि से प्रभावी होगा।

# बाबूजी के उपन्यास अतीत के अनुभव पर वर्तमान जीवन की समस्याओं

● जयंती विशेष बाबू वृन्दावनलाल वर्मा

## संघर्षों में मानव जीवन की भावी गति को निर्देशित करते हैं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** उपन्यास सम्राट बाबू वृन्दावनलाल वर्मा की जयंती पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो.भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि तब ललितपुर का जीआईसी मात्र कक्षा आठ तक जूनियर स्कूल था, जब वृन्दावन लाल वर्मा उसमें पढ़ते थे। उनके पिता यहां की तहसील में कानूनगो थे। उनके सहपाठी डी पी राव एवं चौधरी सुखलाल जैन मुझे उनके रोचक संस्मरण सुनाते कभी अघाते नहीं थे। झांसी की रानी वीरांगना लक्ष्मीबाई का नाम सुनते ही जैसे निराशा की काली घटाओं के बीच बिजली कौंध जाती है, वैसे ही उनके जीवन पर आधारित उपन्यास के लेखक वृन्दावन लाल वर्मा द्वारा चित्रित भारतीय नारी के शौर्य और जनता के साम्राज्य विरोधी प्रतिशोध की धधकती ज्वाला साकार हो उठती है। इतिहास के कंकाल में मांस और रक्त का संचार करने के लिए वर्मा जी को उपन्यास ही अच्छा साधन प्रतीत हुआ। वे अतीत के अनुभव पर वर्तमान जीवन की समस्याओं और संघर्षों में मानव जीवन की भावी गति को निर्देशित करते हैं। उनका कहना है विवेक के साथ प्राचीन को जानो- समझो, वर्तमान को देखो और विचरण करो तथा भविष्य की आशा को प्रबल करो। वर्मा जी अपनी सरल कथा से पाठकों का मन बांधे रहते हैं, अंत अंत तक उसकी उत्सुकता को ताजा रखते हैं। ललितपुर के पनारी गांव में वर्मा जी की ससुराल होने के कारण ललितपुर से उनका मधुर संबंध रहा है। झाँसी की रानी लक्ष्मी बाई की महिला शाखा की सेनापति वीरांगना झलकारी बाई ने जब झाँसी के पतन का दुखद समाचार सुना तो वह गहरे विषाद में डूब गई। ऐसे विषम प्रसंग के संबंध में इतिहास के कंकाल में मांस और रक्त का संचार करके उसे उपन्यास सम्राट वृन्दावनलाल वर्मा ने इतना सजीव बना दिया कि झाँसी के पतन पर कलम चलाते हुए वर्माजी का गला इतना भर उठा कि वे रानी झाँसी के बारे में कहते हैं कि महल की चौखट पर बैठकर वह रोई। वह, जिसकी आँखों का आंसुओं से कभी परिचय भी न था। वह जिसका वक्षस्थल वज्र और हाथ फौलाद के थे, वह जो भारतीय नारीत्व का गौरव और शान थी। मानो उस दिन हिन्दुओं की दुर्गा रोई। ऐसी ही संकट की घड़ी में छाया की तरह रानी का साथ देने वाली बुन्देली - आन-बान और शान की सदा हँस-मुख जीवन्त-ठसकीली प्रतिमा थी -झलकारी दुलैया। वर्माजी कहते हैं, झलकारी दुलैया का सब ठाट-बाट सोलह आना बुंदेलखंडी- पैर की पैजनी से लेकर सिर की दाउनी(दामिनी) तक सबके सब आभूषण स्थानिक। इतनी निर्भीक और साहसी थी कि सर्वोच्च अंग्रेज सैन्य अधिकारी एलिस के कुदृष्टि डालने पर अपनी सहेली से आग - बबूला होकर, वह कह उठती है जो नठया मोई और देखत तौ? ई कैं का मताई बैनें न हुइयें मोरे मन में तो आउत कै पनइयाँ उतार कैं मूछन के बरे के मों पै चटाचट दे ओं। युद्ध के समय झलकारी उन्नाव गेट पर अपने पति के साथ ही तोपों से गोले दागती है।जब उसे पता चलता है कि रानी भाण्डेरी फाटक से सुरक्षित कालपी निकल गई, तो वह लड़ते हुए अंग्रेजों को अटकाये रहती है, क्योंकि कद -काठी और चेहरे -मोहरे से अंग्रेज झाँसे में आकर, उसे ही झाँसी की रानी समझ बैठते हैं। इस तरह के सच्चे वृत्तान्त वर्मा जी ने झाँसी के उन बूढ़े, स्त्री-पुरुषों से सुने, जिन्होंने रानी और झलकारी को स्वयं देखा था। आँखों देखा गदर के मराठा लेखक पं विष्णु भट्ट शास्त्री ने लिखा है कि सबसे भीषण संघर्ष झांसी के खुशीपुरा, जहाँ झलकारीबाई का निवास था तथा कोरी समाज की बहुलता थी, वहीं पर हुआ।क्योंकि जिन वस्त्र निर्माताओं की रोटी-रोजी अँग्रेजों ने छीन ली थी, वहाँ के स्त्री-पुरुषों ने घर से बाहर निकल कर जोरदार गोरिल्ला युद्ध छेड़ दिया था, इसीलिए 1857 के इस जनविप्लव को प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम कहा जाता है।

# एएचटी व एसजेपीयू टीम की मासिक समन्वय गोष्ठी सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन में एएसपी (नोडल अधिकारी) कालू सिंह की उपस्थिति व पर्यवेक्षण में, सीओ यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति, मार्गदर्शन में थाना ए.एच.टी.व एस.जे.पी.यू. तथा समस्त थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के साथ मासिक गोष्ठी माह जनवरी 2026 की समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यशाला पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में आहुत की गयी, जिसमें महिला व बाल सुरक्षा संगठन लखनऊ द्वारा जारी एसओपी, अनुसंधान एवं थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के समक्ष आ रही समस्या एवं बाल गुमशुदा, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, लैंगिक समानता, साइबर क्राइम, एस.सी. एस.टी. एक्ट, बाल विवाह मुक्त भारत के बारें में विस्तृत चर्चा करते हुये। इस बात की शपथ ली गयी कि हम अपने अपने कार्य क्षेत्र व पहुंच पर बाल विवाह रोकने का हर सम्भव प्रयास करेंगें, नारी शक्ति किशोर न्याय अधिनियम 2015 में हुए नवीनतम संशोधन पॉस्को एक्ट के अभियोग पंजीकृत होने के 24 घंटे के अंदर सीडब्ल्यूसी को सूचित करना, पॉस्को के मामले में फार्म ए व बी व एसबीआर रिपोर्ट पुलिस द्वारा भरकर संबंधित को समय से भेजा जाना बाल कल्याण अधिकारी के कर्तव्य का पालन, जे.जे एक्ट के अंतर्गत सामाजिक पृष्ठभूमि आदि तथा पॉक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्तों की माननीय उच्च न्यायालय से प्राप्त बेल नोटिस को बाल कल्याण समिति एवं वादी/पीड़िता को अंदर समय उपलब्ध कराना के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। साथ ही साथ जनपद मे गुमशुदा बच्चों के पंजीकृत व लंबित मामलो व पास्को एक्ट के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों पर चर्चा व जेजे एक्ट से सम्बंधित आदेश निर्देश एवं जागरुकता के अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया, इस बैठक मे जनपद के सी.डब्लू.सी., श्रम विभाग, जिला प्रोबेशन, चाइल्ड लाइन, प्रधान किशोर न्याय बोर्ड, जिला अभियोजन, वन स्टाफ सेन्टर एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण व सभी थानों से सम्बन्धित बाल कल्याण अधिकारी मौजूद रहे।

### अलग-अलग हादसों में पांच लोग घायल, जिला व झांसी रेफर

**तालबेहट।** कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों और दुर्घटनाओं में कुल पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद उच्च चिकित्सा केंद्रों के लिए रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार बाइक की आपसी भिड़ंत में कमलेश (47) पुत्र पर्वत निवासी मसौरा, ललितपुर तथा नीतेश (25) पुत्र तंशा निवासी पहाड़ी कला, मड़ावरा घायल हो गए। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट लाया गया, जहां से हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं एक अन्य सड़क हादसे में बाइक की टक्कर से महेंद्र सिंह (27) पुत्र स्वर्गीय मलखान सिंह एवं रवि (30) पुत्र संतोष निवासी बोलारी बिजरौठा गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को भी प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया। इसी क्रम में भुचेरा निवासी सूरज (17) पुत्र काशीराम पेड़ से गिरकर घायल हो गया। हालत गंभीर होने पर उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। पुलिस द्वारा सभी घटनाओं की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# बीएलओ शिक्षामित्र हेमलता कुशवाहा के परिजन को मिले नौकरी : भगवत सिंह बैंस



● मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सदर विधायक को सौंपा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** आदर्श समायोजित शिक्षक/शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैंस के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सदर विधायक रामरतन कुशवाहा को सौंपा। ज्ञापन में बीएलओ में कार्यरत शिक्षा मित्र हेमलता के परिजनों को नौकरी दिलाने हेतु आह्वान किया। ज्ञापन में कहा गया कि विगत दिवस 29 नवंबर 2025 को हेमलता कुशवाहा पत्नी जगदीश नारायण कुशवाहा उच्च प्राथमिक विद्यालय टगर ब्लॉक बिरधा ललितपुर की बीएलओ के कार्य के करते समय तबीयत खराब हो गई थी, जिन्हें स्थानीय अस्पताल में इलाज करवाया था। इसके बाद बीएलओ का कार्य करते समय पुनः तबीयत खराब हो गई थी जिन्हें झांसी भर्ती कराया था। जिन्हें ब्रेन हेमरेज की शिकायत बताई थी। हालात में सुधार न होने पर उन्हें एम्स भोपाल में भर्ती कराया गया था। जहां पर ऑपरेशन हुआ है।जिनकी ऑपरेशन के बाद 3 जनवरी 2026 को आकस्मिक निधन हो गया था। उन्होंने सीएम से मृतक हेमलता कुशवाहा के परिवार के सदस्य को नौकरी एवं पचास लाख की आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग उठायी। इस दौरान अशोक परिहार, राजेश पटेरिया, सुदामा प्रसाद दुबे, बृजेश कुमार टोटे, नीतू पटेरिया, धर्मेंद्र सिंह परमार, सूर्य प्रताप सिंह बुंदेला, ज्योति प्रकाश खरे, हाकिम पाल, भान सिंह सेंगर, जगदीश नारायण कुशवाहा, अटल मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# गलन भरी सर्दी से जनजीवन अस्त-व्यस्त, बाजारों व दफ्तरों पर भी दिखा ठंड का कहर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**तालबेहट।** देर से दस्तक देने वाली सर्दी ने जनवरी के प्रथम सप्ताह में अचानक अपना विकराल रूप दिखाना शुरू कर दिया है। विगत एक सप्ताह से लगातार चल रही शीतलहर और गलन भरी ठंड ने आम जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। हालात यह हैं कि बाजारों से लेकर सरकारी दफ्तरों तक कामकाज पर ठंड का असर साफ दिखाई देने लगा है। शुक्रवार की सुबह घने कोहरे और तेज गलन के चलते लोगों की दिनचर्या प्रभावित रही। आमतौर पर सुबह चहल-पहल से गुलजार रहने वाले बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। अधिकांश लोग घरों में दुबके रहे और आवश्यक कार्यों के लिए ही बाहर निकले। दोपहर करीब एक बजे सूर्यदेव के दर्शन होने पर ही बाजारों और सड़कों पर कुछ रौनक लौटी। सरकारी दफ्तरों में भी कामकाज की गति धीमी रही, जहां कर्मचारी धूप सेंकते नजर आए। शाम ढलते ही ठंड का प्रकोप और बढ़ गया। पांच बजे के बाद जगह-जगह लोग आग जलाकर हाथ तापते दिखे। देर रात से लेकर सुबह तक तापमान गिरकर 5 से 7 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच गया, जिससे खासकर बुजुर्गों, बच्चों और गरीब तबके को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**ठंड से बचाव के इंतजाम नाकाफी**

गलन भरी ठंड और कोहरे के बीच सर्दी से बचाव के लिए किए गए सरकारी इंतजाम नाकाफी साबित हो रहे हैं। जिला पंचायत का रैन बसेरा किराये के भवन में संचालित हो रहा है, जबकि सरकारी अस्पताल का रैन बसेरा सुरक्षा कर्मियों की आरामगाह बनकर रह गया है। केवल नगर पंचायत का रैन बसेरा ही राहगीरों के लिए रात गुजारने का सहारा बना हुआ है। नगर पंचायत द्वारा सर्दी से बचाव के लिए आधुनिक हीटरों की व्यवस्था की गई है, जिनका उपयोग घरों में शोक सभाओं से लेकर सार्वजनिक कार्यक्रमों में हो रहा है, लेकिन राहगीरों, यात्रियों और मूक पशुओं के लिए अब तक अलाव की समुचित व्यवस्था नहीं हो सकी है। लकड़ी के अलाव न जलाए जाने से ठंड में राहत नहीं मिल पा रही है।

**गुणवत्ता विहीन कंबलों पर उठे सवाल**

सरकारी स्तर पर ग्राम पंचायत, नगर पंचायत और तहसील प्रशासन द्वारा गरीब व पात्र लोगों को कंबल वितरित किए जा रहे हैं। वितरण कार्यक्रमों में अफसरों और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में बड़े तामझाम किए जा रहे हैं, लेकिन वितरित किए गए कंबलों की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि ये कंबल ठंड से बचाव में कारगर साबित नहीं हो रहे, जिससे कई लोग इन्हें ओढ़ने के बजाय बेचने या घरेलू कार्यों में उपयोग करने को मजबूर हैं।

# जेपीएल सीजन 4 के दूसरे लीग मैच में चांदमारी ललितपुर ने इंदौर इलेवन को दी 46 रनो से शिकस्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जाखलौन।** सरदार वल्लभभाई पटेल स्टेडियम में श्री नरेंद्र सिंह पप्पू राजा की पुण्य स्मृति में चल रहे जेपीएल टूर्नामेंट के दूसरे लीग मुकाबला चांदमारी ललितपुर और इंदौर इलेवन के बीच खेला गया जिसमें इंदौर इलेवन ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया बल्लेबाजी करने उतरी ललितपुर चांदमारी की शुरुआत बेहद धमाकेदार हुई जिसमें ओपनिंग जोड़ी के सलामी बल्लेबाज बिट्टू ने 18 बोलो में ताबड़तोड़ अंदाज में 10 चौको की मदद से बनाकर 44 रन का योगदान दिया सर्किल पावर प्ले के 4 ओवर में 55 रन जोड़े और जैसे ही बिट्टू आउट हुए तो टीम लड़खड़ा गई इसके बाद एक छोड़ से जितेंद्र ने अपनी बैटिंग के दम पर टीम को 36 रनों का योगदान दिया और अपनी टीम का स्कोर 127 तक ही पहुंचा सके और पूरी टीम आल आउट हो गई इंदौर इवेवन टीम की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए इमरान ने तीन ओवर में 19 रन देकर झटके 4 विकेट।लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंदौर इलेवन की शुरुआत बेहद खराब रही चार ओवर में 20 रन पर अपने तीन विकेट खो दिए इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे पुष्पेंद्र और राजेंद्र ने अपनी टीम को संभालने की कोशिश की लेकिन अपनी टीम को जीत हासिल नहीं कर सके और उनकी टीम इंदौर इलेवन 81 रनो पर ढेर हो गई। ललितपुर चांदमारी की टीम की ओर से रामकुमार ने 3 विकेट व पंकज ने 3 विकेट और सिवि ने 2 विकेट लेकर अपनी टीम को 46 रनों से शानदार जीत दिला दी। मैच में कमेंट्री बद्री प्रसाद, व स्कोरिंग धीरज शर्मा द्वारा की गई। मैच के मैन ऑफ द मैच रहे। बिट्टू को अजय बुंदेला द्वारा शील्ड देकर किया गया सम्मानित। इस दौरान मौजूद रहे। जेपीएल कमेटी संजय जैन, सेलू राजा,राहुल यादव, सहयोगी ऋषि सेन, शिवम् विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी अध्यापक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**कानपुर।** नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म करने वाले आरोपी अध्यापक को किदवई नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम देवेन्द्र है और यह कोचिंग भी पढ़ाता है। इस सम्बन्ध में अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिण, योगेश कुमार ने बताया कि किदवई नगर क्षेत्रान्तर्गत कोचिंग कर रही एक अवयस्क बालिका से कोचिंग टीचर के द्वारा दुष्कर्म किये जाने की सुचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा त्वरित अभियोग पंजीकृत करके आरोपी की गिरफ्तारी की गई तथा अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी है। इस संबंध में पीड़ित छात्रा की मां ने किदवई नगर थाने में सूचना दी थी। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत किया और तुरंत ही अभियुक्त अध्यापक की तलाश में निकली और अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।

### जुम्मे की नमाज के दृष्टिगत शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पैदल गश्त



**कानपुर।** आज दिनांक 09.01.2026 को जुम्मे की नमाज व शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस उपायुक्त सेंट्रल, अतुल कुमार श्रीवास्तव महोदय के में स्थानीय पुलिस फोर्स के साथ सद्भावना चौकी चौराहा से प्रारंभ कर थाना क्षेत्र कर्नलगंज, अनवरगंज, बेकनगंज व चमनगंज के मुख्य बाजारों व भीड़भाड़ वाले स्थानों का भ्रमण कर रूट मार्च किया गया व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। रुट मार्च का मकसद लोगों में सुरक्षा का एहसास स्थापित करना था। इस दौरान स्थानीय नागरिकों व व्यापारियों से संवाद कर शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। रुट मार्च के दौरान संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखने व त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए। शांति एवं कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया। पुलिस बल को सतर्क एवं मुस्तैद रहने के सख्त निर्देश दिए गए। इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त अनवरगंज सम्बन्धित थाना प्रभारी, पर्यास पुलिस बल एवं पीएसी बल उपस्थित भी उपस्थित रहे।

### ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन घाटमपुर की आवश्यक बैठक 14 जनवरी को होगी

**घाटमपुर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की आवश्यक बैठक दिनांक 14 जनवरी 2026 समय दोपहर एक बजे शिव हरी धाम मदनपुर बीछीपुर घाटमपुर कानपुर नगर में होना सुनिश्चित हुआ है,बैठक में संगठन के समस्त पदाधिकारी को परिचय पत्र भेंट करते हुए संगठन विस्तार पर चर्चा होगी, चूंकि 14 जनवरी मकर संक्रांति के ही दिन तहसील अध्यक्ष मिथला शरण दुबे का जन्म दिन होने के अवसर पर घाटमपुर क्षेत्र के समस्त समाचार पत्र विक्रेता कर्मयोगियों को कंबल वितरण एवं खिचड़ी भोज सुनिश्चित किया गया है।

### दवा ले रहे युवक की बाइक को ट्रक ने रौंदा

**ललितपुर।** तालबेहट कोतवाली क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला चौबयाना में रहने वाले आकाश जैन पुत्र प्रसन्न कुमार ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 5 जनवरी को सुबह 11 बजे वह तहसील के पास स्थित पारस मेडीकल स्टोर पर दवाई लेने के लिए अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 डब्ल्यु 4911 से सड़क किनारे एक साइड से लगाकर दवाई ले रहा था। इसी दौरान ट्रक नं. एम.पी.15 एच.ए. 2052 के चलाक जो काफी तेजी व लापरवाही से गाड़ी लेकर आया और उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मारते हुये बाइक पर ही ट्रक चढ़ा दिया, जिससे उसकी मोटर साइकिल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर ट्रक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 व 324 (4) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के अंतर्गत सड़क सुरक्षा जनजागरूकता अभियान का आयोजन

● दिन प्रतिदिन सड़कों पर हो रही दुर्घटना चिंता का विषय है लोग जानकर भी अनजान बन रहे हैं - मोहम्मद जैद





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 की थीम सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के तहत कानपुर नगर जिलाधिकारी जेपी सिंह, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पंकज यादव पीआईयू कानपुर पुलिस अधीक्षक अखिल कुमार के निर्देशानुसार आज बिठूर कानपुर हाइवे प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा आज राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन मुख्य अतिथि मोहम्मद जैद विशेष अतिथि कपिल देव सिंह, विशिष्ट अतिथि आरटीओ राहुल श्रीवास्तव एसीपी बिल्हौर मंजय सिंह एआरटीओ कहकशा खातून, वरुण शर्मा, एसएचओ शिवराजपुर, जनार्दन यादव एसएचओ अरोल, राजकुमार वर्म टीम लीडर, ट्रैफिक अधिकारी की उपस्थित मे नेवादा टोल शिवराजपुर में किया गया। इस मौके पर जरूरत मंद दुपहिया वाहन चालकों को पचास हेलमेट वितरित किया गया साथ ही टोल से गुजरने वाले वाहन चालकों की आंखों की गई। इस मौके पर प्रोजेक्ट मैनेजर आलोक सिन्हा, संदीप तोमर ने बताया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार सड़क सुरक्षा माह की अंतर्गत सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जायेगा जिसमें पूरे माह में दैनिक आधार पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियां जैसे सड़क सुरक्षा प्रदर्शनी, जिले के समस्त स्कूलों में स्लोगन, प्रश्नोत्तरी, पेंटिंग, रैली, नुक्कड़ नाटक वाहन चालकों के लिए नेत्र परीक्षण ,टोल से गुजरने वाले वाहनों मे उच्च गुणवत्ता वाले रेडियम रिफलेक्टर टेप लगाने जैसे कार्यक्रम किए जाएंगे जिससे आम जन मे सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक आयेगी.साथ ही सड़क सुरक्षा की शपथ आम जन को दिलाई गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण कानपुर के मैनेजर टेक मोहम्मद जैद ने वाहन चालकों को संदेश दिया जिनके घर से निकलने के बाद मां बाप बीबी बच्चे भाई-बहन, उनके घर वापस आने का इंतेजार करते है। वे अपनी जान की परवाह न करते हुए हुए बिना हेलमेट के निकलकर दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। दिन प्रतिदिन सड़कों पर हो दुर्घटना चिंता का विषय है लोग जानकर भी अनजान बन रहे।इस मौके पर मुख्य अतिथि मोहम्मद जैद के द्वारा बिठूर कानपुर हाइवे प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दो नई एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया कार्यक्रम में डीएसपी कपिल देव सिंह ने बताया कि हमारा लक्ष्य निरंतर दुर्घटनाओं में कमी लाना है यातायात नियमों का पालन ईमानदारी से करे।जिससे हमारा उत्तर प्रदेश सड़क दुघर्टना मुक्त बन सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भास्कर सर, हरिकांत रोहित चौहान, पीयूष, यशवंत सहित हाइवे के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का सफल संचालन राजस्थान सरकार द्वारा सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अवार्ड विजेता फिरोज़ ख़ान ने किया।

## महिलाओं को सुरक्षा के प्रति पुलिस ने किया जागरूक

**सिद्धार्थनगर।** गोल्हौरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत मिशन शक्ति अध्याय 5 के अंतर्गत शुक्रवार को महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के क्रम में उप निरीक्षक दीनदयाल सिंह व रामनाथ यादव, आरक्षी रणजीत यादव, महिला आरक्षी बविता सिंह द्वारा गोल्हौरा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर एण्टीरोमियो चेकिंग का भ्रमण किया गया। थाना क्षेत्र के राधा कृष्ण इण्टर कालेज तलपुरवा में छात्राओं को हेल्पलाईन नं. 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन,112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्वन्ध में जागरूक किया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने बच्चियों को आपराधिक घटनाओं व घरेलू हिंसा से बचने के उपाय बताए।

# घर के बाहर खड़ी ईको कार,को चोर देर रात लेकर हुए फरार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** नौबस्ता क्षेत्र में वाहन चोरी की एक और घटना सामने आई है, धरी पुरवा मोहल्ला निवासी सुरेंद्र के घर के बाहर खड़ी उनकी ईको कार बुधवार देर रात चोरी हो गई है, घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, और स्थानीय लोगों ने पुलिस गश्त पर सवाल खड़े किए हैं, पीड़ित सुरेंद्र के मुताबिक बुधवार रात रोज की तरह अपनी इको कार घर के बाहर खड़ी की थी,रात को खाना खाने के बाद परिवार के सभी सदस्य सो गए थे,इसी बीच देर रात को बाइक सवार युवक वहां पहुंचे, मौके पर वहां पहुंचने के बाद एक युवक बाइक से उतरा, जबकि दूसरा युवक बाइक पर ही बैठा रहा,,कुछ ही मिनटों में चोरों ने कार का ताला तोड कर उसे स्टार्ट किया और मौके से फरार हो गए,, घटना के बाद जब सुबह सुरेंद्र घर के बाहर आए तो देखा कि कार ग़ायब देख उनके होश उड़ गए, आसपास काफी तलाश करने के बाद भी जब कार का कोई सुराग नहीं मिला तो, उन्होंने पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खगाली, फुटेज में एक युवक कार को ले जाते हुए दिखाई दे रहा है,,, अंधेरा होने के कारण चेहरा पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हो पाया, लेकिन कार चोरी की पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई है, पीड़ित ने मामले की सूचना तत्काल नौबस्ता थाने में दी और अज्ञात चोरों के खिलाफ तो तहरीर दी, पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है,, पुलिस का कहना है कि आसपास के अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि चोरों की पहचान की जा सके जल्द से जल्द वाहन बरामद किया जाए।

# एसआईआर में 9 लाख वोट कटने की आंशका सही साबित हुई - सपा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी महानगर के पीडीए प्रहरियों की आकस्मिक बैठक समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में दिन में समाजवादी पार्टी कार्यालय में आरंभ हुई। जिसका संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के बढ़ते हुए आवाहन पर पीडीए प्रहरियों ने एस आई आर में नगर के पांचों विधानसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य करके फर्जी वोटर डुप्लीकेट वोटर तथा मृतकों की पहचान तथा एब्सेंट पर जो कार्य किया है उससे बीजेपी वोट बढ़ाने पर गलत प्रयोग जो कर रही है उसको सपा फॉर्म 6 का गहन अध्ययन आरंभ कर रही है। महानगर अध्यक्ष ने आगे कहा कि सपा महानगर पीडीए ने 6 नवंबर 2025 को विधानसभा में आशंका जताई थी की एसआईआर अभियान में 9 लाख वोट काटने की आशंका है जो 7 जनवरी 2026 को सही साबित हो गई। सपा अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा की चुनाव अधिकारी को लिखकर फॉर्म 6 जो बीएलओ ने भरवाए हैं उनकी सूची उपलब्ध कराई जाए ताकि मंथन करके तथ्यों से अवगत कराया जा सके क्योंकि पीडीए प्रहरियों ने उक्त संबंध में सपा को अवगत कराया है।

अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि सपा पीडीए ने नकली दवा दूषित पानी कागज पर जीएसटी महंगी किताबें खान-पान में मिलावट बढ़ते हाउस टैक्स जल संस्थान के जल में मानक की गुणवत्ता में कमी मलिन बस्तियों की समस्याएं सड़क पर 5000 गड्ढे सड़कों के निर्माण आदि मुद्दे 2025 में उठाकर बीजेपी की चूल्हे हिल गई हैं जिसके कारण जनता 2027 में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की सरकार बनाने के लिए एकजुट होकर बेरोजगारी व महंगाई पर जनता के हितों को अग्रणी रखकर अभियान चलाकर परिवर्तन का संदेश देगी। बैठक मे प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, प्रदेश सचिव के के शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, महासचिव संजय सिंह बंटी, आनंद शुक्ला, महेन्द्र सिह, रजत मिश्रा, कीर्ती अग्निहोत्री, गुड्डू यादव, एहसास बॉबी, मो आकिल, जस्वेन्द्र निषाद आदि लोग मौजूद रहे।

## स्वयं के आय बढ़ाये जाने हेतु बारात घर का कराया जा रहा निर्माण

**प्रतापगढ़।** जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे द्वारा विकास खण्ड कुण्डा के ग्राम पंचायत बरई में निर्माणाधीन बारात घर का औचक निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से बारात घर का निर्माण कराया जा रहा है। स्वयं की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से बारत घर का निर्माण कार्य की शुरूआत की गयी है। यह बारात घर सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजनो जैसे विवाह, बैठक, समारोह आदि के उपयोग में लाया जायेगा। इस परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों को उचित दर सुविधाजनक आयोजन स्थल उपलब्ध होगा, साथ ही इससे ग्राम पंचायत बरई की स्थायी आय का स्रोत भी विकसित होगा। प्राप्त होने वाली आय का उपयोग जनहित के कार्यो, रख-रखाव तथा विकासात्मक गतिविधियों में किया जायेगा। निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानको के अनुसार एवं तय समय सीमा में पूर्ण किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। बारात घर में आवश्यक मूलभूत सुविधाये जैसे बिजली, पानी, शौचालय, पार्किंग एवं हॉल की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।

## ट्रॉली से गिरकर वृद्ध की मौत, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम सीपरी के बंदरगुढ़ा में रहने वाले रविन्द्र पुत्र जगन रायकवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते 7 जनवरी को गांव के लोग मेला देखने जाखलौन के गनेशपुरा आये हुये थे। मेला देखकर शाम करीब 5.30 बजे सभी लोग ट्रैक्टर से गांव जा रहे थे। इस समय ट्रैक्टर चालक कुन्दन उर्फ हरनारायण पुत्र नेकपाल झां शराब के नशे में तेजी व लापरवाही से ट्रैक्टर चला रहा था। ट्रैक्टर अनियंत्रित होने के कारण ट्रैक्टर की ट्रॉली में बैठे पिता जगन पुत्र प्यारेलाल रायकवार नीचे गिर पड़े और घायल हो गये। उन्हें घायलावस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गयी थी। पीड़ित ने बताया कि स्वराज 735 ट्रैक्टर के मालिक संतोष पुत्र शिवदयाल हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# चुन्नीगंज जीजीआईसी में जिला स्तरीय नवप्रवर्तन प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चुन्नीगंज में गुरुवार को जिला विज्ञान क्लब, कानपुर नगर के माध्यम से जिला स्तरीय नवप्रवर्तन प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार नवप्रवर्तन जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य असंगठित क्षेत्र से जुड़े जमीनी स्तर के नवप्रवर्तकों की पहचान कर उनके नवाचारों को मंच प्रदान करना रहा। प्रदर्शनी का उद्घाटन जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने किया। उद्घाटन के उपरांत जिलाधिकारी ने विभिन्न स्टालों का अवलोकन करते हुए प्रतिभागियों से संवाद किया और उनके नवाचारों की सराहना की। उन्होंने कहा कि नवप्रवर्तन केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं होते, बल्कि किसान, कारीगर, मैकेनिक और श्रमिक वर्ग अपने दैनिक जीवन की समस्याओं के समाधान के लिए जो सरल और व्यावहारिक उपाय खोजते हैं, वही वास्तविक नवप्रवर्तन की पहचान होते हैं। ऐसे नवाचारों को संस्थागत सहयोग मिलना आवश्यक है, जिससे वे व्यापक स्तर पर उपयोगी बन सकें। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों से मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से दूरी बनाए रखने की अपील करते हुए तकनीक का संतुलित और उद्देश्यपूर्ण प्रयोग करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि तकनीक साधन है, लक्ष्य नहीं, और इसका विवेकपूर्ण उपयोग ही विद्यार्थियों के भविष्य को सशक्त बना सकता है।

# पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ मिलें : जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता विकास खण्ड शोहरतगढ़ के अन्तर्गत ग्राम पंचायत एकडेंगा भावपुर में ग्राम चौपाल-गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। चौपाल कार्यक्रम में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा ग्राम चौपाल-गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीणों से विभिन्न योजनाओ के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी तथा समीक्षा की गयी, जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देश दिया कि पात्र व्यक्तियों को सभी योजनाओ का लाभ मिलना चाहिए। ग्राम चौपाल में सम्बन्धित विभाग द्वारा स्टाल लगाकर लोगों को योजनाओं के बारे जानकारी दिया गया। ग्राम चौपाल के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कार्यक्रम विधिवत रूप से सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ विवेकानन्द मिश्र, पीडी नागेन्द मोहन राम त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी, डीसीमनरेगा सन्दीप सिंह, डीसीएनआरएलएम देवनन्दन दूबे, उपकृषि निदेशक राजेश कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारी लोटन चन्द्रभूषण तिवारी, व अन्य ब्लाक स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# नगर पालिका का चतुर्दिक विकास ही मेरा सपना व संकल्प है - प्रेमलता सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** नगर पालिका परिषद बेल्हा प्रतापगढ़ का चतुर्दिक विकास मेरा सपना है। शहर का हर कस्बे में सड़क पानी बिजली मिलती रहे यह मेरे मन मस्तिष्क की परिकल्पना है। नगर पालिका परिषद बेल्हा प्रतापगढ़ में नववर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान अपने एक वर्ष के कार्यकाल के दौरान नगर में किये गये कार्यो की सम्पूर्ण जानकारी पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रेमलता सिंह ने बतायी। विगत एक वर्ष के कार्यकाल में किये गये कार्यो के बारे में नगरपालिका अध्यक्ष प्रेमलता सिंह के प्रतिनिधि विशाल विक्रम सिंह ने बताया कि एक वर्ष में पालिका के विभिन्न वार्डो में लगभग 36 किमी लंबाई की 120 से अधिक सीसी एवं इंटरलॉकिंग सड़कों का निर्माण कराया गया है। इन सड़कों पर 12.98 करोड़ रूपये व्यय अपेक्षित है। इसी प्रकार विभिन्न वार्डो में 116 नालियों एवं 7 बड़े नालों का निर्माण कराया गया है। जिसमें नालियों की लंबाई 26 किमी तथा बड़े नालों की लंबाई 3.50 किमी है। इनके निर्माण पर 17.30 करोड़ व्यय होना है। नगर में प्रकाश व्यवस्था को सुसज्जित करने के लिए 2.74 करोड़ रूपये की लागत से 25 हाई मास्क,426 बोलार्ड,700 वाट की एलएडी के अलावा लगभग 5500 मीटर स्ट्रिप लाइट खरीद कर नगर के विभिन्न पार्कों में लगवाया गया है। पेयजल व्यवस्था में 2.17 करोड़ रूपये में पाइप लाइन विस्तार कर 03 एचपी समरसेबुल व 10 एचपी एवं 30 एचपी नलकूपों को लगाया गया है। नगर की सफाई व्यवस्था में 7.82 करोड़ रूपये खर्च किए गए हैं। इसी प्रकार निर्माण मार्ग, प्रकाश, पेयजल एवं सफाई के कार्यो को कराने पर नगरपालिका 43.01 करोड़ व्यय का अनुमान है। नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्यो के लिए प्राप्त धनराशि के लिए पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रेमलता सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया है। प्रेस वार्ता के दौरान अधिशासी अधिकारी राकेश कुमार, सभासद उदय शंकर मिश्र, ज्ञानेश मिश्र,बसंतलाल , सफाई निरीक्षक संतोष सिंह, अवर अभियंता सभापति यादव, योगेंद्र सिंह, राजस्व निरीक्षक लाल बहादुर एवं राजेश कुमार बिंद आदि उपस्थित रहे।

# घाटमपुर विधायक सरोज कुरील ने अपनी विधायक निधि से कार्यों का किया लोकार्पण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर।** घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यो की श्रंखला लगातार आगे बढ़ रही है, विधायक निधि योजना वर्ष 2024-25 के अंतर्गत क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में जनहित कारी विकास कार्यो का शुभारंभ किया गया,इन सभी कार्यो का लोकार्पण घाटमपुर विधानसभा की लोकप्रिय विधायक सरोज कुरील द्वारा विधिवत पूजन कर किया गया, विकास कार्यो के अंतर्गत ब्लाक भीतरगांव के ग्राम नौरंगा, में पवन कुरील के घर से लालू के घर तक नाली सीसी रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया,जिसकी अनुमानित लागत लगभग 15 लाख रुपए है,इसी क्रम में ग्राम कैथा में दयाशंकर के घर ईईश्वरी अवस्थी के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया है,जिसकी लागत करीब 12 लाख रुपए आंकी गई है, ग्राम सवाई पुर में बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर पार्क के समीप भागचंद कुरील के घर से रामजीवन सचान के घर तक इटरलाकिग एवं नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया है,जिस पर क़रीब 12 लाख रुपए की लागत आएगी, इसके अतिरिक्त ग्राम सवाई पुर स्थित सामुदायिक मिलन केंद्र स्थल पर टीन शेड एवं इटरलाकिग निर्माण कार्य भी शुरू कराया गया,जिसकी लागत 11 लाख रुपए आएंगी,इन सभी विकास कार्यो के पूरा होने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, और जल निकासी की समस्या से राहत मिलेगी,इस अवसर पर विधायक सरोज कुरील ने कहा कि घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास उनकी प्राथमिकता है और आगे भी क्षेत्र के प्रत्येक गांव में ज़रूरत के अनुसार विकास कार्य कराए जाते रहेंगे, उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास पर खरा उतरना ही उनका उद्देश्य है।

## डीएम व एसपी ने निः शुल्क हेलमेट वितरण किया



**सिद्धार्थनगर-** चाँद मेकरानी, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, मधुबेनिया नौगढ़, सिद्धार्थनगर पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन तथा पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन द्वारा निःशुल्क हेलमेट वितरण किया गया। पेट्रोलियम, मधुबेनिया नौगढ़, सिद्धार्थनगर पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन तथा पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन द्वारा दो पहिया वाहन चालको को निःशुल्क हेलमेट दिया गया तथा अपील किया गया कि बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन न चलाये। हेलमेट पहने और सुरक्षित रहे। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नौगढ़/प्रशिक्षु आई.पी.एस. विश्वजीतसौरयान, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रियम्बदा सिंह व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# योगी सरकार के विजन को धरातल पर उतार रहे विधायक सुरेश पासी

● कंजास में पंचायत भवन निर्माण हेतु किया भूमि पूजन ग्रामीण विकास को मिलेगी नई गति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जगदीशपुर, अमेठी।** विधानसभा क्षेत्र जगदीशपुर के अंतर्गत ग्राम सभा कंजास में नवनिर्मित पंचायत भवन के निर्माण कार्य का शुभारंभ विधायक सुरेश पासी द्वारा विधिवत भूमि पूजन के साथ किया गया। यह पंचायत भवन ग्रामीण जनता को प्रशासनिक, सूचना एवं जनसेवाओं की सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और दूरगामी पहल मानी जा रही है।इस अवसर पर विधायक सुरेश पासी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार गांव, गरीब और किसान के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है। सरकार की मंशा है कि विकास की योजनाएं अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे और प्रत्येक गांव बुनियादी सुविधाओं से सशक्त बने। उन्होंने कहा कि पंचायत भवन के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासनिक कार्यो में पारदर्शिता आएगी, स्थानीय समस्याओं के समाधान में तेजी होगी तथा ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ सहजता से प्राप्त हो सकेगा। यह भवन आत्मनिर्भर ग्राम व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कड़ी साबित होगा।कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख जगदीशपुर सहित क्षेत्र की सम्मानित जनता, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों की गरिमामयी उपस्थिति रही। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल देखने को मिला। उपस्थित लोगों ने विधायक सुरेश पासी का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र में निरंतर हो रहे विकास कार्यो की सराहना की।ग्रामीण विकास की इस पहल को क्षेत्र के लिए एक नई सौगात बताते हुए स्थानीय लोगों ने कहा कि पंचायत भवन बनने से गांव को नई पहचान मिलेगी और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंचेगा।

# दुफेड़िया ने रोमनदेई को दो विकेट से हराकर जीता फाइनल मैच ट्राफी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** बढ़नी ब्लॉक के नेशनल हाइवे किनारे नवयुवक ग्राम पंचायत क्रिकेट क्लब सिसवा चौराहा की तरफ से आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला शुक्रवार को दुफेड़िया व रोमनदेई टीम के बीच खेला गया। दुफेड़िया ने रोमनदेई को दो विकेट से हराकर फाइनल मैच जीतकर ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। विजेता व उप विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत नव युवक क्रिकेट क्लब सिसवा चौराहा की तरफ से आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में 32 टीमों ने प्रतिभागिता किया। पिछ्ले एक सप्ताह से खेल प्रेमियों ने क्रिकेट खेल का आनंद भीषण ठण्ड में उठाया। फाइनल मुकाबला शुक्रवार को दुफेड़िया व रोमनदेई टीम के बीच खेला गया। दुफेड़िया के कप्तान शफी ने टॉस जीतकर क्षेत्र रक्षण करने का फैसला किया।

रोमन देई की टीम ने दस ओवर में 71 रन बनाई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दुफेड़िया की टीम 72 रन आसानी से बनाकर दो विकेट से मैच को जीतने में कामयाब रही। आयोजक कमेटी ने ट्रॉफी के साथ विजेता टीम को बीस हजार और उप विजेता टीम को दस हजार रुपये नगद पुरस्कार देकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस दौरान आयोजन कमेटी अध्यक्ष लालू यादव, सफी मोहम्मद, रियाज खान, अबरार खान, गौरव श्रीवास्तव, कुतुबुल्ला, वीरू कुमार व कमेंटेटर अब्दुल रकीब, मोनू यादव मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## समाजसेवी आशुतोष ग्वाला भाजपा पार्टी के उम्मीदवार और प्रत्याशी के रूप से जिला अध्यक्ष कल्याण गोस्वामी के हाथों ज्ञापन सौंपा



**श्रीभूमि** समाजसेवी आशुतोष ग्वाला ने आगामी असम विधानसभा चुनाव2026 के तहत 121 नंबर हाइलाकांडी विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार एवं प्रत्याशी के रूप में अपना राजनीतिक औपचारिक रूप से जिला अध्यक्ष श्री कल्याण गोस्वामी के हाथों ज्ञापन सौंपा। यह कार्यक्रम गत 7 जनवरी (बुधवार) को सम्पन्न हुआ। ज्ञापन सौंपे जाने के अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक, पार्टी पदाधिकारी एवं समर्थक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख लोगों में, हैलाकंदी के वरिष्ठ अधिवक्ता सानी बिश्वास, भूलन शुक्लाबुद्ध, कृष्ण प्रसाद रविदास राजीव कुर्मी, देवेंद्र बाराई सहित अनेक शुभचिंतक एवं उत्साही सहयोगी शामिल थे। इस अवसर पर आशुतोष ग्वाल ने सभी वरिष्ठजनों, समर्थकों एवं सहयोगियों के प्रति हार्दिक कृतज्ञता एवं अभिनंदन व्यक्त करते हुए कहा कि वे क्षेत्र के समग्र विकास, जनसेवा और संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह और सकारात्मक माहौल देखने को मिला, वहीं आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियों में भी तेजी आना शुरू हो गई है।

## सड़क सुरक्षा माह स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**आजमगढ़** सड़क सुरक्षा माह अभियान के तहत परिवहन विभाग द्वारा वाहन चालकों की आंखों की जांच के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों ने आंख जांच कराई। शिविर में एआरटीओ अतुल यादव स्वयं मौजूद रहे और उन्होंने चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय सही दृष्टि होना बेहद जरूरी है, क्योंकि आंखों की कमजोरी दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बन सकती है। जांच के दौरान जिन चालकों की आंखों में कमी पाई गई, उन्हें तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी गई। एआरटीओ अतुल यादव ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे समय-समय पर अपनी आंखों की जांच कराएं और यातायात नियमों का पालन करें। आंख जांच शिविर में परिवहन विभाग के कर्मचारियों के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौजूद रही। लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित के लिए उपयोगी कदम बताया।

## सड़क दुर्घटना के चौथे दिन जिंदगी की जंग हार गया हर्षित, इलाज के दौरान मौत

**हमीरपुर-** बीते मंगलवार की देर शाम भमौरा मार्ग में सड़क हादसे में घायल युवक की शुक्रवार को सुबह कानपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था और पिता के साथ खेती किसानी में हाथ उठाकर सहयोग करता था। बीते मंगलवार को सुमेरपुर थाना क्षेत्र के भमौरा निवासी निखिल सिंह गांव निवास हर्षित सिंह 24 के साथ कस्बे में बाजार करने बाइक से आया था। देर शाम दोनों बाइक से गांव लौट रहे थे। भभौरा मार्ग में अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों घायल होकर बेहोशी की हालत में रातभर सड़क किनारे पड़े रहे थे। बुधवार को सुबह जानकारी होने पर परिजनों ने दोनों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया था। डाक्टरों ने निखिल सिंह को मृत घोषित कर दिया था। हर्षित को गंभीर हालत में कानपुर रेफर किया गया था। गुरुवार को तड़के 4:00 बजे हैलेट से जवाब होने पर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार को सुबह 7:00 बजे हर्षित ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक के पिता अरविंद सिंह ने बताया कि हर्षित तीन भाइयों में सबसे छोटा और अविवाहित था। खेती किसानी में हाथ बटाकर सहयोग करता था अचानक हुई इस घटना से भाई धीरेन्द्र, शतवेंद्र सिंह को रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। प्रधान प्रतिनिधि गौरव सिंह ने मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया है।

# हमीरपुर में अवैध खनन पर प्रशासन का चला चाबुक

**● खनिज व परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने किए नौ ट्रक सीज**

**कार्यवाही से ट्रांसपोर्टरों में मचा हड़कंप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**हमीरपुर-** जनपद में अवैध खनन और खनिज के गैरकानूनी परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन ने सख्ती और तेज कर दी है। इसी क्रम में बृहस्पतिवार देर रात खनिज विभाग और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने सुमेरपुर थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से खनिज परिवहन कर रहे 9 ट्रकों को पकड़कर सीज कर दिया। अचानक की गई इस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में ट्रांसपोर्टरों और अवैध खनन से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई सुमेरपुर थाना क्षेत्र के बांकी- ललपुरा मार्ग पर की गई। देर रात जैसे ही विभागीय टीम ने चेकिंग शुरू की, वैसे ही कई ट्रक चालकों ने अपने वाहनों को बचाने के लिए भागने का प्रयास किया। कुछ चालकों ने ट्रकों को सुनसान स्थानों और रास्ते से हटकर झाड़ियों व खाली जगहों में छिपा दिया। हालांकि, सतर्क और मुस्तैद टीम ने इलाके में सघन तलाश अभियान चलाया और सभी ट्रकों को बरामद कर लिया।

**पीछा कर पकड़े गए दो ट्रक, पूछताछ में खुला राज**

एआरटीओ अमिताभ राय ने बताया कि चेकिंग के दौरान दो ट्रकों का पीछा कर उन्हें रोका गया। जब चालकों से कागजात मांगे गए तो वे वैध प्रपत्र प्रस्तुत नहीं कर सके। सख्ती से पूछताछ करने पर यह जानकारी सामने आई कि सात अन्य ट्रक भी पास के इलाके में छिपाकर खड़े किए गए हैं। इसके बाद खनिज इंस्पेक्टर उमाकांत के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए सभी चिन्हित स्थानों पर दबिश दी गई और शेष ट्रकों को भी जब्त कर लिया गया।

**फैक्ट्री एरिया चौकी में खड़े कराए गए सीज वाहन**

कार्रवाई के बाद सभी 9 सीज किए गए ट्रकों को फैक्ट्री एरिया चौकी में खड़ा कराया गया है। संबंधित वाहनों के खिलाफ नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग द्वारा खनिज की मात्रा, स्रोत और परमिट की जांच की जा रही है, वहीं परिवहन विभाग की ओर से वाहन प्रपत्रों और टैक्स संबंधी जांच की जा रही है।

**सुबह भी जारी रही कार्रवाई, चार और वाहन सीज**

एआरटीओ अमिताभ राय ने बताया कि केवल रात ही नहीं, बल्कि बृहस्पतिवार सुबह भी अवैध परिवहन के खिलाफ कार्रवाई की गई, जिसमें चार अन्य वाहनों को सीज किया गया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अवैध खनन और खनिज के गैरकानूनी परिवहन को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।प्रशासन ने साफ किया है कि आने वाले दिनों में भी संयुक्त चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा। अवैध खनन में लिप्त वाहन मालिकों, ट्रांसपोर्टरों और खनन माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद से क्षेत्र में अवैध खनन से जुड़े लोगों में भय का माहौल है।

## सड़क सुरक्षा से ही सुरक्षित भविष्य का निर्माण- डीएम

**●बीकेडी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारम्भ**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**उरई (जालौन)-** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारम्भ बीकेडी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से किया गया, जिसमें एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा का माध्यम है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें तथा अपने परिवार व समाज को भी इसके प्रति जागरूक करें। पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने कहा कि हेलमेट, सीट बेल्ट, गति सीमा एवं नशे की हालत में वाहन न चलाने जैसे नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं गणमान्य नागरिकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ डीके भिटौरिया, वरिष्ठ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सुरेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) राजेश कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी चन्द्रप्रकाश, यातायात प्रभारी बीर बहादुर सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, ऑटो यूनियन, यूपीडा, वाहन एजेंसियों के प्रतिनिधि, विद्यालय प्रबंधन एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहीं।

## गाय की उपयोगिता को लेकर गोष्ठी आयोजित

**हमीरपुर-** सुमेरपुर कस्बे में गाय की उपयोगिता को लेकर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। गौसेवक गयादीन प्रजापति ने बताया कि गाय एक दिव्य प्राणी है और श्रष्टि के कल्याण के लिए उसका जन्म हुआ है।बताया कि गाय के गोबर और गौमूत्र तक से मानव जीवन के लिए उपयोगी वस्तुओं का निर्माण किया जाता है।बताया गया कि गौ संपर्क में रहने मात्र से कई बीमारियों का उपचार स्वतः ही हो जाता है और गाय का रोम-रोम मनुष्य के लिए विशेष लाभप्रद है। गाय के 100ग्राम घी और 50ग्राम चावल से हवन करने पर 10टन ऑक्सीजन का निर्माण होता है। गाय के गोबर से कम्पोस्ट खाद, मूर्तियां, दवाएं आदि बनाई जाती हैं।कार्यक्रम में आए अन्य वक्ताओं ने भी प्राचीन काल से गाय और मानव के सम्बन्धों के बारे में व्याख्यान दिए और बताया गया कि गाय हर तरीके से मानव के लिए किस तरह उपयोगी है।कार्यक्रम में लोगों को गाय से सम्बंधित उत्पादों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में नैंसी, रामबाबू, रामकृपाल, आशीष, जग्गू, मनोज, दिनेश, राकेश, बैजनाथ, चंद्रकुमार, शिवकुमार, अजय प्रजापति सहित कई लोग मौजूद रहे।

## बीस दिनों से घने कोहरा और गलन भरी ठंड से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**● न्यूनतम तापमान 6 डिग्री के करीब, धूप न निकलने से हालात और बिगड़े**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**हमीरपुर-** जनपद में बीते लगभग 20 दिनों से लगातार पड़ रहे घने कोहरे और गलन भरी ठंड ने आम जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। मौसम की मार इतनी गंभीर हो गई है कि लोग दिन में भी घरों से निकलने से कतरा रहे हैं। जिले में न्यूनतम तापमान गिरकर 6 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है, जबकि दिन का अधिकतम तापमान भी महज 14 डिग्री सेल्सियस के करीब बना हुआ है। लगातार धूप न निकलने से ठंड का असर और अधिक बढ़ गया है। बीते 18 दिसंबर से पूरा हमीरपुर जिला घने कोहरे की चपेट में है। सुबह से लेकर दोपहर तक कोहरा छाया रहता है, जिससे दृश्यता बेहद कम हो जाती है। कोहरे के कारण बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है और लोग आवश्यक कामों को छोड़कर घरों में दुबके रहने को मजबूर हैं। व्यापारिक गतिविधियों पर भी इसका सीधा असर देखने को मिल रहा है।

**सड़कों पर थमी रफ्तार, दिन में भी जलानी पड़ रही हेडलाइट**

घने कोहरे के चलते नेशनल हाईवे सहित अन्य प्रमुख मार्गों पर भारी वाहनों की आवाजाही में भारी कमी दर्ज की गई है। वहीं, छोटे वाहनों की संख्या भी सामान्य दिनों की तुलना में काफी कम हो गई है। हालात ऐसे हैं कि वाहन चालकों को दिन के समय भी हेडलाइट जलाकर वाहन चलाने पड़ रहे हैं। कोहरे के कारण हादसों की आशंका को देखते हुए चालक बेहद सतर्क नजर आ रहे हैं।

**पशु-पक्षियों पर भी दिख रहा ठंड का असर**

कड़ाके की ठंड का असर केवल इंसानों तक सीमित नहीं है, बल्कि पशु-पक्षियों पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जिले में कई स्थानों से ठंड के कारण पक्षियों की मौत की खबरें सामने आई हैं। ठंड से बेहाल पक्षी पेड़ों से गिरते हुए देखे जा रहे हैं, जिससे लोग भी चिंतित नजर आ रहे हैं।

**किसानों की बढ़ी चिंता, फसलों पर पाले का खतरा**

ठंड बढ़ने के साथ ही किसानों की चिंता भी बढ़ती जा रही है। पाले की आशंका के चलते सरसों, चना और मटर जैसी रबी फसलों को नुकसान पहुंचने का खतरा मंडरा रहा है। जिन फसलों में फूल आ चुके हैं, उनके झड़ने की संभावना बढ़ गई है, जिससे उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। फसलों को बचाने के लिए किसान रात-रात भर खेतों में जागकर सिंचाई और निगरानी कर रहे हैं। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, पाले से बचाव के लिए हल्की सिंचाई सबसे कारगर उपाय मानी जा रही है।

**रैन बसेरों में भी पसरा सन्नाटा**

नगर क्षेत्र में बने रैन बसेरों में भी सन्नाटा छाया हुआ है। गलन भरी ठंड और कोहरे के कारण लोग यात्रा करने से बच रहे हैं। रैन बसेरों के केयर टेकर भी खुद को ठंड से बचाने के लिए अलाव तापते नजर आ रहे हैं।

**पूरी तरह प्रभावित हुआ जनजीवन**

लगातार बढ़ रही ठंड और घने कोहरे ने जिले की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है। जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है और लोग मौसम के खुलने का इंतजार कर रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल ठंड से राहत मिलने के आसार कम हैं, जिससे लोगों की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं।

## अलाव- कांग्रेस पार्टी की मंशा पर सभासदों ने किया पानी फेरने का काम

**● सभासदों ने ज्ञापन देकर अलावों की स्थिति बताई ठीक**

**एक दिन पहले कांग्रेस के नेताओं ने अनशन करने की दी थी चेतावनी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** गलन भरी सर्दी में नगर के अंदर नगर पालिका द्वारा जलवाए जा रहे अलावों की संख्या पर अब आमने-सामने राजनीति और बयानबाजी शुरू होने लगी है। एक दिन पहले ही गुरुवार को कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष रामकिशोर पुरोहित एवं नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी ने कार्यकर्ताओं संग मिलकर एसडीएम ज्योति सिंह को ज्ञापन सौंपा था, जिसमें ईओ पर आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा था कि नगर में अलाव की संख्या बेहद कम है और डीएम के आदेश के बाद भी अलाव की संख्या ईओ द्वारा नहीं बढ़ाई जा रही है जो जनहित के खिलाफ है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी थी कि यदि अलाव की संख्या नहीं बढ़ाई गई तो 12 जनवरी से अनशन किया जाएगा। उधर, शुक्रवार को एक दर्जन से अधिक सभासद अलाव मामले में मैदान में आ गए।

सभासदों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर कहा कि डीएम ने अपने निरीक्षण के दौरान अलावों की संख्या को चाक चौबंद बताया था और हम सभी सभासदों को भी अलाव की संख्या पर कोई एतराज नहीं है, जरूरत के मुताबिक अलाव वर्तमान समय में जल रहे हैं। ज्ञापन सौंपने वाले सभासदों में माधवेंद्र यादव माधव, नंदनी बादाम कुशवाहा, रविकांत कुशवाहा, सीमा अहिरवार, सुनीता नरेश कुशवाहा, रघुवीर कुशवाहा, खुशबू जाटव, कमरजहां, शाहीन परवीन, आज़ादुद्दीन, मनोज मोर, महेंद्र कुशवाहा, नजराना, शादाब अंसारी शामिल रहे। अब देखना दिलचस्प होगा कि अनशन करने की घोषणा करने वाले कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं का अगला रुख क्या रहता है। फिलहाल जनहित से जुड़ा अलाव का यह मामला शुद्ध रूप से राजनीति की भेंट चढ़ता जा रहा है।

## बहला फुसलाकर किशोरी को भगाया, केस

**सिद्धार्थनगर** जिले के गोल्हौरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक किशोरी को अज्ञात द्वारा भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया आया है। किशोरी के अपहरण की आशंका जताते हुए परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अपहृत किशोरी की मां ने थाने में तहरीर देकर कहा है कि उनकी पुत्री उम्र लगभग 17 वर्ष बीते 7 जनवरी की शाम लगभग 3 बजे बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गई। काफी खोजबीन किए जाने के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं लग सका। रिश्तेदारों व परिचितों के यहां भी पता लगाया गया, लेकिन वह कहीं नहीं मिली। उनकी पुत्री के पास खुद का मोबाइल फोन नहीं था, वह कभी-कभी घर के मोबाइल से चोरी-छिपे किसी से बात किया करती थी। जिससे आशंका है कि किसी अज्ञात व्यक्ति मेरी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष रामदेव ने बताया कि किशोरी की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है। संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है तथा हर पहलू से मामले की जांच की जा रही है।

## एनसीसी CATC में सिलचर गवर्नमेंट बॉयज़ हायर सेकेंडरी स्कूल के कैडेट्स का उत्कृष्ट प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**श्रीभूमि-** असम के सिलचर गवर्नमेंट बॉयज़ हायर सेकेंडरी स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने हाल ही में सिलचर में आयोजित कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप (CATC) में सराहनीय प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। दिसंबर माह में आयोजित पहले CATC कैंप में कैडेट नदीम अब्बास ने ड्रिल (DST) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी अनुशासनशीलता, लगन और सटीक ड्रिल ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इसी कैंप में कैडेट देबाशीष दास ने ड्रिल (DST) में द्वितीय स्थान हासिल कर विद्यालय को गर्व महसूस कराया। इसके बाद जनवरी में आयोजित दूसरे CATC कैंप में सीनियर कैडेट मोस्तफा आलम लस्कर ने ड्रिल (DST) में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय की सफलता की परंपरा को और आगे बढ़ाया। इसके अतिरिक्त सुमित दास, राज दास, सृजन सिन्हा और सहारुल आलम ने टग ऑफ वॉर प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन दोनों प्रशिक्षण शिविरों में विद्यालय के कुल 27 कैडेट्स ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण शिविर में कछार ज़िले के 12 स्कूलों और कॉलेजों के एनसीसी कैडेट्स ने सहभागिता की। CATC शाहिदुल चौधरी ने सभी कैडेट्स की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने बताया कि 3 असम बटालियन एनसीसी की A, B और ष्ट सर्टिफिकेट परीक्षा 18 जनवरी से प्रारंभ होगी तथा सभी कैडेट्स को परीक्षा के लिए शुभकामनाएँ दीं।

## शॉर्ट सर्किट से कच्चे घर में लगी आग, वृद्ध की जलकर मौत

**● सभी परिजन गए थे मजदूरी पर, अकेला घर में था वृद्ध**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता







**कोंच(जालौन)-** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परैथा में छप्पर/टीनशेड युक्त एक घर में बिजली शॉर्ट सर्किट से आग लग गई जिससे घर के अंदर मौजूद वृद्ध की जलकर मौत हो गई, साथ ही गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्राप्त जानकारी के अनुसार परैथा निवासी श्रीराम बरार (68) पुत्र स्व. नथू का छप्पर युक्त घर गांव में नरिया किनारे महावीर मंदिर के समीप स्थित है और वह बेहद गरीब है। शुक्रवार की सुबह उसके दोनों बेटे खेत में पानी लगाने के लिए मजदूरी पर गए हुए थे जबकि बहुएं और उनके बच्चे अन्यत्र गांव मटर की फली तोड़ने गई हुई थीं। घर पर श्रीराम अकेला मौजूद था। इसी दरम्यान करीब पौने 11 बजे अचानक बिजली शॉर्ट सर्किट से घर में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। शारीरिक रूप से कमजोर श्रीराम आग की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया जिससे उसकी मौत हो गई जबकि गृहस्थी का सामान भी जलकर खाक हो गया। आग की लपटें उठती देख मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई और आग बुझाने में लोग जुट गए। सूचना मिलते ही कुछ देर के बाद फायर ब्रिगेड गाड़ी भी मौके पर पहुंच गई थी। सीओ परमेश्वर प्रसाद, कोतवाल अजीत सिंह ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के दो बेटे कल्लू और अरविंद हैं जबकि तीसरे बेटे राजेंद्र सहित पत्नी फूलवती की कुछ साल पहले कैंसर की बीमारी से मौत हो गई थी। एक बेटी है जिसकी शादी हो चुकी है। मृतक और उसके दोनों बेटों के नाम करीब एक बीघा जमीन है। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## सड़क के लिए अनशन पर बैठे ग्रामीणों को मिला सपा का साथ, जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल शामिल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हमीरपुर-** मौदहा क्षेत्र के परसदवा डेरा की लगभग सात सौ मीटर सडक निर्माण की मांग को लेकर बीते पांच जनवरी से, ऐसी हाड़ कंपा देने वाली ठंड में , खुले आसमान के नीचे महिलाओं और बच्चों को लेकर ग्रामीण बैठे हैं लेकिन जिम्मेदारों के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है।वहीं अनशन पर बैठे ग्रामीणों को शुक्रवार को सपा का सहयोग मिल गया जिसके चलते जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सपा नेताओं का एक प्रतिनिधि मण्डल अनशन में शामिल हुआ।

बताते चलें कि बीते पांच जनवरी को सिसोलर थाना क्षेत्र के ग्राम परसदवा डेरा गऊघाट छानी के ग्रामीण लगभग सात सौ मीटर सडक निर्माण की मांग को लेकर लगातार पत्राचार करते रहे हैं।हालांकि सडक नहीं बनने के कारण एक बार ग्रामीण अनशन पर भी बैठ चुके हैं लेकिन उस दौरान तत्कालीन उपजिलाधिकारी मौदहा ने जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को फोन पर अवगत करा अनशन स्थल पर जाकर अनशन कारियों से बातचीत कर सडक निर्माण का आश्वासन देकर अनशन समाप्त करा दिया था लेकिन अनशन समाप्त होते ही अधिकारियों का वादा चुनावी वादे की तरह ठण्डे बस्ते में चला गया। जिसके बाद सडक निर्माण की मांग को लेकर इस भीषण सर्दी में ग्रामीण अनशन पर बैठ गए हैं उसी को लेकर शुक्रवार को सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान, सपा अनूसूचित मोर्चा के ओमप्रकाश सोनकर वारसी के नेतृत्व में सपा नेताओं के एक प्रतिनिधि मण्डल ने अनशन कारियों के साथ अनशन में हिस्सा लिया।

## प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद ने प्रेसवार्ता कर गिनाई "वीबी जी राम जी" योजना की खूबियां

**● निरीक्षण दौरान अस्पताल में गंदगी देख प्रभारी मंत्री ने जताई नाराजगी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**हमीरपुर-** शुक्रवार सुबह भाजपा कार्यालय पहुंचे प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद ने प्रेस वार्ता कर "वीबी जी राम जी" योजना पर विस्तार से चर्चा की इस दौरान प्रभारी मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जी राम जी जिले में प्रभावी रूप से लागू कर दिया गया है। जिसका उद्देश्य वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार एवं आजीविका के अवसरों को सशक्त बनाना है। अब ग्रामीण परिवारों को प्रति वर्ष 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों का गारंटी रोजगार मिलेगा, जिससे उन्हें अतिरिक्त 25 दिनों का सीधा लाभ प्राप्त होगा। जिससे योजना में काम करने वाले लोगों को अतिरिक्त आर्थिक लाभ मिलेगा।

पत्रकारों से प्रेसवार्ता के बाद , दोपहर बाद प्रभारी मंत्री ने बांकी मार्ग में संचालित पुराने अस्पताल का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद वह पशु बाजार के समीप दलित बस्ती पहुंचे और लोगों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना।

उसके बाद प्रभारी मंत्री ने बांकी मार्ग में संचालित पुराने अस्पताल के जच्चा बच्चा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। गंदगी देखकर उन्होंने जमकर फटकार लगाई। साथ ही अभिलेख नहीं दिखाने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए लिपिक का स्पष्टीकरण मांगा है। इसके बाद उन्होंने पशु बाजार के समीप सभासद देवेंद्र वर्मा के घर पहुंचे और दलित बस्ती का भ्रमण कर लोगों का हाल-चाल जाना। निरीक्षण के दौरान एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर,जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद, ब्लॉक प्रमुख लालाराम निषाद व आशीष पालीवाल, नगर पालिकाध्यक्ष कुलदीप निषाद,ओमेश सिंह,गौरव पांडेय आदि मौजूद रहे। अस्पताल में निरीक्षण के दौरान मौहर के ग्रामीण ने बताया कि गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कोई डॉक्टर नहीं रहता है।अस्पताल को फार्मासिस्ट मनमानी तरीके से चला रहे हैं।

## चार घरों को निशाना बनाकर चोर लाखों की नकदी-जेवरात लेकर फरार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कालपी(जालौन)-** आटा थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात चोरों ने ताबड़तोड़ वारदातों को अंजाम देते हुए ग्राम तगारेपुर और अकोढ़ी में चार घरों को निशाना बनाया। चोर नकदी और सोने-चांदी के जेवरात समेट कर फरार हो गए। वारदात के बाद भागते हुए आरोपी सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गए हैं। तगारेपुर निवासी अनीस खान ने बताया कि चोर शौचालय की छत के रास्ते उसके घर में घुसे। उस समय पूरा परिवार घर के अंदर सो रहा था और चोरों ने बाहर से मुख्य दरवाजे पर कुंडी लगा दी। इसके बाद चोर दो बक्शे उठाकर छत पर ले गए और उनमें रखे 24 हजार रुपये नकद, दो जोड़ी चांदी की पायल, सोने की मनचली, मंगलसूत्र, झुमकी, टॉप्स तथा दस चांदी के सिक्के चोरी कर लिए। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब तीन लाख रुपये आंकी गई है। जाते समय चोर छत पर लोहे का औजार भी छोड़ गए। इसी गांव में कुछ दूरी पर स्थित गिरजा देवी के कच्चे मकान को भी चोरों ने निशाना बनाया। गिरजा ने बताया कि वह रात में अपने बेटे के घर सोने गई थी। सुबह लौटने पर घर का ताला टूटा मिला और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोर बक्शे में रखे 17 हजार रुपये नकद और कुछ सोने के आभूषण चोरी कर ले गए। वहीं तगारेपुर से सटे अकोढ़ी गांव में भी चोरों ने दो घरों में सेंधमारी की। अकोढ़ी निवासी कालका प्रसाद के घर चोरों ने प्लास से ताला तोड़कर 5 हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। परिजनों को रातभर चोरी की भनक तक नहीं लगी। पास के एक अन्य घर में भी इसी तरह की घटना घटित हुई है, जहां चोर प्लास छोड़कर फरार हो गए।